दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 353 | जयपुर | रविवार, 27 अक्टूबर, 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष एकादशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## फ्लाइट्स में बम की धमकी पर केंद्र की एडवाइजरी : कहा- झूठी जानकारी रोकने की जिम्मेदारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की; अब 33 को धमकी मिली

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** इंडियन एयरलाइंस की 33 फ्लाइट्स में शनिवार को फिर बम होने की धमकी मिली। इस तरह 13 दिनों में 300 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि ये सभी जांच में झूठी निकली हैं।

उधर, केंद्र सरकार ने इन धमकियों पर सख्त रवैया अपनाया है। आईटी मिनिस्ट्री ने शाम को एडवाइजरी जारी कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कहा कि अगर वे ऐसी झूठी सूचनाओं को फौरन नहीं हटाते हैं तो उन्हें आईटी एक्ट के तहत मिलने वाली इम्युनिटी रद्द कर दी जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी सूचनाओं को तुरंत हटाकर इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी देनी होगी। पिछले दिनों प्लेन को मिली धमकियों की वजह से एयरलाइंस सर्विस बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। एविएशन मिनिस्ट्री को 600 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

### बम की धमकी मामले में अबतक दो पकड़े

फ्लाइट में बम की झूठी धमकी देने वाले 25 साल के युवक को दिल्ली पुलिस ने शनिवार को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक 25 साल के शुभम उपाध्याय ने 25 अक्टूबर को IGI एयरपोर्ट पर फ्लाइट में बम की झूठी धमकी वाली दो पोस्ट की थीं। पूछताछ में उसने बताया कि फेमस होने के लिए उसने ऐसा किया है। इससे पहले मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से 17 साल के नाबालिग को हिरासत में लिया था। उसका एक दोस्त से पैसों के लिए विवाद चल रहा था। उसने दोस्त के नाम से X अकाउंट बनाया और 14 अक्टूबर को 4 फ्लाइट में बम होने की झूठी पोस्ट की थी।

### 13 दिन में 300 पार हुआ फ्लाइट्स को फर्जी धमकी का आंकड़ा

शनिवार को 33 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी



मिली। इसमें इंडिगो, एअर इंडिया और विस्तारा की 11-11 फ्लाइट्स हैं। इसके साथ ही देश में बीते 13 दिन में 300 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। ये सभी धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गईं।

## जयपुर से मुंबई-दिल्ली के लिए रोजाना उड़ेंगी 16 फ्लाइट

### रोजाना 70 फ्लाइट्स भरेंगी उड़ान; कोलकाता-इंदौर के लिए नई सेवा होगी शुरू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर अब रोजाना 70 फ्लाइट का संचालन किया जाएगा। 27 अक्टूबर से जयपुर एयरपोर्ट पर विंटर शेड्यूल लागू हो जाएगा। इसके तहत मुंबई के लिए 10 और दिल्ली, बेंगलुरु और कोलकाता के यात्रियों को रोजाना 6-6 फ्लाइट्स मिलेंगी। विंटर शेड्यूल में जोधपुर से 9 शहरों के लिए 14 फ्लाइट संचालित की जाएगी। किशनगढ़ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए नई फ्लाइट शुरू होगी। विंटर शेड्यूल के बाद जयपुर एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की नई फ्लाइट शुरू होगी। जो जयपुर से रात 8:50 बजे कोलकाता जाएगी। इंदौर के लिए इंडिगो एयरलाइन की नई फ्लाइट शुरू होगी। जो सुबह 6:15 बजे जाएगी। विंटर शेड्यूल में नई फ्लाइट के संचालन के अलावा कुछ पुरानी फ्लाइट को बंद भी किया जाएगा। इनमें दिल्ली, बेंगलुरु की फ्लाइट शामिल है। फ्लाइट बंद और शुरू होने के अलावा कुछ फ्लाइट के टाइम में भी बदलाव होगा। इनमें पुणे, गुवाहाटी फ्लाइट शामिल है।

अहमदाबाद और हैदराबाद के लिए रोजाना मिलेगी 5 - 5 फ्लाइट : 27 अक्टूबर से अहमदाबाद और हैदराबाद के लिए रोजाना 5 - 5 फ्लाइट संचालित होगी। पुणे, चंडीगढ़, इंदौर के लिए रोजाना 3 - 3 फ्लाइट संचालित होगी। चेन्नई, लखनऊ, उदयपुर, देहरादून के लिए रोजाना 2 - 2 फ्लाइट संचालित होगी। गोवा, सूरत, गुवाहाटी, जोधपुर, बीकानेर, भोपाल, बेलगाम, कुल्लू के लिए 1 - 1 फ्लाइट संचालित की जाएगी।

## अबूधाबी से प्राइवेट पार्ट में 90-लाख का सोना छुपाकर लाया

### जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पकड़ाया ब्यावर का युवक, ऑपरेशन कर रेक्टम से निकाला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** गोल्ड की कीमतों में उछाल के बाद अरब देशों से एक बार फिर गोल्ड तस्करी तेज हो गई है। जयपुर एयरपोर्ट पर अबूधाबी से पहुंचे पैसेंजर के रेक्टम से करीब एक किलो वजन के गोल्ड के 3 टुकड़े निकाले गए। इनकी कीमत 90 लाख रुपए से ज्यादा। डॉक्टर्स ने दो दिन में अलग-अलग ऑपरेशन कर गोल्ड को रिकवर किया। जयपुर एयरपोर्ट के कस्टम अधिकारियों को गोल्ड स्मगलिंग की जानकारी मिली थी। आठ बजे अबूधाबी से आई फ्लाइट के पैसेंजर की जांच में उन्हें ब्यावर के रहने वाले महेंद्र खान पर शक हुआ। एक्स-रे स्कैन में उसकी बॉडी में गोल्ड के कैप्सूल होने की जानकारी मिली। इसके बाद आरोपी युवक को जयपुरिया हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। गोल्ड रिकवरी के ऑपरेशन के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### आरोपी के हावभाव से हुआ अधिकारियों को शक

कस्टम अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह 8 बजे अबू धाबी से जयपुर पहुंची एतिहाद एयरवेज की उड़ान संख्या EY 366 के पैसेंजर की जांच की जा रही थी। उन्हें एक संदिग्ध की भी तलाश थी। इस बीच पैसेंजर ब्यवार के सरगांव महेंद्र खान की एक्टिविटी को लेकर शक हुआ।

### मुख्यमंत्री शर्मा ने जयपुर में इंटरनेशनल फ्लाइट के लिए नया टर्मिनल-1 का उद्घाटन किया

# राज्य सरकार प्रदेश में विमानन क्षेत्र को कर रही सुदृढ़ : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जयपुर एयरपोर्ट का टर्मिनल-1 का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस टर्मिनल को आधुनिक रूप देकर लगभग 11 वर्षों के बाद यात्रियों के लिए पुनः शुरू किया गया है। इस दौरान जीत अडानी भी मौके पर मौजूद रहे। टर्मिनल-1 के उद्घाटन के मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार गांव की शोभा केत (जो गांव से बाहर होता है) बता देता हैं वैसे ही जयपुर शहर की शोभा यह टर्मिनल-1 बता देगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की विकास यात्रा में जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल-1 का लोकार्पण हमारे प्रदेश के विकास और उन्नति का प्रतीक है। शर्मा ने कहा कि राजस्थान का यह पहला अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल आधुनिक सुविधाओं के साथ यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाएगा और राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय निवेश को आकर्षित करने में अहम भूमिका निभाएगा।

**हेरिटेज लुक वाला टर्मिनल-1 जयपुर आने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को प्रदेश की सुंदर संस्कृति और परंपरा की झलक दिखाएगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर हवाई अड्डे की मौजूदा यात्री क्षमता लगभग 65 लाख है जो आने वाले समय में बढ़कर 3 करोड़ 80 लाख हो जाएगी। इससे प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हेरिटेज लुक वाला टर्मिनल-1 जयपुर आने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को प्रदेश की सुंदर संस्कृति और परंपरा की झलक दिखाएगा। शर्मा ने कहा कि 9 से 11 दिसम्बर को होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में पूरी दुनिया से मेहमान जयपुर आएंगे तो इस सुंदर टर्मिनल का अनुभव लेंगे। शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट की अंतरराष्ट्रीय मीट के दौरान उन्होंने संबंधित देशों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे अपने एअरलाइंस की जयपुर से डायरेक्ट फ्लाइट की व्यवस्था करें।



### प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने सिविल एविएशन में बनाए नए कीर्तिमान

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत ने सिविल एविएशन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार के प्रयासों से आज भारत तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है और दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। उन्होंने कहा कि देश के मध्यम वर्ग के लिए अब हवाई जहाज का सफर आम बात हो गया है। प्रधानमंत्री ने 2016 में उड़ान यानी उड़े देश का आम नागरिक योजना शुरू की थी, जिसका लाभ अब तक करीब डेढ़ करोड़ घरेलू यात्री ले चुके हैं।

### हवाई कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा

हवाई कनेक्टिविटी में सुधार और अयोध्या, बीकानेर, अबू धाबी, कुआलालंपुर में नए मार्गों के खुलने से यात्री यातायात में प्रभावशाली वृद्धि हुई है। 27 अक्टूबर से सभी अंतरराष्ट्रीय यात्री सांगानेर पुलिस स्टेशन के पास टोंक रोड पर स्थित टर्मिनल 1 से अपनी उड़ानें भर सकेंगे। एयरपोर्ट अधिकारियों ने इसे लेकर सभी तैयारियां जोरों पर हैं और जल्द ही ञ्च1 पर डमी चेकरन भी शुरू किया जाएगा।

### पहली फ्लाइट अबूधाबी से एतिहाद के लिए भरेगी उड़ान

27 अक्टूबर को जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर उतरने वाली पहली फ्लाइट अबू धाबी से एतिहाद एयरवे की होगी। उड़ान सुबह 2:10 बजे उतरेगी और सभी यात्रियों का टर्मिनल 1 पर भव्य स्वागत किया जाएगा। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, जयपुर हवाई एयरपोर्ट का उद्देश्य सभी यात्रियों के लिए एक सहज और सुविधाजनक अनुभव सुनिश्चित करता है।

## धनतेरस से पहले ऑल टाइम हाई पर पहुंचा सोना

### 10 ग्राम की कीमत पहुंची 80,900



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दीपोत्सव का पर्व नजदीक आने के साथ ही सोने और चांदी की कीमत हर दिन अपने ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। शनिवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 600 रुपए की तेजी आई है। इसके बाद 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 80 हजार 900 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। वहीं चांदी प्रति किलो की कीमत में शुक्रवार को आई मामूली गिरावट के बाद फिर से तेजी देखने को मिली। इसके बाद एक किलो चांदी की कीमत बढ़कर एक लाख रुपए पर आ गई है। सर्राफा व्यापारी सुशील जैन ने बताया- दुनियाभर में जारी अस्थिरता की वजह से कीमती धातुओं की कीमत लगातार बढ़ रही है। वहीं भारतीय बाजार में त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। इसकी वजह से सोने और चांदी की कीमत हर दिन अपने ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। ऐसे में दीपावली तक स्टैंडर्ड सोने की कीमत 82 हजार के आंकड़े तक पहुंच सकती है। जबकि चांदी प्रति किलो की कीमत एक लाख 5000 के रिकॉर्ड स्तर को छू सकती है।

## आपकी औकात और हिम्मत है तो जेल में डालो : डोटासरा

### आपको कौन मना कर रहा है, पेपर चोरी का आरोप लगाने वालों को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष की चुनौती

बढ़ता राजस्थान

**चूरू।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि भाजपा आरोप लगाती है कि डोटासरा ने पेपर चोरी कर लिया है। मैं उनको कहता हूं अगर आपकी औकात और हिम्मत है तो जेल में डालो। आपकी डबल इंजन की सरकार है। जिसने बेइमानी की, जिसने बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ किया, उनको जेल में डालिए, आपको कौन मना कर रहा है। उन्होंने कहा- मगर इनको कुछ करना नहीं है। केवल नए-नए भाषण देते हैं। इनका काम है, लोगों को भ्रमित करो और शाम को हेलिकॉप्टर में घर आ जाओ। डोटासरा शनिवार को चूरू के पहले विधायक और किसान नेता कुंभाराम आर्य की प्रतिमा के अनावरण समारोह में बोल रहे थे।



डोटासरा ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा- किरोड़ीलाल मीणा राज्य के कृषि मंत्री बने, लेकिन उन्होंने अपने भाई के टिकट के लिए तीन महीने तक संघर्ष किया। कृषि मंत्री कहते हैं कि भवानी रूठ गई और टिकट मिलते ही भवानी जाग गई। यह क्या तमाशा लगा रखा है।




## पंजाब के 4 हाईवे अनिश्चितकाल के लिए बंद

### किसान बोले- लिफ्टिंग शुरू होने तक नहीं खुलेंगे रास्ते; इमरजेंसी सेवाएं रहेंगी जारी

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब में धान की लिफ्टिंग ना होने से खफा किसानों ने शनिवार को राज्य के 4 हाईवे बंद कर दिए हैं। किसान 1 बजे सड़कों पर बैठ गए। ये प्रदर्शन तब तक जारी रहेगी, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती। उनका कहना है कि केंद्र और राज्य सरकारें दोनों ही उनकी मांगों की तरफ ध्यान नहीं दे रहीं। किसान मजदूर मोर्चा और किसान संयुक्त मोर्चा नॉन (पॉलिटिकल) जॉइंट फोरम के नेता सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि आज 1 बजे के बाद से पंजाब के 4 हाईवे जाम किए गए हैं। 1 बजे के बाद आवाजाही को बंद कर दिया गया।

पंधेर ने कहा कि फूड सप्लाई मंत्री के साथ शैलरों की बैठक हुई थी। शैलरों की मांग थी कि धान में से कम चावल निकलता है और उन्हें 2-3 किलो की अधिक छूट दी जाए। केंद्र ने जल्द टीमें भेजने की बात कही थी, लेकिन आज तक टीमें नहीं पहुंची हैं और शैलर भी धान नहीं उठा रहे। पंजाब सरकार कोशिश करे कि धान की लिफ्टिंग जल्द हो। 26 दिन से किसान मंडियों में बैठा है और मुश्किल से अपना गुजारा कर रहा है।

### तीन काले कानून लागू करने की कोशिश में भाजपा

पंधेर ने आरोप लगाया कि तीन काले कानून जो भाजपा लेकर आई थी, अब उसे लागू करने की कोशिश की जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह जो खुद भाजपा में हैं, अगर उनकी प्रधानमंत्री से जान पहचान है तो वे केंद्र से बात करे।



पंजाब के मुख्यमंत्री आज दिल्ली जा रहे हैं। केजरीवाल खुद किसानों की समस्या को हल करवाएं, अन्यथा पूरा पंजाब बंद होगा।

### किसानों ने लोगों से मांगी मदद

पंधेर ने कहा कि किसान पंजाब की अर्थ-व्यवस्था से जुड़ा है। अगर किसान खत्म हो गया तो पंजाब खत्म हो जाएगा। आज सड़कें रुकेंगी, मुश्किलें आएंगी, लेकिन समस्याओं का हल होगा। अन्यथा बड़े-बड़े मॉल आएंगे और राज्य के लघु-उद्योग बंद होंगे, व्यापार खत्म होगा। इस बंद के बीच एमरजेंसी सेवाएं व एयरपोर्ट के यात्रियों को रोका नहीं जाएगा।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# दूदू और बगरू में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा की गई नमूनीकरण और नष्टीकरण की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर द्वितीय।** डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी (जयपुर जिला कलेक्टर ) के द्वारा गठित विशेष खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा डॉ. हंसराज भदालिया (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय) के निर्देशन में शनिवार को दूदू और बगरू में विभिन्न खाद्य निर्माता फर्म्स पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और नमूनीकरण की कार्यवाही की गई। दूदू में साहू मिष्ठान भंडार से बेसन लड्डू,मावा बर्फी ,चौधरी मिष्ठान भंडार से काजू कतली ,जोधपुर मिष्ठान भंडार से कलाकंद ,अग्रवाल मिष्ठान भंडार से कोकोनट रोल बीकानेरी रसगुल्ला भंडार से रसगुल्ला ,अन्नपूर्णा जोधपुर मिष्ठान से बेसन लड्डू के खाद्य नमूने जांच हेतु लिये गये । बगरू में जोधपुर मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, पनीर, श्री बालाजी जोधपुर मिष्ठान भंडार से मिश्रीमावा, बीकानेर रसगुल्ला एण्ड नमकीन भंडार से पेठा और नमकीन का खाद्य नमूना ,शिव शक्ति स्वीट होम से मावे का खाद्य नमूना लिया गया। उक्त सभी नमूनों को जांच हेतु खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार आगे की दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मिष्ठान कारोबारियो को मिठाईयो को ढककर रखने और साफ सफाई रखने और मिठाईयों में कृत्रिम रंगो के उपयोग नहीं करने की सख्त हिदायत दी गयी , जरुरी होने पर एफ एस एस आई द्वारा मान्यता प्राप्त फूड कलर निर्धारित मात्रा में ही उपयोग करने की सलाह दी गयी। अनवरत चलने वाले इस अभियान के तहत मिलावटखरी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने एवं आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु दीपावली पर्व पर, विशेष तौर पर, रोज इस तरीके की कार्यवाही जारी रहेगी द्य इस समस्त कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव, अवधेश गुप्ता शामिल रहे ।

# चंदा मांगने के बहाने युवती को सम्मोहित कर लूटे गहने

## घर में घुसे 2 बदमाश, युवती ने तिजोरी से निकालकर दी ज्वेलरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** महेश नगर थाना इलाके में चंदा मांगने के बहाने आए एक दो बदमाश ने युवती को सम्मोहित कर घर से जेवरात ले गया। सम्मोहन ऐसा कि पीडिता ने दोनों बदमाशों को घर में रखे गहने तिजोरी से निकालकर दे दिए। इसके बाद बदमाशों ने युवती को एक कुर्सी पर बैठाया और फ्लैट के दरवाजे को बाहर से बंद कर फरार हो गए। 30 मिनट बाद युवती होश में आई तो पिता को घटना के बारे में बताया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार स्वेज फार्म स्थित समृद्धि अपार्टमेंट में श्रीवत्सन परिवार के साथ रहते हैं। 24 अक्टूबर (गुरुवार) दोपहर 12 बजे एक युवक ने उनके फ्लैट की घंटी बजाई। उसका दूसरा साथी ऊपर के फ्लोर पर चला गया। घर पर अकेली बेटी ने गेट खोला। इस पर बाहर खड़े बदमाश ने कहा कि वह चंदा मांगने के लिए आए हुए हैं। इस पर उसकी बेटी ने उनको 50 रुपए दे दिए। बदमाशों ने युवती से कहा कि तुम्हारे पिता और दादा की तबीयत खराब रहती है तो उसने कहा- हां, दोनों की तबीयत खराब रहती है। इसके बाद बदमाश ने पीने के लिए लिए पानी मांगा तो युवती पानी का ग्लास लेकर बाहर आई और बदमाश को पानी पिलाया। युवक पानी का ग्लास रखने के बहाने घर के अंदर घुस गया। इस दौरान दूसरा बदमाश बाहर नजर रखने लगा। पीडित ने बताया कि घर के अंदर घुसे बदमाश ने मेरी बेटी से कहा कि तुम्हारे पास एक सोने की चेन है। बेटी ने कहा- चेन है, लेकिन तिजोरी में रखी है। इस पर बदमाश ने उसे चेन लाने के लिए कहा। मेरी बेटी उसके कहे अनुसार चेन लेकर उसके पास गई। इसके बाद बदमाश ने युवती से अंगूठी मांगी ओर उसे लेने के बाद बदमाश ने मेरी बेटी को एक कुर्सी पर बैठाया और फ्लैट के दरवाजे को बाहर से बंद कर फरार हो गए। करीब 30 मिनट बाद मेरी बेटी को होश आया। उसने बालकनी में जाकर दोनों बदमाशों को देखा, लेकिन वह दिखाई नहीं दिए। इस पर उसने पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। बेटी की सूचना पर घर पहुंचा और बेटी से जानकारी लेकर पुलिस को सूचना दी। महेश नगर थाने के सीआई और एसीपी सोडाला मौके पर पहुंचे और फ्लैट का मुआयना किया। जांच अधिकारी एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि हिपनोटाइज कर दो बदमाशों ने लूट की वारदात की है। वारदात के दौरान युवती घर पर अकेली थी। युवती से पहले पैसा मांगे गए। फिर पिता और दादा की तबीयत की बात की। उसके बाद पीने के लिए पानी मांगा। इसके बाद का युवती को भी ज्यादा याद नहीं है कि क्या हुआ। सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। इन के आधार पर इलाके में अन्य सीसीटीवी फुटेज चैक कराए जा रहे हैं। कुछ संदिग्धों को डिटेन किया हुआ है।

## एसओजी की जांच के बाद एक्शन में आया आयोग

# पीटीआई भर्ती में कर्मचारी चयन आयोग ने 52 अभ्यर्थियों को संदिग्ध मानकर दिया नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पीटीआई भर्ती परीक्षा में धांधली को लेकर एसओजी की कार्रवाई के बाद अब कर्मचारी चयन आयोग एक्शन मोड़ पर है। कर्मचारी चयन आयोग ने पीटीआई भर्ती परीक्षा - 2022 के 52 अभ्यर्थियों को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा है। बोर्ड ने सभी सभी 52 अभ्यर्थियों को अपने दस्तावेजों की फिर से जांच करवाने के निर्देश जारी किए है। ऐसा नहीं करने पर आयोग उन अभ्यथियों पर कार्रवाई करेगा। आयोग ने इसके लिए अभ्यर्थियों को 15 दिन का समय दिया है। गौरतलब है कि भर्ती परीक्षाओं में फर्जी डिग्री और सर्टिफिकेट मामले को लेकर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने राजगढ़ चूरू की ओपीजेएस यूनिवर्सिटी को संदिग्ध माना था। इसके बाद कर्मचारी चयन आयोग ने ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट की जांच की। इसमें काफी अनियमिताएं सामने आई हैं। इसके बाद कर्मचारी चयन आयोग ने ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के बीपीएड कोर्स में बिना काउंसलिंग एंट्रेंस हासिल करने वाले 19 और पीटीआई भर्ती के अभ्यर्थियों की डिग्री और डिप्लोमा के संबंध में ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के 33 अभ्यर्थियों से मूल दस्तावेज मांगे हैं।

इनमें उनके एडमिशन, मार्कशीट, एनरोलमेंट नंबर के साथ ही यूनिवर्सिटी से जुड़े दस्तावेज शामिल है। कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं में धांधली को लेकर कर्मचारी चयन बोर्ड पारदर्शी तरीके से काम कर रहा है। ऐसे में पीटीआई भर्ती परीक्षा - 2022 के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान हमें काफी अभ्यर्थियों के दस्तावेजों में गड़बड़ी मिली है। जिन्हें फिर से अपने डॉक्यूमेंट वेरीफाई करने के लिए 15 दिन का वक्त दिया गया है। अगर इस 15 दिन में भी इन अभ्यर्थियों ने अपने दस्तावेजों का वेरिफिकेशन नहीं करवाया। उनके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# परमार्थ समिति द्वारा किया गया वरिष्ठ जनों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान






**जयपुर ( का.स. )।** परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति के तत्वावधान में मोती नगर, कटेवा नगर स्थित परमार्थ भवन पर भव्य समारोह में लगभग 30 अति वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता ओ पी जैन,अध्यक्ष रोटरी क्लब, जयपुर प्राईड द्वारा की गई एवम् प्रमुख उद्योगपति, समाजसेवी, लेखक, प्रख्यात व्यंग्यकार तथा भामाशाह श्री ज्योति कुमार जी माहेश्वरी समारोह के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने सनातनी परम्परानुसार समाज में वरिष्ठ जनों के योगदान एवम् अनुभव को विस्तार पूर्वक साझा किया। मानसरोवर, जयपुर निवासी बैंक ऑफ़ राजस्थान के भूतपूर्व सहायक महाप्रबन्धक सी पी अग्रवाल समारोह के विशिष्ट अतिथि रहे। उन्होंने अन्नदान सर्वोपरि मानव सेवा बताया। समिति के मुख्य संरक्षक आर के अग्रवाल ने माता, पिता, गुरु, वरिष्ठ जन एवं अन्नदान के महत्व की विस्तार पूर्वक व्याख्या की। अध्यक्ष श्याम विजय ने समिति की गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक रामावतार माहेश्वरी रहे एवम् समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सभी उपस्थित मेहमानों का भावभीना स्वागत किया गया। समारोह में उपस्थित अन्य सम्माननीय अतिथियों द्वारा समिति की परमार्थिक गतिविधियों की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

समारोह के समापन के अवसर पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा द्वारा अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उपरोक्त समारोह में समिति के मोहनलाल जायसवाल, ज्ञान स्वरूप भटनागर, नवल किशोर पारीक, नरेन्द्र कुमार टांक, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बनवारी लाल विजय, चन्द्र प्रकाश गोयल, जे एन मीना, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, रामावतार वर्मा, गजेन्द्र कुमार टांक, राधेश्याम सोनी, सुरेश कुमार गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, अरुण आहूजा, सुधीन्द्र भदोरिया, भगवान सहाय मूर्तिकार, केशव गुप्ता, श्रीमती संतोष कंवर शेखावत, आशा विजय, गायत्री माहेश्वरी एवम् सावित्री अग्रवाल तथा समिति के व्यवस्थापक नितिन गहलोत उपस्थित रहे।

# आधुनिकता के रंग में रंगी दीपावली,चाइनीज लाइट्स और पटाखों के शोर में दीयों की रौनक हुई कम,कहीं खो न जाएं दीये की चमक


बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स )।** सभी त्योहारों का एक विशेष महत्व होता हैं, ऐसा ही एक त्योहार हैं, दीपावली जिसकी कहानी प्राचीन काल से जुड़ी हुई हैं। यही कारण हैं कि इस पर्व का सामाजिक और धार्मिक दोनों दृष्टि से अत्यधिक महत्व हैं। साल भर लोगों को दीपावली पर्व का इंतजार रहता हैं। ये अलग बात है कि आधुनिकता के इस दौर में त्योहार मनाने के तरीके बदल गए हैं. मिट्टी के दीयों की जगह चाइनीज लाइटों और पटाखों के शोर ने ले ली है।

दिवाली का त्योहार नजदीक आ गया है. बाजार रंग बिरंगी लाइटों से रोशन हैं. इस बीच कुम्हारों की मुस्कान कहीं खो सी गई है. पहले जब दिवाली आती थी तो कुम्हारों और उनके बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठते थे। क्यों कि दीयों की बिक्री अचानक से तेज हो जाती थी। लोग अपने घरों को रोशन करने के लिए मिट्टी के दीये जो जलाते थे। बाजारों में मिट्टी के पारंपरिक दीये खरीदने वालों की जैसे बहार सी आ जाती थी। हर कोई मां लक्ष्मी का स्वागत घी और तेल के दीपक जलाकर करता था। लेकिन अब जमाना मॉर्डन हो गया है। बाजारों में तरह-तरह की इलेक्ट्रिक और चाइनीज लाइटें सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। इनका कहना - मिट्टी के दीये बनाने वाले धन्ना लाल प्रजापति ने कहा कि वह ये काम पांच या छ पीढ़ियों से करते आ रहे हैं. पहले उनका काम बहुत ही बढ़िया तरीके से चलता था। लेकिन अब एक इसमें बड़ा बदलाव आया है दीयों की बिक्री में 50 प्रतिशत की गिरावट आई है। अब लोग इलेक्ट्रिक आइटम या चाइनीज आइटम खरीदने लगे हैं। जिससे उनके मिट्टी के दीयों की बिक्री में गिरावट आई है।

# सेंट एन्सलम स्कूल में दीपावली महोत्सव मनाया




बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** कस्बे की सांभर रोड स्थित सेंट एन्सलम सी. सै. स्कूल में शनिवार को दीपावली महोत्सव प्रधानाचार्य फादर शिजु की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानाचार्य फादर शिजु के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुतियां दी। इस दौरान बच्चों के द्वारा प्रस्तुत नाटक राम-सीता वनवास ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। रंगोली में विभिन्न रंगों और डिजाइनों का उपयोग कर सभी ने अपनी कला का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य फादर शिजु ने उपस्थित विद्यार्थियों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए ग्रीन दीपावली मनाने का संदेश दिया।

# ओटीएस कैम्पस में महिला अधिकारी के घर से लाखों के जेवरात चोरी पड़ौसी पर जाहिर किया शक पुलिस जुटी जांच में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गांधीनगर थाने इलाके में स्थित ओटीएस में एक महिला अधिकारी के सरकारी क्वार्टर से लाखों रुपए के जेवरात व नकदी चोरी हो गई। मामले की जांच पुलिस कर रही है। पीडिता ने पडौसी पर ही चोरी का शक जाहिर किया है।

पुलिस के अनुसार ओटीएस कैम्पस जेएलएन मार्ग निवासी डॉ अमृता कौर ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने कार्यालय गई थी पीछे से घर में चोरी हो गई। चोरी की जानकारी उसे घर लौटने पर लगी। उसके घर से सोने का हार, मंगलसूत्र, कान की मुरकी, कान की कनौती, माथे की रखडी, कानों के टॉप्स, सोने की चेन, सोने की चेन का पेंडल, 10 अंगूठियां, मूंगा की अंगूठी, सोने की पायल, चांदी के सिक्के, चांदी की पायल, सोने के बिछवा, 50 हजार, पर्स से 9 हजार, सामान के डिब्बों में से 50 हजार, सहित कई बैग व सामान चोरी हो गए। पीडिता को शक है कि उसके घर पर गुंजन गर्ग और उसकी मां ने चोरी की है। जांच अधिकारी एएसआई धर्म सिंह ने बताया कि पीडिता ने अपने पडौसी पर ही चोरी का शक जाहिर कर शिकायत दी है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पीडिता ओटीएस में अधिकारी है। उनके सरकारी क्वार्टर से ही चोरी हुई है। मौका मुआवना कर जांच की जा रही है। इस मामले में पीडिता के साथ आरोपियों से भी जानकारी ली जा रही है।

# त्योंहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा की गई नमूनीकरण और नष्टीकरण की कार्यवाही

## झालाना मे 100 किलोग्राम दूषित चाशनी नष्ट करवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर द्वितीय।** 25 अक्टूबर। श्रीमान डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी (जयपुर जिला कलेक्टर ) के द्वारा गठित विशेष खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा डॉ हंसराज भदालिया (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय) के निर्देशन में शुक्रवार को गोपालपुरा क्षेत्र में विभिन्न खाद्य निर्माता फर्म्स पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और नमूनीकरण की कार्यवाही की गई। गोपालपुरा बाईपास स्थित पाँवणा स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट से मावा, मिल्क केक और मावा बर्फी का तथा केक वर्ल्ड से कुकीज का नमून लिया गया। शर्मा मिष्ठान भंडार मालवीय नगर से मिल्क केक मिठाई, श्री बालाजी स्वीट्स से बेसन लड्डू, मावा तथा जोधपुर स्वीट्स से घी और कलाकंद, शर्मा मिष्ठान झालाना से मिल्क केक का नमूना लिया गया। पाँवणा पर रसोई में जगह जगह गन्दगी, पुरानी बासी मिठाई और तैयार मिठाइयाँ फर्श पर रखी मिली. केक वर्ल्ड में एक्सपायर खाद्य रंग, गंदगी भरे बर्तन फर्श फर्नीचर दीवारे, स्टोर में मरे चूहे की बदबू और एक नवम्बर 2024 की पैकिंग तिथि अंकित आइस क्यूबस पाए गए। शर्मा मिष्ठान, झालाना पर 100 किलोग्राम दूषित चाशनी नष्ट करवाई गई। उक्त सभी नमूनों को जांच हेतु खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं



विनियम 2011 के अनुसार आगे की दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अनवरत चलने वाले इस अभियान के तहत मिलावटख ?री करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने एवं आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु दीपावली पर्व पर, विशेष तौर पर, रोज इस तरीके की कार्यवाही जारी रहेगी द्य इस समस्त कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, रमेश चंद यादव, अवधेश गुप्ता, नंदकिशोर कुमावत और राजेश कुमार नागर शामिल रहे ।

# नन्हे मुन्नू बच्चों ने वार्षिक उत्सव में दिखाया अपना जोश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** आदर्श नगर स्थित एस.वी. पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें प्री-प्राइमरी से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की थीम 'जिंदगी के रंग' पर आधारित थी। जिसमें विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को दर्शाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ सेंट मीरा ब्रदरहुड सोसायटी के सचिव डॉ वाशदेव थवानी , सेंट मीरा ब्रदरहुड सोसायटी के फाइनेंस सचिव रमेश गुरसहानी , एस.वी .पब्लिक स्कूल के सचिव डॉ कमलेश कुमार खिलनानी तथा तीनों संस्थानों की प्राचार्यों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया । एस.वी. पब्लिक स्कूल के सचिव कमल कुमार खिलनानी ने अपने संबोधन में बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए सभी को दिवाली की शुभकामनाएं दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत भारतीय संस्कृति के अनुसार ईश वंदना ओम भूर्व भवः स्वाहा से हुई तत्पश्चात कक्षा एक से तीन के विद्यार्थियों ने बचपन पर आधारित गीतों की एक मेलोडी प्रस्तुत की । जिसके अंतर्गत ' चुन चुन करती आई चिड़िया' , 'लकड़ी की काठी' और ' हम होंगे कामयाब 'आदि गीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया । गणेश वंदना में नन्हे मुन्ने गणेश ने सबका मन अपनी ओर खींच लिया और पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया । इसके बाद मस्ती से भरपूर कार्टून सॉग मेडली का आयोजन किया गया, जिसमें छोटा भीम , निंजा और डोरेमोन जैसे लोकप्रिय कार्टून किरदारों ने बच्चों और बड़ों दोनों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। इट्स द टाइम टू डिस्को पर नन्हे मुन्नों की प्रस्तुति ने सभी को थिरकने को मजबूर कर दिया। तेरा यार हूं मैं, हम एक ही थाली के चट्टे बट्टे हैं, जैसे नगमों ने मित्रता , संगति और विश्वास के मूल्यों पर जोर दिया । विद्यालय प्रिंसिपल अल्पा मालविया ने धन्यवाद ज्ञापन में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए छात्रों, शिक्षकों और आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की।

# योग फेडरेशन ऑफ इंडिया की नई कार्यकारिणी का गठित

## जयपुर के डॉ. अभिनव जोशी बने महासचिव



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** योग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया है। जिसमें डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता को अध्यक्ष और जयपुर के डॉ. अभिनव जोशी को महासचिव नियुक्त किया गया है। यह संगठन 1974 से योग स्पोर्ट्स के क्षेत्र में सक्रिय है और देशभर में योग के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। डॉ. अभिनव जोशी पिछले 15 वर्षों से योग के प्रचार-प्रसार के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से योग को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। जयपुर योगा लीग के मुख्य आयोजक के रूप में उनकी भूमिका को देखते हुए उन्हें योग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने महासचिव पद पर निर्विरोध नियुक्त किया है।

योग फेडरेशन ऑफ इंडिया को एशियन योग फेडरेशन और वर्ल्ड योग स्पोर्ट्स फेडरेशन से मान्यता प्राप्त है, जिससे यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिष्ठित संगठन बन चुका है। फेडरेशन की नई कार्यकारिणी के गठन से योग के प्रचार-प्रसार और योग स्पोर्ट्स की गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। हाल ही में फेडरेशन ने हिमाचल प्रदेश में 49वीं राष्ट्रीय योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का सफल आयोजन भी किया। नई कार्यकारिणी से संघ की गतिविधियों को और गति मिलने की उम्मीद है। जिससे योग को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी बढ़ावा मिलेगा।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सीकर में कार्रवाई

# वारदात की फिराक में हथियार लेकर घूम रहे युवक को पकड़ा, एक देशी पिस्टल मय मैगजीन व 6 जिंदा कारतूस बरामद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय एवं सीकर जिले की उद्योग नगर थाना पुलिस की टीम ने अवैध हथियार लेकर किसी बड़ी वारदात की फिराक में घूम रहे एक युवक विकास कुमार स्वामी पुत्र मदनलाल (24) निवासी हरडिया थाना बबाई जिला नीमकाथाना नवलगढ़ रोड पर दबोच लिया, आरोपी के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल मय मैगजीन व 6 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की एजीटीएफ टीम लगातार सक्रिय गैंगस्टर्स, हार्डकोर बदमाशों, ईनामी अपराधियों, अवैध मादक पदार्थ व हथियार तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार रात एजीटीएफ टीम की सूचना पर उद्योग नगर थाना पुलिस ने एक बदमाश को अवैध हथियार सहित पकड़वाने में सफलता हासिल की है आसूचना संकलन के दौरान टीम को सूचना मिली कि एक काले रंग की हाफ पैंट व बनियान पहने एक युवक हथियार लेकर नवलगढ़ रोड से मयूर गार्डन की तरफ जाने वाली रोड पर किसी बड़ी वारदात की फिराक में घूम रहा है।

# मावा मिठाई, घी और दूध के नमूने लेकर फूड सेफ्टी टीम द्वारा शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्यवाही जारी



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं ड्रग कंट्रोल राजस्थान इकबाल खान, अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर ब्यावर डॉ महेंद्र खड़गावत के निर्देशानुसार प्रदेश में चलाए जा रहे अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार के अंतर्गत दीपावली के त्यौहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए विशेष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को फूड सेफ्टी टीम ने कार्यवाही करते हुए मावा मिठाई, घी और दूध के नमूने लेकर जांच हेतु भेजे गये। अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ज्योत्सना रंगा तथा सीएमएचओ डॉ संजय गहलोत ने बताया कि आज टीम द्वारा बांदनवाड़ा और विजयनगर कस्बे में कार्यवाही की गई । खाद्य सुरक्षा दल द्वारा बांदनवाड़ा पर ब्यावर रोड मेसर्स जोधपुर मिष्ठान भंडार के कारखाने का निरीक्षण किया गया और मिल्क केक का एक नमूना लिया गया ब्यावर रोड से ही शिव मिष्ठान भंडार से मावा मिठाई का नमूना लिया । दल द्वारा चापानेरी में मेहसाणा डेयरी और जेके मिल्क प्रोडक्ट्स से दूध और घी का नमूने लिए गए । खाद्य सुरक्षा दल द्वारा विजयनगर रेलवे स्टेशन के सामने संदीप ट्रेडर्स से मूंगफली तेल का नमूना जांच वास्ते लिया एक अन्य कार्यवाही में श्री गोविंदम स्वीट्स से मावा मिठाई के नमूने लिए गए । खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय मोयल और केसरी नंदन शर्मा ने बताया कि सभी नमूनों को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा और रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवम् मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# सहकारिता पर सरकार का फोकस, गंभीरता से करें काम : सुराणा

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सहकारिता विभाग की उपलब्धियों और गतिविधियों की समीक्षा कर दिए निर्देश, कहा- दिवाली पर उपभोक्ता सामग्री विक्रय के लिए लगाएं स्टॉल

बढ़ता राजस्थान



**चूरू (नि.स.)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा है कि सहकारिता विभाग के सशक्तीकरण पर सरकार का फोकस है। आने वाले दिनों में विभाग और सहकारी समितियों की गतिविधियां बढाई जाएंगी। ऐसे में विभागीय अधिकारी पूरी ऊर्जा, सक्रियता, सजगता एवं सकारात्मक सोच के साथ काम कर विभागीय कार्यक्रमों को गति दें और अंतिम छोर के व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। जिला कलक्टर शनिवार को अपने कक्ष में सहकारिता विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी रोबोट नहीं बनें, अपना माइंड अप्लाई करें और देखें कि कैसे ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित किया जा सकता है। फील्ड में रहें, फीडबैक लें और देखें कि किन गतिविधियों की ज्यादा डिमांड है, उसके हिसाब से काम करें। जरूरत इस बात की है कि ग्राम सेवा सहकारी समितयां समुचित ढंग से फंक्शनल हों और ज्यादा से ज्यादा गतिविधियां कर आमजन को लाभान्वित किया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी केंद्रों पर खरीद के लिए तुलाई, कांटों, आवक की समुचित व्यवस्था करें और यह सुनिश्चित करें कि किसान आराम से अपना मूंग सरकारी खरीद केंद्रों पर दे पाएं। उन्होंने कहा कि विभागीय लापरवाही के कारण किसानों के हित प्रभावित नहीं होने चाहिए। जिला मुख्यालय पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने के संबंध में चर्चा करते हुए जिला कलक्टर ने अभी तक की उपलब्धि पर असंतोष जाहिर किया और कहा कि यह आम रोगियों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि गढ़ में प्रस्तावित सेटेलाइट अस्पताल में यह जन औषधि केंद्र लोगों के लिए अधिक उपयोगी साबित हो सकता है। उन्होंने वहां इसे खोलने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान जिला कलक्टर ने जिला उपभोक्ता होलसेल भंडार लिमिटेड एवं महिला भंडार पर दिवाली पर्व के लिए धनतेरस से दिवाली तक उपभोक्ताओं को उपभोक्ता सामान, पूजा संबंधी सामग्री आदि उपलब्ध कराने के लिए स्टॉल लगवाने एवं इसका प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। उप रजिस्ट्रार (सहकारी समितियां) विभा खेतान, केंद्रीय सहकारी बैंक प्रबंध निदेशक मदनलाल शर्मा, भूमि विकास बैंक के सचिव सुनील मांडिया ने विभागीय गतिविधियों के संबंध में बताया। इस दौरान एडीपीआर कुमार अजय, विशेष लेखा परीक्षक निशा कुमारी, सहकारिता विभाग के निरीक्षक एवं भंडार, क्रय-विक्रय सहकारी समितियां के निरीक्षक मौजूद रहे।

# ब्यावर के विकास में जिला कलेक्टर खडगावत ने लगाये पर, पुलिस, स्कूल व सार्वजनिक शमशान हेतु भूमि का किया आंवटन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** नवसृजित ब्यावर जिले के लिए जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत द्वारा शुक्रवार को आदेश जारी कर पुलिस लाइन ब्यावर हेतु 20 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया । पुलिस लाइन के लिए 20 हेक्टेयर भूमि के आवंटन होने पर ब्यावर जिले के विकास को गति मिलेगी ।वहीं ओडामगरी में राजकीय विद्यालय को खेल मैदान व ग्राम पंचायत रास में सार्वजनिक शमशान के लिए भी भूमि का आवंटन किया गया। पुलिस लाइन हेतु भूमि आवंटन के लिए उपखंड अधिकारी ब्यावर व तहसीलदार द्वारा तहसील ब्यावर के ग्राम रामसर बलाईयान एवं ग्राम बाड़िया श्यामा के कुल खसरा 15, कुल रकबा 20 हेक्टेयर भूमि आवंटन करने का प्रस्ताव मय अभिशंशा भिजवाया गया ।

जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रस्तावित भूमि नगर परिषद ब्यावर के परिधिय क्षेत्र में होने से नगर परिषद ब्यावर से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया एवं वरिष्ठ नगर नियोजक अजमेर से तकनीकी रिपोर्ट प्राप्त की गई । जिला कलेक्टर ने शासन उप सचिव राजस्व विभाग जयपुर से प्राप्त स्वीकृति के आधार पर पुलिस लाइन ब्यावर के लिए उक्त 20 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया एवं तहसीलदार ब्यावर व वरिष्ठ नगर नियोजक द्वारा दी गई तकनीकी राय एवं इंडियन रोड कांग्रेस के नियमानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन कर कब्जा सुपुर्द करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । जिला कलेक्टर ने कहा कि नवसृजित ब्यावर जिले के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी एवं आगे भी भूमि आवंटन के प्रस्ताव पर जरूरत के अनुसार आवंटन किया जाएगा जिससे कि ब्यावर जिले का विकास तीव्र गति से हो । जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने बताया कि पुलिस लाइन के लिए 20 हेक्टेयर भूमि आवंटित होने से पुलिस विभाग के कार्यों में तेजी आएगी साथ ही नई सुविधा मिलने से पुलिस विभाग मजबूत होगा। भूमि आवंटन होने पर जिला पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारियों ने राज्य सरकार व जिला कलेक्टर का आभार व्यक्त किया।

**ओडामगरी में राजकीय विद्यालय को खेल मैदान व ग्राम पंचायत रास में सार्वजनिक शमशान के लिए भी भूमि का आवंटन :** इसके अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर रायपुर क्षेत्र के ओडामगरी (कालबखुर्द) में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान के लिए 0.8200 हेक्टेयर भूमि व जैतारण क्षेत्र के ग्राम पंचायत रास में सार्वजनिक शमशान के लिए 0.0809 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया। उक्त दोनों भूमि के लिए रायपुर उपखंड अधिकारी व जैतारण उपखंड अधिकारी द्वारा अभिशंशा कर जिला कलेक्टर को प्रस्ताव प्रेषित किया गया । जिला कलेक्टर ने जनहित में यह भूमि आवंटित की । और ग्रामीण क्षेत्र में खेल मैदान व सार्वजनिक शमशान के लिए भूमि आवंटन होने पर ग्रामीणों ने राज्य सरकार व जिला कलेक्टर का आभार व्यक्त किया।

# धनवंतरी सप्ताह के अंतर्गत भामाशाहों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान





**चूरू (नि.स.)।** राजकीय आयुर्वेद औषधालय पुनसीसर बड़ा चूरू में आरोग्य सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम हुए जिसमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों की चम्मच दौड़ गुब्बारा फोड़ और म्यूजिक चेयर इत्यादि प्रतियोगिताएं हुई प्रथम व द्वितीय विजेताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया मुख्य कार्यक्रम में औषधालय में दानदाताओं भामाशाहों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया भामाशाहों में बजरंगलाल जोशी, प्रेम सुख बोहरा, शिवरतन पारीक, महेंद्र सैनी, डॉ महेंद्र सिंह, श्रवण कुमार सहू, इंद्राज जांगिड़ इनका प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया समारोह के मुख्य अतिथि घनश्याम रामावत एडिशनल डायरेक्टर बीकानेर एवं विशिष्ट अतिथि सत्यवीर सहारण उपनिदेशक चूरू रहे प्रभारी चिकित्सक वैध नारायणदत्त शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धनवंतरी सप्ताह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया औषधालय की विभिन्न विशेषताओं पर विशेष प्रकाश डाला गया अतिरिक्त निदेशक एवं उपनिदेशक द्वारा कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

## अहिल्याबाई होल्कर- 300 वें जन्म शताब्दी समारोह

# न्यायप्रियता, सांस्कृतिक उत्थान और राष्ट्रीय समृद्धि का पर्याय थी अहिल्याबाई होल्कर : अंजू शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर में अहिल्याबाई होल्कर - 300 वें जन्म शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अंजू शर्मा, विशिष्ट अतिथि हेमेन्द्र दगदी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी, कविता शर्मा ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम में बहन दीपिका फुलवारी, रुचिका रावत, इस्मिता चौहान ने अहिल्याबाई होलकर के जीवनी पर सारगर्भित जानकारी प्रदान की।

अंजू शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एक सामान्य घर में जन्मी अपने गुणों और कार्यों से राजमाता से लोकमाता बन गई अहिल्याबाई। अहिल्याबाई ने अपना संपूर्ण जीवन भारत राष्ट्र के सांस्कृतिक उत्थान के लिए समर्पित कर दिया उन्होंने जीवन भर विषम परिस्थितियों सामना किया फिर भी अडिग रही स्त्री और उसके सम्मान उत्थान के लिए अहिल्याबाई पूरे जीवन समर्पित रही। कार्यक्रम में अहिल्याबाई के जीवनी से संबंधित- निबंध प्रतियोगिता और चित्रकला और वेशभूषा प्रतियोगिता के विजय - छात्राएं - भूमिका, साक्षी, खुशबू जांगिड़ को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने संबोधन में अहिल्याबाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। अंत में पदमा सोनी ( उत्सव जयंती प्रभारी) के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित प्रेषित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सीमा सोलंकी ( परीक्षा प्रभारी) ममता शर्मा (प्राथमिक प्रभारी) ममता सोनी ( संगीत प्रमुख) रेखा टांक और मंजू भदौरिया समस्त आचार्य /दीदी का समस्त विशिष्ट योगदान रहा।

# रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या का शपथ ग्रहण एवं अधिष्ठापन समारोह

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या के नए सत्र 2024-25 का अधिष्ठापन एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह ऐश्वर्या कॉलेज में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में पीजीडी रोटेरीयन निर्मल सिंघवी, डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर रोटरी रोटेरियन दीपक सुखाड़िया, ज़ोन कोऑर्डिनेटर संगीता मुंदरा, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरीयन मुकेश गुरानी, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरीयन जयेश पारीख, रोटरी क्लब युवा अध्यक्ष, यशवंत कुमावत, रोटरी क्लब अशोका अध्यक्ष, रोटेरीयन गिरीश रजानी, रोटरी क्लब सूर्या अध्यक्ष रोटेरीयन, पूनम अग्रवाल, रोटरी क्लब सूर्या सचिव, रोटेरीयन शाहिद हुसैन एवं ऐश्वर्या की क्लब सलाहकार रोटेरीयन डॉ. सीमा सिंह उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। रोटेरीयन निर्मल सिंघवी का स्वागत ऐश्वर्या पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रितु पालीवाल द्वारा किया गया। रोटेरियन दीपक सुखाड़िया का स्वागत ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य गजाराम सिरवी द्वारा किया गया। डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर रोटरी एवं इंडक्शन ऑफिसर रोटेरियन दीपक सुखाड़िया ने रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या के सभी सदस्यों को सदस्यता की शपथ दिलाई। रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या के अध्यक्ष, सचिव एवं सभी पदाधिकारीयों को इंस्टॉलेशन ऑफिसर पीजीडी रोटेरीयन निर्मल सिंघवी द्वारा शपथ दिलाई गई। अतिथियों द्वारा रोटरेक्ट क्लब ऐश्वर्या के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को पद की शपथ दिलाई गई। रोटेरीयन निर्मल सिंघवी ने सामाजिक सेवा के महत्व पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए, जबकि रोटेरीयन दीपक सुखाड़िया ने छात्रों को सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। रोटेरीयन दीपक सुखाड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि युवा शक्ति देश का आधार है। अपने जोश और जुनून से देश की सेवा में लगें, और मिलकर एक मजबूत, समृद्ध भारत का निर्माण करें।

कार्यक्रम में उदयपुर के विभिन्न क्लबों के अध्यक्षों एवं सचिवों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया। क्लब सलाहकार रोटेरीयन डॉ सीमा सिंह ने सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि देश सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। आप सभी आने वाले भविष्य के निर्माता हैं, अपने ज्ञान, कौशल और निष्ठा से देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लें। आईपीपी रोटेरीयन ऐश्वर्या सिंह ने रोटरेक्ट क्लब ऐश्वर्या के पिछले सत्र के कार्यो के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। रोटरेक्ट क्लब ऐश्वर्या के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोटरेक्टर शमील शेख ने इस वर्ष अब तक किए गए कार्यों एवं आगामी योजनायों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण योजना का भी शुभारंभ किया किया जिसमें आने वाले सत्र में 5000 से अधिक पर्यावरण बीज पेन का वितरण किया जाएगा। रोटरेक्ट क्लब ऐश्वर्या की सचिव रोटरेक्टर अविष्का सेन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# एक बार फिर पीएफसी एज्यूकेशन के छात्रों ने एसीसीए रिजल्ट में बाज़ी मारी

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** पहएफसी एज्यूकेशन के छात्रों ने एक बार फिर से एसीसीए की परीक्षाओं में अपने दम का परिचय देते हुए बाजी मार ली। संस्था की संचालिका, मीनाक्षी भेरवानी ने बताया कि पिछले अटेम्प्ट में भी उनके छात्रों ने 2 इंडिया रैंक हासिल की थी। जिसमें वंदना धनजानी ने दूसरी इंडिया रैंक और रोहन जैन ने प्रथम ऑल इंडिया रैंक हासिल की थी। अब सितंबर अटेम्प्ट में रोहन जैन ने एसबीआर में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक और कमाल किया है, और अब पीएफसी एज्यूकेशन वर्ल्ड रैंक का इंतजार कर रहा है। पीएफसी एज्यूकेशन के और भी कई छात्रों ने एसीसीए की परीक्षा दी, जिसमें कएक्सा बानो, आस्था मंथन, पवित्रा भट्ट, हनीषा सेवकानी, शुभम खंडेलवाल, कृष्णा छापरवाल, कनक मंत्री, श्रुति जैन, भव्यांशा बंसल, इशांत सोमानी, महविश इमरान, पलक जैन, श्रितिका श्रीमाली, मनन बाबेल, भूपेन्द्र डांगी, गजराज चौधरी, पर्वा कोठारी, महीप राठौर, फातिमा टिनवाला और प्रतम नेभनानी जैसे नाम शामिल हैं। हाल ही में पीएफसीके 3 छात्रों ने एसीसीए अफिलिएट का स्टेटस भी हासिल किया, जिनमें सुजाता पुरोहित, फातिमा टिनवाला और भव्यांशा बंसल शामिल हैं। नॉलेज लेवल के एग्जाम में भी संस्था के कई छात्रों ने सफलता हासिल की है, जिसमें एंजलिन एमोस, विभूति कोठारी, तुषार शिवनानी, अर्थ राज महेश्वरी, हंसीका जैन, मोहम्मद पृथ्वीराज, हसन मोहम्मद, काशक जैन, जय पहूजा, मुस्तफा बोहरा, अली असगर, असना खान, मोइज तमाटिया, आदित्य सिंह, रघुवीर सिंह, रुद्र सेन, विधि अग्रवाल, अमातुल्लाह और महित जैन जैसे छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से एग्जाम्स क्लियर किए हैं। पीएफसी एज्यूकेशन का यह शानदार प्रदर्शन एसीसीए के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छूने की दिशा में एक और कदम है।

# वैश्य समाज महासंगम की तैयारियों को लेकर चर्चा, अधिक से अधिक संख्या में जुटने का किया आव्हान

बढ़ता राजस्थान

## सामाजिक रूप से एकजुट होने की जरूरत : मित्तल



**भरतपुर/बयाना ( सत्य प्रकाश अग्रवाल )।** आगामी 10 नवंबर को भरतपुर संभाग मुख्यालय पर अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई के तत्वावधान में आयोजित होने वाले वैश्य महासंगम की तैयारियों को लेकर वैश्य समाज की बैठक अग्रवाल मैरिज होम में वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष अनिल लोहिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे ।वैश्य महासम्मेलन के जिला महामंत्री सुमनेश गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष मनीष गर्ग, महासम्मेलन के भरतपुर शहर अध्यक्ष सत्यव्रत आर्य, अग्रवाल महासभा के जिला महामंत्री मुकेश सिंघल आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक व अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की स्थानीय शाखा के अध्यक्ष अनिल गर्ग ने बताया कि बैठक में स्थानीय वैश्य समाज के प्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने भी भाग लेते हुए महा संगम की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की और अपने सुझाव भी दिए। बैठक में अतिथियों ने सामाजिक एकता व समरसता पर जोर देते हुए कहा कि वैश्य समाज को आज फिर से पहले की तरह अपनी सामाजिक व व्यावसायिक प्रतिष्ठा और सुरक्षा व राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए एकजुट होने की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज एक राजनीतिक दल तो वैश्य समाज को अपना पिछलग्गू या मजबूर समाज समझ बैठा है ।जिसका जवाब हमें अपनी एकता और वोट की ताकत से देना होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल या नेता यह ना समझे कि वैश्य समाज की संख्या कम है। वैश्य समाज देश में सबसे ज्यादा टैक्स देकर व परोपकार के कार्यों में योगदान देकर देश के विकास में अहम भूमिका निभाता है और अन्य समाज व अन्य मतदाताओं पर भी अपना विशेष प्रभाव रखता है। वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष अनिल लोहिया ने बताया कि आगामी 10 नवंबर को भरतपुर संभाग मुख्यालय पर आयोजित होने वाले इस वैश्य महा संगम में अग्रवाल महासभा व वैश्य महासम्मेलन के प्रमुख और राष्ट्रीय पदाधिकारी व समाज के सांसद, विधायक, मंत्री, प्रमुख अधिकारी, उद्योगपति आदि बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इस अवसर पर अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष सुरेशचंद सिंघल, महामंत्री विनोद गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश गर्ग, पवन गोयल, पार्षद नरेश बारैठा, प्रदीप आर्य, अनिल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# टूडो ने अपनी 'पोल' खुद खोली

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो का हालिया बयान, जिसमें उन्होंने यह स्वीकार किया कि उनके पास सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता के आरोपों के समर्थन में 'ठोस सबूत' नहीं हैं, ने महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक और कूटनीतिक परिणाम उत्पन्न किए हैं। टूडो के पहले के सार्वजनिक आरोपों ने भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ाया, लेकिन इस बयान से द्विपक्षीय संबंधों के भविष्य और कनाडा की संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय मामलों को संभालने की क्षमता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। भारत के दृष्टिकोण से, टूडो की यह सफाई कनाडाई सरकार की आंतरिक मामलों से निपटने की खामियों को उजागर करती है और तनाव कम करने की संभावनाओं का संकेत देती है, हालांकि यह चुनौतियों से भरा हो सकता है। यह घटना भारत-कनाडा के द्विपक्षीय संबंधों से कहीं अधिक दूरगामी प्रभाव डालती है। एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में, भारत ने दिखा दिया है कि वह अपनी संप्रभुता या राष्ट्रीय अखंडता को चुनौती देने वाले आरोपों को बिना कड़े प्रतिवाद के बर्दाश्त नहीं करेगा। टूडो की इस सफाई से भारत की छवि एक ऐसे देश के रूप में और मजबूत हो सकती है जो सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों के मुद्दों पर अडिग रहता है।

भारत इस घटना का उपयोग यह संदेश देने के लिए भी कर सकता है कि नई दिल्ली को अतिवाद और आतंकवाद के खिलाफ अपनी चिंताओं को गंभीरता से लेने की उम्मीद है। यह घटना भारत की विदेश नीति को प्रभावित कर सकती है, खासकर उन देशों के साथ जो भारतीय प्रवासी की बड़ी आबादी रखते हैं। भारत अब उन समुदायों में अलगाववादी गतिविधियों और घृणास्पद भाषणों पर लगाम कसने के लिए अधिक आक्रामक रुख अपना सकता है। इसके अलावा, भारत इस कूटनीतिक घटना का लाभ उठाकर अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटा सकता है। कई देश, विशेष रूप से जो अपने खुद के अलगाववाद और अतिवाद से परेशान हैं, भारत के खालिस्तान मुद्दे पर रुख से सहानुभूति रख सकते हैं और टूडो की इस सफाई को उनकी गलती के रूप में देख सकते हैं। कनाडा में एक महत्वपूर्ण सिख आबादी है, जिसमें लगभग 7, 70,000 सिख हैं, जो कुल कनाडाई आबादी का लगभग 2% हैं। इनमें से कई सिख ब्रिटिश कोलंबिया, ओंटारियो और अल्बर्टा के निर्वाचन क्षेत्रों में केंद्रित हैं। भारत के दृष्टिकोण से, टूडो की सफाई का स्वागत तो है, लेकिन यह दोनों देशों के बीच उत्पन्न दरार को तुरंत नहीं भरता। भारत लंबे समय से कनाडा की खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को रोकने में अनिच्छा पर नाराज़ रहा है। नई दिल्ली खालिस्तान आंदोलन को न केवल अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे के रूप में देखता है, बल्कि सिख समुदाय के लिए एक अस्थिर कारक भी मानता है। टूडो के आरोप और फिर उनकी सफाई भारत की उस दलील को और मजबूत कर सकते हैं कि कनाडा खालिस्तान उग्रवाद के मुद्दे को ठीक से संभालने में असमर्थ रहा है। भारत संभवतः अपनी इस मांग पर जोर देगा कि कनाडा उन व्यक्तियों और संगठनों के खिलाफ अधिक सख्त कार्रवाई करे जो पंजाब की भारत से अलगाव की खुलकर मांग करते हैं। कूटनीतिक तनाव तुरंत खत्म नहीं होंगे। टूडो का बयान शायद बहुत कम और बहुत देर से आया हो, और यह स्पष्ट नहीं है कि संबंध सामान्य होने में कितना समय लगेगा।

# भारत में 12 वर्षों बाद 18 वाँ एशिया प्रशांत जर्मन कॉन्फ्रेंस 25 अक्टूबर 2024 का आगाज

**हम 18 वें एशियाई प्रशांत कॉन्फ्रेंस 25 अक्टूबर 2024 की करें तो, यह नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में भारतीय पीएम और जर्मनी के चांसलर ने शिरकत की। पीएम ने भारतीय आकांक्षाओं, विकसित भारत का रोडमैप और तकनीक और स्किल की बदौलत दुनियाँ को भरोसा दिलाया कि भविष्य की समस्याओं का समाधान देने में भारत सक्षम है। 12 साल बाद भारत एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस की मेजबानी कर रहा है, पीएम ने कहा कि एक ओर सीईओ फोरम की मीटिंग चल रही है और दूसरी ओर दोनों देशों की नौसेनाएं युद्धाभ्यास कर रही हैं, यह दर्शाता है कि हर स्तर पर भारत और जर्मनी के संबंध मजबूत हो रहे हैं देखें।**

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी, गोंदिया महाराष्ट्र**



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ देख रही है कि भारत के पड़ोसी देश अपनीं-अपनीं गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं जैसे बांग्लादेश में फिर हिंसा भड़क उठती है,पीएम के स्तीफ़े पर का प्रूफ नहीं मिलने से संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है, पाकिस्तान के खैबर पशतून में बम धमाकों वह आंतरिक कलह,तो श्रीलंका का संकट दुनिया देख चुकी है नेपाल में सत्ता परिवर्तन 50-50 पर हुआ है,परंतु भारतीय सरकार हैट्रिक 3.0 के आगाज़ पर वापसी कर रिकॉर्ड बनाया है, व तेज़ी से विज़न 2047 पर चल पड़ी है तथा इस यात्रा में सफ़लता के नए-नए अध्याय जोड़तें जा रहे हैं जिससे दुनिया दंग है, व भारतीय बौद्धिक क्षमता पर सटीक विश्वस्थ हो चली है,क्योंकि दुनियाँ जानती है भारत आज मजबूत लोकतंत्र जनसंख्यकिय तंत्र, मांग और डाटा रूपी चार स्तंभों पर मज़बूती से खड़ी है। आज हम यह चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि जर्मन चांसलर अपने लाव लश्कर के साथ 24 से 25 अक्टूबर 2024 तक भारतीय दौरे पर हैं तथा उन्होंने भारत की भर भर कर तारीफ़ की,क्योंकि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध शांति के भरपूर प्रयास कर रहा है तथा उन्होंने भारतीय टैलेंट श्रमिकों टेक्नीशियन की बौद्धिक क्षमता को पहचाना है व वीजा अब 20 से बढ़कर 90हज़ार लोगों के लिए खोल दी है इससे उनके प्रभावित होने का अंदाजा लगाया जा सकता है,वहीं सम्मेलन में करीब 27 समझौता पर हस्ताक्षर हुए हैंजो बहुत बड़ी उपलब्धि है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में 12 वर्षों बाद 18 वाँ एशिया प्रशांत जर्मन कॉन्फ्रेंस 25 अक्टूबर 2024 का आगाज़ जर्मन की रणनीति फोकस ऑन इंडियाका अभिनंदन करते हैं।

पीएम ने शुक्रवारको जर्मनकंपनियों को देश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई स्थान नहीं है और देश की विकास गाथा में शामिल होने का यह सही समय है।पीएम ने इस बात पर जोर दिया कि विदेशी निवेशकों के लिए भारत की मेक इन इंडिया पहल में शामिल होने और मेक फॉर द वर्ल्ड में शामिल होने का यह सही समय है।उन्होंने यह भी कहा कि जर्मनी ने भारत की कुशल जनशक्ति में जो विश्वास व्यक्त किया है, वह अद्भुत है क्योंकि यूरोपीय राष्ट्र ने कुशल भारतीय कार्यबल के लिए वीजा को 20से बढ़ाकर 90 हज़ार करने का निर्णय लिया है,यह जर्मनीके विकास को नई गति देगा।उन्होंने कहा कि हमने आने वाले 25 वर्षों में विकसित भारत का रोडमैप तैयार किया है। मुझे खुशी है कि इस महत्वपूर्ण समय में जर्मन कैबिनेट ने भारत पर ध्यान दस्तावेज़ जारी किया है। उन्होंने कहा,भारत की विकास गाथा में शामिल होने का यह सही समयहै।भारत वैश्विक व्यापार और विनिर्माण केंद्र बन रहा है,उन्होंने कहा कि आज भारत लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, मांग और डेटा के मजबूत स्तंभों पर खड़ा है,भारत सड़कों और बंदरगाहों में रिकॉर्ड निवेश कर रहा है और इंडो-पसिफ़िक रीजन दुनियाँ के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।आगे कहा, भारत और जर्मनी के बीच सातवें इंटर गवर्नमेंटल कंसल्टेशन का भी आयोजनहुआ है।इसके अलावा व्यापार और सामरिक साझेदारी के मोर्चे पर भी दोनों देशों के बीच चर्चा महत्वपूर्ण रही।पीएम नें जर्मनी की फोकस ऑन इंडिया रणनीति के लिए अभिनंदन% किया और कहा कि इसमें विश्व के दो बड़े लोकतंत्रों के बीच साझेदारी को व्यापक तरीके से आधुनिक बनाने और ऊंचा उठाने का ब्लूप्रिंट है। साथियों बात अगर हम जर्मनी चांसलर द्वारा कार्यक्रम मेंसंबोधन करने की करें तो,उन्होंने कहा,यह स्पष्ट है कि हमें अधिक सहयोग की आवश्यकता है। वैश्वीकरण सभी देशों की सफलता की कहानी रही है। एशिया और प्रशांत क्षेत्र के कई देश इसके उदाहरण हैं। द्यउन्होंने आगे कहा, 21वीं सदी की दुनियाँ कुछ ऐसी है, जहां हमें प्रगति के लिए काम करना है। बहुध्रुवीय दुनियाँ में कोई वैश्विक पुलिसकर्मी नहीं, कोई नियम, संस्थान नहीं। हममें से प्रत्येक को इसकी रक्षा करने के लिए बुलाया गया है। अगर रूस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में सफल होता है तो इसका परिणाम यूरोपीय सीमाओं से परे होगा। इससे वैश्विक सुरक्षा खतरे में पड़ सकता है। मध्य-पूर्व में भी तनाव जारी है। कोरियाई प्रायद्वीप दक्षिण-पूर्वी चीन सागर सभी युद्ध बिंदु पर हैं।आगे कहा, आज हमारे विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों का सबसे बड़ा समूह भारतीयों का है। पिछले वर्ष ही जर्मनी में काम करने वाले भारतीयों की संख्या में 23हज़ार की वृद्धि हुई। यह प्रतिभा हमारे श्रम बाजारमें स्वागत योग्य है।उन्होंनेबताया कि जर्मनी अपनी वीजा प्रक्रिया का डिजिटलीकरण कर रहा है। प्रक्रिया में तेजी ला रहा है।आईजीसी से पहले जर्मन व्यवसायों की एक बैठक को संबोधित करते हुए चांसलर ने भारत के बारे में कई सकारात्मक बातें कहीं, भारत की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यह दुनियाँ का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और दुनियाँके सबसे गतिशील प्रांतएशिया प्रशांत का केंद्र है।हालांकि चांसलर ने व्यापार फोरम में बोलते हुए अनियमित आप्रवासन के बारे में चेताया और कहा कि जर्मनी कुशल कामगारों का स्वागत करता है, लेकिन किसे आने देना है और किसे नहीं



इसका फैसला वह ही करेगा।तकनीक, कौशल विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा से लेकर खुफिया जानकारी साझा करना और कानूनी मामलों में सहायता जैसे क्षेत्रों में सहयोग कार्यक्रमों की घोषणा की गई। मुक्त व्यापार के मोर्चे पर शॉल्त्स ने कुछ छिपे हुए संदेश भी देने की कोशिश की, उन्होंने संरक्षणवाद का स्पष्ट रूप से विरोध किया और कहा कि विश्व व्यापार संगठन की बनाई व्यवस्था को मानना चाहिए और तरह-तरह के शुल्क लगाने से बचना चाहिए। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुफ्त व्यापार संधि (एफटीए) कराने की जर्मनी की कोशिशों का भी जिक्र किया और कहा कि अगर दोनों देश इस पर मिलकर काम करें,तो यह सालों की जगह कुछ ही महीनों में हो जाएगा।एफटीए पर अलग से भी दोनों देशों के बयान आए, जिनसे संकेतमिलता है कि अभी इस पर बहुत काम होना बाकी है।जर्मनी के वाईस चांसलर और आर्थिक मामलों के मंत्री ने कहा कि एफटीए पर चर्चाओं में कृषि क्षेत्र एक मुश्किल विषय बना हुआ है।भारत के व्यापार मंत्री ने भी कहा कि ईयू के लिए अपना डेयरी बाजार नहीं खोलेगा और अगर इस पर जोर दिया गया, तो एफटीए होना मुश्किल है। 2022 में दोनों ही पक्षों ने 2023 तक एफटीए को संपन्न करने की बात की थी, लेकिन यह अभी तक हो नहीं पाया है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत में 12 वर्षों बाद 18 वाँ एशिया प्रशांत जर्मन कॉन्फ्रेंस 25 अक्टूबर 2024 का आगाज़ -जर्मन की फोकस ऑन इंडिया रणनीति का अभिनंदन।भारत आज लोकतंत्र जनसांख्यिकी मांग और डाटा के मजबूत स्तंभों पर खड़ा है।भारत की कुशल मैनपॉवर पर भरोसा जताकर वीज़ा की सीमा 20 से 90 हजार करना व फोकस ऑन इंडिया जर्मन रणनीति को रेखांकित करना होगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

**वृष**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**मिथुन**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**कर्क**
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें। काम समय से पूरा नहीं होगा।

**सिंह**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

**कन्या**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे। इससे आपका मन द्रवित हो उठेगा।

**तुला**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**धनु**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**मकर**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।


**कुंभ**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

**मीन**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार है,डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा जो चिर परिचित व्यक्तित्व के धनी है। शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति होगा जो डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा की मुस्कान को ना पहचानता हो। 7 मार्च को अलवर में जन्मे डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा रावण देवरा समग्र विकास समिति के अंतर्गत वृक्षारोपण चेक डैम निर्माण एवं पुनर्निर्माण 1996 में रावण देवरा में रावण देवरा के ग्राम वासियों के साथ मिलकर लोक मंच ओपन थिएटर चबूतरा और लोहिया की प्याऊ में श्री राम मंदिर की स्थापना सहयोग और पुरातन हनुमान जी के मंदिर का पुनरुद्धार पुरानी मूर्तियों की चबूतरे पर स्थापना रावण देवरा में अपने पिता स्वर्गीय माखनलाल शर्मा के की स्मृति में निःशुल्क और विद्यालय का संचालन डॉक्टर एमपीएस चंद्रावत कर के निर्देशन में सन 2004 में संत सुखदेव शाह धमार्थ चिकित्सालय में होम्योपैथिक चिकित्सा के रूप में कार्य किया 2016 में प्रधान प्रशासक के रूप में सफर मानव जीवन की सेवा के साथ शुरू किया। ईश्वर किसी भी रूप में आपके समक्ष आ सकते हैं इसलिए पीडित व्यक्ति की सेवा सच्ची मानवता की सेवा है ये सोचकर हर व्यक्ति के दु:ख को दूर करने का प्रयास किया। हर दु:खी इंसान मरीज व उनके परिजनों से घिरे रहते थे डॉ.शैलेंद्र क्योंकि इनका अनुपम व्यवहार ही इनकी पहचान है। इसके पश्चात 2016 में राजकीय संविदा सेवा में जिला कार्यक्रम समन्वयक के रूप में चयन टी.बी सिलिकोसिस एवं लेप्रोसी (कुष्ठ रोग ) के कार्यक्रम में भागीदारी की जो आज भी निरंतर जारी है। उनकी शैक्षणिक योग्यता बीएचएमएस राजस्थान



डॉ.शैलेंद्र शर्मा
( होम्योपैथिक चिकित्सक )

विश्वविद्यालय से की हुई है। चिकित्सक के रूप में नहीं बल्कि एक बेहतरीन इंसान और मानवीय संवेदनाओं को समझने वाले इंसान के रूप में इन्हें अधिक जाना जाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 27 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- पोलैंड और तुर्की ने 1676 में वारसा की संधि पर हस्ताक्षर किए।
- अमेरिका और स्पेन ने 1795 में सैन लोरेंजो की संधि पर हस्ताक्षर किए।
- फ्रांस की सेना 1806 में बर्लिन में घुसी।
- अमेरिका ने 1810 में स्पेन के पूर्व उपनिवेश पश्चिमी फ्लोरिडा को अपने अधिकार में लिया।
- नार्वे स्वीडन से अपना गठजोड़ समाप्त करके 1905 में स्वतंत्र हो गया।
- रूस और चीन के साथ कई वर्षों के युद्ध के बाद जापान को 1910 में इन दोनों देशों पर विजय मिली।
- लीग ऑफ नेशन का मुख्यालय जिनेवा 1920 में स्थानांतरित किया गया।
- उज़्बेक एसएसआर 1924 को सोवियत संघ में मिला।
- फ्रांस में जनमत संग्रह के बाद इस देश के चौथे राष्ट्रपतिकाल के संविधान को 1946 में जनता की स्वीकृति मिली इस प्रकार फ्रांस में चौथा लोकतंत्र आरंभ हुआ।
- जम्मू कश्मीर के राजा हरि सिंह ने 1947 को भारत में जम्मू कश्मीर के विलय को स्वीकार कर लिया।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति स्केदर मिर्जा को 1958 में अपदस्थ कर जनरल अय्यूब खां पाकिस्तान के शासक बने।
- पश्चिमी मेक्सिको में 1959 को चक्रवाती तूफान से कम से कम 2000 लोग मरे।
- मेक्सिको सिटी में 1968 को 19वें ओलंपिक खेलों का समापन हुआ।
- मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात और इजरायल के प्रधानमंत्री मेनाचेम को 1978 में शांति का नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया।
- चीन ने अपनी जनसंख्या एक अरब से अधिक होने की घोषणा 1982 में की।
- तुर्कमिनस्तान की उच्च परिषद ने 1991 में सोवियत संघ से इस देश की स्वतंत्रता को स्वीकृति दी।
- यूक्रेन में 1995 को कीव स्थित चेननोबिल परमाणु संयुत्र सुरक्षा संबंधी खामियों के कारण पूर्णतः बन्द किया गया।
- एडिनबर्ग (स्काटलैंड) में राष्ट्रकुल शिखर सम्मेलन 1997 में सम्पन्न हुआ।
- आर्मेनिया संसद पर 1999 को हुए आतंकी हमले में पीएम वाजगेन सर्गस्यान व स्पीकर कारेन देमिर्च्यान मारे गए।
- चीन में 2003 को भूकम्प से 50,000 से अधिक लोग प्रभावित, बगदाद में बम धमाकों से 40 लोगों की मृत्यु।
- चीन ने विशालकाय क्रेन का निर्माण 2004 में किया।
- केन्द्र सरकार ने 2008 में अख़बार उद्योग के पत्रकारों और ग़ैर पत्रकारों को अंतरिम राहत की अधिसूचना जारी की।

### 27 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति

- सिलाई मशीन का आविष्कारक आइजैक मेरिट सिंगर का जन्म 1811 में हुआ।
- स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी जितेंद्र नाथ दास उर्फ जतिन दास का कलकत्ता (अब कोलकाता) में जन्म 1904 को हुआ।
- भारत के राष्ट्रपति के. आर. नारायणन का जन्म 1920 में हुआ।
- डेनमार्की अभिनेता और गायक पाउल बंदगार्ड का जन्म 1922 में हुआ।
- ब्राजील के पैतीसवें राष्ट्रपति लुइज इंसियो लूला दा सिल्वा का जन्म 1945 में हुआ।

**विशेष आलेख**

# तीर्थराज पुष्कर : एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर



**अनिल माथुर**



**जोधपुर ( राजस्थान )।** तीर्थराज पुष्कर राजस्थान के अजमेर जिले में स्थित एक पवित्र तीर्थ स्थल है, जिसे 'तीर्थों का राजा' कहा जाता है। इस स्थान का हिंदू धर्म में विशेष महत्त्व है और यह न केवल भारत बल्कि दुनिया भर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। पवित्र पुष्कर झील, अद्वितीय ब्रह्मा मंदिर, और पुष्कर मेला इस स्थान को विशेष पहचान देते हैं।

### पौराणिक मान्यताएँ और धार्मिक महत्व

पुष्कर का उल्लेख पुराणों में मिलता है और इसके बारे में अनेक पौराणिक कथाएँ हैं। कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने इस स्थान पर यज्ञ किया था। पौराणिक मान्यता के अनुसार, ब्रह्मा जी ने यहाँ एक कमल का पुष्प गिराया, जिससे पवित्र झील की उत्पत्ति हुई। पुष्कर एकमात्र स्थान है जहां भगवान ब्रह्मा का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है, और यही कारण है कि यह ब्रह्मा की पूजा का प्रमुख केंद्र है।

### पुष्कर झील : पवित्र स्नान का स्थल

पुष्कर झील को पवित्र माना जाता है और यहाँ स्नान करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है, ऐसा माना जाता है। इस झील के किनारे 52 घाट हैं, जिनमें वराह घाट, ब्रह्मा घाट, और गौ घाट प्रमुख हैं। कार्तिक माह की पूर्णिमा के अवसर पर यहाँ स्नान करना अत्यंत शुभ माना जाता है, और लाखों श्रद्धालु यहाँ स्नान करने आते हैं।

### पुष्कर मेला : संस्कृति और परंपरा का संगम

पुष्कर मेला, जो कार्तिक पूर्णिमा के समय आयोजित होता है, भारत का सबसे प्रसिद्ध मेला है। इस मेले में दूर-दूर से व्यापारी और पर्यटक आते हैं। यहां ऊंट और पशुओं का व्यापार होता है, जो मेले की खास विशेषता है। इसके अलावा, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य, और संगीत कार्यक्रम भी यहां आयोजित होते हैं, जो राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### अन्य प्रमुख मंदिर और स्थल

पुष्कर केवल ब्रह्मा मंदिर के लिए ही नहीं बल्कि अन्य मंदिरों के लिए भी प्रसिद्ध है। यहाँ पाप मोचनी माता, वराह मंदिर, सावित्री मंदिर और कई अन्य देवी-देवताओं के मंदिर भी हैं। सावित्री मंदिर एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित है, जहाँ से पूरी पुष्कर नगरी और झील का मनोरम दृश्य दिखाई देता है।

### आध्यात्मिक आकर्षण और आधुनिकता का संगम

पुष्कर अपनी आध्यात्मिकता के साथ-साथ आधुनिक पर्यटन का भी एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। यहां विदेशी पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है जो भारतीय संस्कृति, योग, ध्यान और आयुर्वेद में रुचि रखते हैं। यहाँ के बाजारों में राजस्थानी हस्तशिल्प, वस्त्र, आभूषण, और अन्य सांस्कृतिक वस्तुएं भी मिलती हैं।

### पुष्कर में पर्यावरण और संरक्षण

पुष्कर झील और यहाँ के प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। झील के पानी को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जागरूकता अभियान और संरक्षण गतिविधियाँ समय-समय पर आयोजित की जाती हैं। तीर्थस्थल होने के कारण यहाँ के पर्यावरण को विशेष ध्यान से सुरक्षित रखा जाता है ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इस पवित्र स्थल का लाभ उठा सकें।

### निष्कर्ष

तीर्थराज पुष्कर न केवल एक धार्मिक स्थल है बल्कि एक सांस्कृतिक धरोहर भी है, जो भारतीय आध्यात्मिकता और परंपराओं का प्रतीक है। यहाँ की पवित्रता, आध्यात्मिक शांति और सांस्कृतिक विविधता इसे विश्वभर में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करती है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## श्री कल्याण जी महाराज के 2 नवम्बर को होगा अन्नकूट महोत्सव

### 31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजन, 36 व्यजंन युक्त 601 किलो की महाप्रसादी का लगेगा भोग, वर्ष की सबसें बड़ी महाआरती भी इसी दिन होगी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा उपखण्ड की सुविख्यात धार्मिक नगरी डिग्गी स्थित श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर में 31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजन व 2 नवम्बर को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पांच दिवसीय दीपोत्सव आयोजन को लेकर इस बार भ्रम की स्थिति उत्पन्न है। जिसमें विशेष रूप से लक्ष्मी पूजन को लेकर कई तरह की भ्रान्तियां सामन है। जिसमें कुछ पण्डित 31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजन बता रहे हैं तो कुछ पण्डित 1 नवम्बर को लक्ष्मी पूजन का दिन बता रहें हैं। इसके चलते आम जन असमजंस की स्थिति में है। इसको लेकर क्षैत्र की सुविख्यात धार्मिक नगरी डिग्गी श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर पुजारी परिवार के सदस्य दीपक शर्मा एवं श्री कल्याण मन्दिर के ट्रस्टी गिरिराज शर्मा ने लक्ष्मी पूजन को लेकर सामने आ रही भ्रान्तियों पर विराम लगाते हुए बताया कि श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर में दीपोत्सव को लेकर आयोजित होने वाला लक्ष्मीपूजन 31 अक्टूबर को शुभ मुहर्त में ही होगा। वहीं 2 नवम्बर को मन्दिर में विशाल एवं भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 2 नवम्बर को अन्नकुट महोत्सव के दिन परम्परा के अनुसार वर्ष की सबसे बड़ी महाआरती के साथ 601 किलो की प्रसादी का महाभोग लगाया जाएगा। महाभोग में 36 प्रकार के व्यंजन शामिल होगें।

## विप्र फाउंडेशन प्रदेश कार्यसमिति बैठक आज गंगापुर सिटी में

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी/ सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** ब्राह्मण समाज के प्रमुख संगठन विप्र फाउंडेशन राजस्थान 1डी प्रदेश संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी समिति बैठक 27 अक्टूबर रविवार को कुहू इंटरनेशनल स्कूल गंगापुरसिटी में आयोजित होगी! फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि बैठक में जॉन-1डी के भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, गंगापुरसिटी और दौसा जिलों के सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष और जिलामहामंत्री शामिल होकर समाज हितार्थ चर्चा करके आगामी समय में समाज हितार्थ धरातल पर क्रियान्वित के लिए प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। कार्यसमिति बैठक में गंगापुरसिटी जिले से भी अपेक्षित पदाधिकारी शामिल होंगे! बैठक में जोनल प्रभारी भुवनेश्वर शर्मा चच्चू , प्रदेशाध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय सहित संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों का मार्गदर्शन मिलेगा।

## आज से 8 दिन बंद रहेगा मंडी व्यापार

### 4 नवम्बर से पुनः शुरू होगा मंडी व्यापार

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। कृषि उपज मंडी में दीपावली के त्यौहार को लेकर 8 दिन व्यापार बंद रहेगा। व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचन्द बोहरा ने बताया कि दीपावली पर्व को लेकर 27 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक मंडी में अवकाश रहेगा। 4 नवम्बर को पूजा अर्चना कर पुन- मंडी व्यापार शुरू होगा। जिसको लेकर मंडी व्यापार 7 दिन बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को कृषि मंडी में दीपावली पर्व पर शुभ मुहूर्त में सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर श्री महालक्ष्मी जी का पूजन करेंगे। 4 नवम्बर को श्री लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में सुबह 6 .45 से 8 .12 बजे तक शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर पुन- मंडी व्यापार शुरू किया जाएगा।

## डिग्गी पुलिस ने किए पांच लाख रूपये जप्त

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा वृत की डिग्गी पुलिस ने नाकाबंदी कर एक कार से पांच लाख रूपये जप्त किए हैं। डिग्गी थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि जिले की उनियारा देवली विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के चलते जिले में लगी आचांर संहिता का कड़ाई का पालन कराया जा रहा है। उन्हांने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल व वृताधिकारी आशिष प्रजापत की निगरानी में लगातार नाकाबंदी की गई। जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता मिली। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि चुनावी आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने व कड़ी निगरानी के लिए पुलिस थाना डिग्गी के बाहर मुख्य सड़क पर नामाबंदी की गई। जिसमें शनिवार को नामाबंदी के दौरान आने जाने वाले वाहनो की सघन जांच की गई। जिसमें एक बोलेरो गाड़ी सवार सुरेश कुमार के कब्जे से कार में रखे 5 लाख रूपये नकद भारतीय चलन मुद्रा धारा 106 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर जप्त किए गए। इधर लाम्बाहरिसिंह पुलिस के थानाधिकारी मुकेश जाट ने बताया कि बीति देर रात्रि नाकाबंदी के दौरान थाना क्षेत्र के हिण्डोला मोड़ पर अवैध रूप से लाई जा रही बजरी से भरे को जप्त उम्पर चालक प्रधान पुत्र दुर्गालाल बलाई उम्र 24 साल निवासी बड़ला थाना नासिरदा टोंक को गिरफ्तार किया गया है।

## राजपूत समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** श्री राजपूत सभा भवन मालपुरा में रविवार 27 अक्टूबर को राजपूत समाज का तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। श्री राजपूत सभा मालपुरा के अध्यक्ष धनसिंह राजावत ने बताया कि रविवार को आयोजित होने वाले समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ तथा विशिष्ट अतिथि भीम-बाड़मेर विधायक रविन्द्र सिंह भाटी होगें। वहीं समारोह की अध्यक्षता अध्यक्ष श्री राजपूत सभा राजस्थान रामसिंह चंदलाई होगें।

### क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मेचो का आयोजन

# लगान क्लब टीम रही विजेता, टीम नागोरियान ढाणी रही उपविजेता

## उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने वितरित किए पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रागंण में श्री बालाजी क्रिकेट क्लब मालपुरा के तत्वावधान में सम्पन्न हुई तृतीय इनामी क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता लगान क्लब टीम व टीम नागोरियान की टीम उपविजेता रही।

बीति देर रात्रि मैदान में प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मेचो का आयोजन हुआ। आयोजन समिति के दीपक शर्मा व केशव पारीक ने संयुक्त रूप से बताया कि पूर्व धोषणा के अनुसार प्रतियोगिता की विजेतस टीम को 2 लाख 51 हजार रूपये तथा उप विजेताटीम को 1 लाख 21 हजार रूपये की राशि दी जानी थी। बड़ी इनामी राशि होने के चलते बीति रात्रि दोनो सेमीफाइनल व फाइनल मेचो में कड़ा मुकाबला रहा। आयोजन से जुड़े राकेश शर्मा ने बताया कि प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला एसडीएम क्लब मालपुरा व ढाणी नागोरियान के मध्य रोमाचंक मुकाबला हुआ। जिसमें कड़े मुकाबले के बाद ढाणी नागोरियान की टीम ने विजय प्राप्त कर फाइनल में जगह बनाई। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला लगान क्लब जयपुर व सादात 11 मालपुरा के मध्य हुआ। इसमे लगान जयपुर की टीम ने बाजी मार कर फाइनल में स्थान पक्का किया। सेमीफाइनल मुकाबलो के बाद मैदान में प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शुरू हुआ। मुकाबला कड़ा व रोचक इतना अधिक रहा कि बाल दर बाल मेच का रूख बदलता देखा गया। मध्य रात्रि बाद तक चले इस कड़े व रोचक मुकाबले को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक व शहरवासी मैदान में डटे रहकर टीमो के खिलाड़ियो का उत्साह वर्धन किया। अंत में प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में कड़े व लम्बे संघर्ष के बाद लगान क्रिकेट क्लब जयपुर की टीम विजेता रही। मेच समाप्त होने के बाद प्रतियोगिता की चेम्पियन टीम लगान क्रिकेट क्लब टीम जयपुर को 2 लाख 51 हजार रूपये का चेक और चमचमाती ट्राफी प्रदान की गई।

वहीं प्रतियोगिता की उप विजेता टीम को 1 लाख 21 हजार रूपये व ट्राफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता का समापन समारोह उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी कें मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर त्रिलोक सैनी, दीपक शर्मा, केशव पारीक, राकेश पारीक, गणेश जाट, भागचन्द खींची, महावीर कांटोली सहित अन्य आयोजन समिति के सदस्य, विजेता टीमो के सभी खिलाड़ियो के अलावा भारी संख्या में शहरवासी व क्रिकेट प्रेमी मौजुद रहे।

## रोडवेज बस के आगे चल रही कार के अचानक ब्रेक लेदर चिपके

### रोडवेज बस के चालक ने सूझबूझ से बड़ी दुर्घटना को टाला



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जयपुर से कोटा की ओर जा रही टोंक डिपो की रोडवेज बस के चालक की सूझबूझ से शनिवार को एक बडा हादसा होने से टल गया है। जानकारी के अनुसार टोंक डिपो की बस शनिवार को जयपुर से कोटा की ओर जा रही थी। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गांव मूंडिया के समीप रोडवेज बस के आगे चल रही एक कार के अचानक ब्रेक लेदर चिपक गए और कार अचानक रूक गई। जिससे रोडवेज बस के चालक का संतुलन बिगड गया। लेकिन बस चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को डिवाइडर पर चढाते हुए दूसरी ओर खेत में उतार दिया। जिससे रोडवेज में सवार यात्रियों सहित कार में सवार यात्रियों की भी जान बच गई। बस के यात्रियों ने रोडवेज बस चालक की सराहना की और उसे धन्यवाद दिया। घटना की सूचना पर सदर थाने के एएसआई मदनलाल मय जाप्ते के घटनास्थल स्थल पर पहुंचे। एएसआई मदनलाल ने बताया कि रोडवेज बस व कार के सभी यात्री सकुशल हैं।

### बरोनी पुलिस की कार्रवाई

## बजरी से भरा ट्रैलर जब्त, 4 लीटर हथकढ़ शराब के साथ एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैलर को जब्त किया है। थानाधिकारी मानवेन्द्रसिंह ने बताया कि पुलिस गस्त के दौरान अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैलर को रूकवाया और जांच की तो उसमें अवैध बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने ट्रैलर जब्त कर पुलिस थाने में सुरक्षार्थ खडा करवा दिया है। इसी प्रकार पुलिस ने 4 लीटर हथकढ अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गस्त के दौरान गांव जामडोली में आरोपी रामजीवन पुत्र कानाराम मीणा निवासी कणुदा मीणा की ढाणी को हथकढ अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में शैक्षिक गतिविधियों पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** मोदी धर्मशाला में राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का शनिवार को समारोह पूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश प्रतिनिधि राजकुमार शास्त्री, जिलाध्यक्ष धनसिंह राजावत व प्रधानाचार्य सुरेन्द्रसिंह चौहान द्वारा विधिवत मां शारदे के चित्र के समक्ष दी प्रज्जवलित करके किया। संघ के तहसील अध्यक्ष मुकेशकुमार मीणा ने बताया कि शिक्षक सम्मेलन के दौरान सत्रांत गतिविधियों व आगामी शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। कोषाध्यक्ष शिवराज शर्मा ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री हनुमानप्रसाद बैरवा, जिला अध्यक्ष धनसिंह राजावत, जिला मंत्री कन्हैयालाल मीणा, प्रधानाचार्य बीरबल मीणा, जिला महिला मंत्री रुक्मणी मीणा, प्रधानाचार्य सुमन शर्मा, अनीता जैन, सुरेंद्रसिंह चौहान, जिला कोषाध्यक्ष सोहनलाल वर्मा, प्रदेश प्रतिनिधि शंकरसिंह, रमेश मीणा, उमेश मीना व राजूलाल बैरवा सहित जिले की सभी तहसीलों के शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान तहसील अध्यक्ष मुकेश मीणा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पीसीपीएनडीटी एक्ट की दी जानकारी, निकाली जागरूकता रैली

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** राजकीय महाविद्यालय व राजकीय कन्या महाविद्यालय निवाई के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन की अध्यक्षता महाविद्यालय के महिला नीति तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पीसीपीएनडीटी एक्ट संबंधी व्याख्यान व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य तथा स्वच्छता संबंधी व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. मुकेश चौधरी ने छात्र-छात्रओं को पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जन्म पूर्व लिंग निर्धारण की प्रक्रिया गैर कानूनी है। उन्होंने मौसमी बीमारियों के कारण उत्पन्न होने वाले रोगों व उनके निवारण के उपाय व व्यक्तिगत स्वच्छता तथा महावारी के समय महिलाओं को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने हार्मोनल संतुलन बनाए रखते हुए शारीरिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सोना अग्रवाल ने किया। कन्या महाविद्यालय की कार्यक्रम प्रभारी प्रीति जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर सुमन धानिया, रूपा चौधरी, डॉ प्रभा गुप्ता सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद रहे।

## दिपावली स्नेह मिलन समारोह में आचार्यो का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को शिक्षक व प्रबंध समिति का दिपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य गोविन्दनारायण शर्मा ने बताया कि समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष रामगोपाल सेवलिया, व्यवस्थापक योगेन्द्रसिंहल, कोषाध्यक्ष पदमचन्द स्वामी व निवाई संकुल निरीक्षक सुरेशचन्द पारीक ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर अध्यक्ष रामगोपाल सेवलिया ने दिपावली के त्यौहार की सभी का शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी आचार्य व आचार्याओं सहित कार्मिकों को उपहार भेंट किए गए।

इस अवसर पर सहायक प्रधानाचार्य पंडित मोहनलाल शर्मा, बालिका प्रधानाचार्या सीमा माथुर, शिशु वाटिका प्रधानाचार्य शिवराज पाराशर, प्राथमिक विभाग प्रधानाचार्य गिर्राजप्रसाद गुर्जर सहित कई आचार्य मौजूद थे।

# दो युगों से जुड़ा हुआ है दीपावली उत्सव

## सतयुग में हुआ समुद्र मंथन, त्रेता युग में अयोध्या लौटे श्री राम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** अधिकतर घरों में बच्चे यह दो प्रश्न अवश्य पूछते हैं जब दीपावली भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास से अयोध्या लौटने की खुशी में मनाई जाती है तो दीपावली पर लक्ष्मी पूजन क्यों होता है? राम और सीता की पूजा क्यों नही? दूसरा यह कि दीपावली पर लक्ष्मी जी के साथ गणेश जी की पूजा क्यों होती है, विष्णु भगवान की क्यों नहीं?

इन प्रश्नों का उत्तर अधिकांशत: बच्चों को नहीं मिल पाता और जो मिलता है उससे बच्चे संतुष्ट नहीं हो पाते। आचार्य पंडित शिव दयाल शास्त्री( शिवशक्ति शरणम् ज्योतिष संस्थानम् ब्रह्मपुरी स0मा0) का इस बारे में बताते हैं कि आज की शब्दावली के अनुसार कुछ 'लिबरर्ल्स लोग' युवाओं और बच्चों के मस्तिष्क में यह प्रश्न डाल रहें हैं कि लक्ष्मी पूजन का औचित्य क्या है, जबकि दीपावली का उत्सव राम से जुड़ा हुआ है। कुल मिलाकर वह बच्चों का ब्रेनवॉश कर रहे हैं कि सनातन धर्म और सनातन त्यौहारों का आपस में कोई तारतम्य नहीं है। सनातन धर्म बेकार है। आचार्य शास्त्री के अनुसार आप अपने बच्चों को इन प्रश्नों के सही उत्तर बतायें। दीपावली का उत्सव दो युग, सतयुग और त्रेता युग से जुड़ा हुआ है। सतयुग में समुद्र मंथन से माता लक्ष्मी उस दिन प्रगट हुई थी इसलिए लक्ष्मीजी का पूजन होता है। भगवान राम भी त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या लौटे थे तो अयोध्या वासियों ने घर घर दीपमाला जलाकर उनका स्वागत किया था इसलिए इसका नाम दीपावली है।अत: इस पर्व के दो नाम है लक्ष्मी पूजन जो सतयुग से जुड़ा है दूजा दीपावली जो त्रेता युग प्रभु राम और दीपों से जुड़ा है। पंडित शिव दयाल शास्त्री के अनुसार लक्ष्मी जी सागरमन्थन में मिलीं, भगवान विष्णु ने उनसे विवाह किया और उन्हें सृष्टि की धन और ऐश्वर्य की देवी बनाया गया। लक्ष्मी जी ने धन बाँटने के लिए कुबेर को अपने साथ रखा। कुबेर बड़े ही कंजूस थे, वे धन बाँटते ही नहीं थे। वे खुद धन के भंडारी बन कर बैठ गए। माता लक्ष्मी खिन्न हो गईं, उनकी सन्तानों को कृपा नहीं मिल रही थी। उन्होंने अपनी व्यथा भगवान विष्णु को बताई। भगवान विष्णु ने कहा कि तुम कुबेर के स्थान पर किसी अन्य को धन बाँटने का काम सौंप दो। माँ लक्ष्मी बोली कि यक्षों के राजा कुबेर मेरे परम भक्त हैं उन्हें बुरा लगेगा।

तब भगवान विष्णु ने उन्हें गणेश जी की विशाल बुद्धि को प्रयोग करने की सलाह दी। माँ लक्ष्मी ने गणेश जी को भी कुबेर के साथ बैठा दिया। गणेश जी ठहरे महाबुद्धिमान। वे बोले, माँ, मैं जिसका भी नाम बताऊँगा , उस पर आप कृपा कर देना, कोई किंतु परन्तु नहीं। माँ लक्ष्मी ने हाँ कर दी।अब गणेश जी लोगों के सौभाग्य के विघ्न, रुकावट को दूर कर उनके लिए धनागमन के द्वार खोलने लगे। कुबेर भंडारी देखते रह गए, गणेश जी कुबेर के भंडार का द्वार खोलने वाले बन गए। गणेश जी की भक्तों के प्रति ममता कृपा देख माँ लक्ष्मी ने अपने मानस पुत्र श्रीगणेश को आशीर्वाद दिया कि जहाँ वे अपने पति नारायण के सँग ना हों, वहाँ उनका पुत्रवत गणेश उनके साथ रहें। दिवाली आती है कार्तिक अमावस्या को, भगवान विष्णु उस समय योगनिद्रा में होते हैं, वे जागते हैं ग्यारह दिन बाद देव उठनी एकादशी को। माँ लक्ष्मी को पृथ्वी भ्रमण करने आना होता है शरद पूर्णिमा से दिवाली के बीच के पन्द्रह दिनों में।इसलिए वे अपने सँग ले आती हैं अपने मानस पुत्र गणेश जी को। इसलिए दीवाली को लक्ष्मी गणेश की पूजा होती है। आचार्य पंडित शास्त्री ने इस बात पर चिंता जताई कि यह विडंबना है कि देश और हिंदुओ के सबसे बड़े त्यौहार का पाठ्यक्रम में कोई विस्तृत वर्णन नही है और जो वर्णन है वह अधूरा है।

### 1.50 करोड़ से बनेगा विवेकानन्द मार्केट, 3 करोड़ से आवासीय योजना

## बजट घोषणा कार्य निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण कराएं : शुभम चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** बजट घोषणा 2024-25 के अन्तर्गत नगर विकास न्यास में स्वीकृत घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने अधिकारियों के साथ मौका निरीक्षण किया। बजट घोषणा के अन्तर्गत नगर विकास न्यास सवाई माधोपुर के विवेकानन्द मार्केट में 1.50 करोड़ की लागत से सीसी सड़क, फुटपाथ एवं नाली का निर्माण कार्य किया जाएगा। जिला कलक्टर ने न्यास आधिकारियों को बजट घोषणा के कार्य निर्धारित समयावधि में गुणावतापूर्वक सम्पन्न कराने का निर्देश दिए। नगर विकास न्यास के अधिशाषी अभियंता अमित गोयल ने बताया कि न्यास द्वारा कार्य की निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारम्भ करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरी घोषणा के न्यास की नवीन प्रस्तावित आवासीय योजना राजस्व ग्राम कुतलपुरा जाटान में 3 करोड़ की लागत से सड़क, पार्क एवं सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। न्यास द्वारा सड़क एवं पार्क की निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। जिससे न्यास की नवीन योजना के अन्तर्गत लॉटरी आवंटन के पश्चात नवीन भूखण्ड कार्यो को लाभ मिलेगा। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी सवाई माधोपुर अनूप सिंह, उप निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क हेमन्त सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कन्या छात्रावास की बालिकाओं ने लगाई दीपों की हॉट

## शाहिद सुशील शर्मा फाउंडेशन सहित रोटरेक्ट क्लब एवं रोटरी क्लब ने क्रय किए दीप, क्रय राशी का उपयोग छात्राओं के कल्याण हेतु किया जाएगा

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर/ ग्वालियर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** दीपोत्सव त्यौहार को परंपरागत उत्सव की ओर अग्रसर करने एवं भारतीय संस्कृति सहित ग्रामीण परिवेश में मिट्टी के दीपों द्वारा दीपावली का त्यौहार मनाए जाने एवं आदिवासी परिवारों को वर्तमान की मुख्य धारा से जोड़ने व ग्रहणियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन अपनी देवेंद्र सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर 2008 से कार्य कर रही है ।संपूर्ण देश के अनेक प्रांतो में इसके द्वारा किए जा रहे कार्यों की श्रृंखला में शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रवास परिसर, पुराना झांसी रोड, ग्वालियर में लगभग 150 छात्राओं द्वारा दीपावली पर्व पर उपयोग में लाए जाने वाले अनेकानेक प्रकार के छोटे, मध्यम एवं बड़े आकार के दीपकों की विभिन्न रंगों एवं साज सज्जा की सामग्री से आकर्षक सजावट करके छात्रावास परिसर में तीनों छात्रावास अधीक्षिकाओं सुश्री राजकुमारी शर्मा, सुश्री हया रानी मिंज एवम् सुश्री नीलम भार्गव के संरक्षण व मार्गदर्शन में उनका प्रदर्शन किया गया। इस हेतु दीपक एवम् सजावट किए जाने की सामग्री एवम् उसके निर्माण का प्रशिक्षण एवम् मार्गदर्शन रोटरेक्ट क्लब ग्वालियर महानगर एवम् रोटरी क्लब ग्वालियर महानगर एवम् अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाऊंडेशन के माननीय सदस्यों द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही साजसज्जापूर्ण दीपकों को रोटरेक्ट, रोटरी एवम् अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाऊंडेशन के सदस्यों द्वारा दीपावली पर्व मनाने हेतु उन्हें क्रय किया गया।

**क्रय राशी का उपयोग छात्राओं के कल्याण हेतु किया जाएगा :** इस अवसर पर प्रमुख रूप से रोटरेक्ट की अध्यक्ष, सुश्री सोनल अमरपुरी, जिला सचिव, सुश्री पूनम मित्तल, कोषाध्यक्ष, सुश्री ऋचा अग्रवाल व सुश्रीगण रैना बैनर्जी, लवनीत सिंह, शैनकी पाठक, प्रज्ञा बंसल, दीपिका जैन, अंशिता जैन आदि सदस्य गण एवम् रोटरी क्लब ग्वालियर महानगर के अध्यक्ष, हिमांशु अमरपुरी , सचिव राजू मित्तल, सचिन जैन आदि तथा अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाऊंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमार शर्मा, फाऊंडेशन के संयुक्त सचिव संजय अरोरा एवं कोषाध्यक्ष डॉ राजेंद्र नाथ उपाध्याय आदि उपस्थित रहे तथा सभी ने इन छात्राओं द्वारा बनाए गए साज सज्जा पूर्ण दीपकों के बनाने की भूरि भूरि प्रशंसा की व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशाला एवम् गतिविधियों के लिए आवश्यक सहयोग करते रहने का आश्वासन सभी संस्थाओं द्वारा दिया गया। छात्रावास की सभी छात्राओं सहित छात्रावास के सभी कर्मचारीगणों विशेषकर कुमारी प्रगति, सुश्रीगण सीमा पाल, सिया पाल, ज्ञानश्री , रश्मि, रजनी आदि का विशेष सहयोग रहा।



# राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभाग शिक्षक संघ भरतपुर का जिला सम्मेलन आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** राजकिय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विधालय भरतपुर मे राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभाग शिक्षक संघ भरतपुर त्दद्ड्डुह्न जिला सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी हरिओम गौतम , विशिष्ठ अतिथि भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत संपर्क प्रमुख अनिल भारद्वाज ,प्रधान आचार्य मुकेश सिंघल, प्रांतीय उपाध्यक्ष केशव देव शर्मा रहे। अध्यक्षता रघुनाथ प्रसाद द्वारा की गई। माँ शारदे के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माला अर्पण द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । मुख्य वक्ता अनिल भारद्वाज ने शिक्षा मे गुणवत्ता अनुशासन नेतिक शिक्षा छात्रों मे संस्कृत भाषा का अधिक उपयोग के साथ आधु निक शिक्षा दी जावे शिक्षक राष्ट्र निर्माण मे अपनी महती भूमिका निभाई शिक्षको ने शारीरिक शिक्षक चतुर श्रेणि कर्मचारी के साथ सभी संवर्ग के शिक्षको भर्ती की जावे अमर सिंह अध्यपाक को जिला सयोजक संतोष कुमार राजकिय वरिष्ठ उपाध्याय सेवर को सह सयोजक हेमलता शर्मा को महिला सयोजक लक्ष्मी देवी महिला सह सयोजक की घोषणा प्रभारी अधिकारी अनिल भारद्वाज द्वारा की गई कार्यक्रम मे ब्रजेश शर्मा शशि गुप्ता महेंद्र कुमार शर्मा अमरसिंह संतोष शर्मा लक्ष्मी शर्मा नीतु कुमारी गोविन्द माधव पाण्डे भी विचार रखे कार्यक्रम का संचालन रविलास हरविलास बघेल ने किया।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन : 86 ओपीडी से लाभान्वित एवं 8 मरीजो का नि:शुल्क मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हेतु चयन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** शुक्रवार को लायंस क्लब अलवर मत्स्य, अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फलोशिप मित्तल हॉस्पिटल, आरडीएनसी मित्तल फाउंडेशन एवं जिला अन्धता निवारण समिति अलवर के संयुक्त तत्वाधान में युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में लगाया गया। इस नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 86 लोग लाभान्वित हुए तथा मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण के ऑपरेशन हेतु 8 लोगो का चयन किया गया। शिविर संयोजक एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि यह शिविर पहली बार अलवर के युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में लगाया गया है क्योकि शिवाजी पार्क, बुध बिहार, हसन खा मेवात एवं अन्य आस पास के क्षेत्र में बहुत से नेत्र रोगी है पर किसी ना किसी मजबूरी के चलते वो सामान्य चिकित्सालय में आकर नही दिखा पाते है अत: एक मीटिंग के अंतर्गत ये निर्णय लिया गया कि उस क्षेत्र में जगह का चयन करके जल्द ही कोई नि:शुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन कराया जाए ! इस बात को सुनते ही लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एवं युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की मैनेजिंग डायरेक्टर एम जे एफ लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने अपने संस्थान में कैम्प करने की हर माह की 25 तारीख को शिविर करवाने की सहमती व्यक्त की। शिविर में पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं मित्तल हॉस्पिटल, अलवर के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ लायन डॉ. महेश जैन एवं उनकी टीम बीना ओमप्रकाश, ललित शर्मा, आरसी बोस सहित सभी ने अपनी नि:शुल्क सेवाये प्रदान की तथा आवश्यकतानुसार मरीजो को नि:शुल्क दवा भी वितरित की गयी।

शिविर में लायंस क्लब से रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, लायन डॉ.महेश जैन, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन अनिल बंसल तथा अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप से संरक्षक हरीश कालरा, संरक्षक नारायण बिहारी शर्मा, उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष लता रानी शर्मा, संयुक्त सचिव प्रमिला गुप्ता, कोऑर्डिनेटर शम्भू दयाल शर्माए पूर्व सचिव रामप्रकाश गुप्ता, गोविन्द चन्द गोयल, युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज से डॉ. अशोक पाठक सहित पूरी टीम ने बेहतरीन सहयोग प्रदान किया।

# यथासामर्थ्य जगत की सेवा, स्वंय की खोज व परमात्मा से प्रेम करें : श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/कामां( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा धर्म इतना सरल नहीं है जितना हमने उसे समझा है यह सबसे कठिन है परंतु असंभव नहीं है। यदि हम प्रभु स्मरण करते हुए प्रयास करें तो असंभव को भी संभव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य महान है शांति का पुंज है सब कुछ कर सकता है लेकिन सोया है, भूला है, परेशान है उसके जागते ही सब कुछ जग जाएगा। संसार की हर वस्तु, पदार्थ, प्राणी नाशवान है इनका सदैव साथ नहीं रहता तथा परमात्मा का साथ कभी नहीं छूटता है ।अत: हमें जगत की यथासामर्थ्य सेवा करनी चाहिए तथा सेवा का अवसर मिलने पर स्वयं को सौभाग्यशाली समझना चाहिए। व सेवा के आए उस अवसर को हाथ से न जाने देने पर स्वयं को परम सौभाग्यशाली समझना चाहिए। हमें जगत में जब भी संत, गुरु, परमात्मा, बुजुर्ग, माता-पिता व धर्म एवं संस्कृति की सेवा का अवसर मिले तो उसे प्रसन्न होकर करनी चाहिए ,भार समझकर नहीं। क्योंकि भार समझकर की गई सेवा, सेवा की श्रेणी में नहीं आती है। यह मात्र सेवा का दिखावा हो सकता है सेवा नहीं। अपने दिव्य वचनों में उन्होंने कहा कि मैं नहीं कहता सारे संसार की सेवा करें या जितनी कोई और सेवा कर रहा हो उतनी सेवा करें, परंतु यह तो अवश्य कहूंगा कि जहां कर सके, जितनी कर सके, जब कर सके, जैसे भी कर सके, जितनों व जिनकी कर सकें सेवा अवश्य करें। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया । सारा वातावरण श्री गुरू महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूंज उठा ।

# अतुल्य अलवर स्वच्छता अभियान के तहत जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निकाली रैली-दिया संदेश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अतुल्य अलवर स्वच्छता अभियान के तहत जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को वार्ड 54 के न्यू मोनालिसा स्कूल से स्वच्छता रैली निकाली गई। नगर निगम अलवर और न्यू मोनालिसा सेकेंडरी स्कूल की ओर से आयोजित स्वच्छता रैली में स्कूली बच्चे साफ सफाई और सिंगल यूज प्लास्टिक बैन का संदेश देते हुए तख्तियां लेकर चले। वही विद्यालय प्रबंधन से जुड़े के एल भूटानी ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि सभी घर की साफ सफाई के साथ.साथ सार्वजनिक स्थानों पर भी सफाई का विशेष ध्यान रखें और घर के बाहर कचरा नहीं फैलाएं। वहींए नगर निगम की अतिक्रमण निरोधक शाखा की ओर से शहर में नंगली सर्किल के समीप एक निर्माणाधीन भवन के बाहर निर्माण सामग्री खुले में पड़ी होने पर 1100 रुपए का जुर्माना वसूला गया और टीम के सामने ही मौके पर उक्त निर्माण सामग्री को नियमों के अनुसार ढकवाने की कार्रवाई की गई। निगम कार्यालय में सफाई अतुल्य अलवर स्वच्छता अभियान की कड़ी में शनिवार को नगर निगम कार्यालय में सफाई की गई ।इस दौरान सभी शाखाओं से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने-अपने कक्षों में सफाई की।

**सफाई कार्य का नगर निगम आयुक्त जितेंद्र नरूका ने निरीक्षण भी किया :** दीपावली की छुट्टियों के बाद वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी लगाई जाएगीकृ विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया कि सभी बच्चों को जानकारी दे दी गई है कि दीपावली की छुट्टियों के बाद वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिसमें बच्चे घर के खराब सामान से उपयोगी और सजावटी वस्तुएं बनाकर लाएंगे। जिसकी प्रदर्शनी विद्यालय परिसर में लगाई जाएगी।

# अहिल्याबाई होलकर के त्याग, बलिदान, साहस, न्यायप्रियता और समाज के प्रति सेवा कार्यों को बालकों को बतावें : नरेंद्र भारत

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला मंत्री जगरुप सिंह तंवर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नजर बगीची, परशुराम चौराहा अलवर पर 25 अक्टूबर से राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का चल रहा दो दिवसीय जिला शैक्षिक सम्मेलन दूसरे दिन प्रात: बौद्धिक सत्र से प्रारम्भ हुआ । सत्र में अतिथियों ने मां भारती व मां शारदे व संगठन मनिषी रहे जयदेव पाठक के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया । अतिथियों का संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया । मुख्य वक्ता नरेंद्र भारत विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अलवर विभाग ने अपने उद्बोधन में बताया कि अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती संपूर्ण भारत में मनाई जा रही है । अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व और उनके कृतित्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए शिक्षकों से अपिल की कि वो अहिल्याबाई होलकर के जीवन शाहसए न्यायप्रियता व सामाजिक कार्यों की जानकारी आम जन तक विशेषकर मातृ शक्ति व अध्ययन कर रहे बालकों को बतावें, मुख्य अतिथि महेश गुप्ता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अलवर ने संगठन के क्रियाकलापों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए विश्वास दिलाया कि शिक्षकों की पीईईओए सीबीईओए जिला शिक्षा अधिकारी स्तर की परिवेदनाओं का निस्तारण कर ज़ीरो पेंडेंसी रखने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर पर्यवेक्षक महेंद्र लखारा प्रदेश महामंत्री ने संगठन और सरकार के बीच हुई विभिन्न वार्ताओं और सरकार द्वारा संगठन के प्रयास से शिक्षक व शिक्षार्थी हित में किये कार्यों पर प्रकाश डाला, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंचल कुमार शर्मा ने संगठन के बारे में विस्तार से बताया। भूपेंद्र द्विवेदी जिला साक्षरता अधिकारी अलवर, देवेंद्र सिंह मुख्य ब्लाक अधिकारी कुम्हेर व राजेंद्र तिवारी जिला अध्यक्ष ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कैलाश कूलवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस सत्र में कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन मंत्री रमाकांत शर्मा ने किया। भोजन अवकाश के बाद जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में प्रदेश महामंत्री महेंद्र लखारा ने जिला कार्यकारिणी व उपशाखा अध्यक्षए मंत्री, महिला मंत्री एवं कोषाध्यक्ष की संयुक्त बैठक में संगठनात्मक चर्चा की एवं दायित्ववान कार्यकर्ताओं को जिले में प्रवास कर कार्यकर्ताओं से सतत् संपर्क बनाये रखनें के निर्देश दिये।

# शुद्ध आहार मिलावट पर वार : मावा, पनीर, घी के नमूनों के साथ 60 किग्रा दूसरे दूध एवं 150 किग्रा दूषित मिठाई नष्ट कराई

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** त्यौहारी सीजन में मिलावटखोरों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा की टीम द्वारा जिले के कूम्हां एवं भुसावर उपखंड क्षेत्र के बल्लभगढ़ गांव में कार्यवाही की। कूम्हां स्थिति मैसर्स जय बजरंग डेरी से मावा पनीर व मावा बर्फी के तीन नमूने लेकर 60 किलोग्राम दूषित दूध को नष्ट करवाया गया। उपखंड क्षेत्र भुसावर के गांव बल्लभगढ़ स्थित बंसल किराना बल्लभगढ़ से घी के नमूने लेकर 12 किलोग्राम घी सीज किया गया । जोधपुर मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी का नमूना लिया, सैनी मेवा मिष्ठान भंडार बल्लभगढ़ से बर्फी का नमूना लेते हुए लगभग 150 किलोग्राम दूषित मिठाई नष्ट कराई गई। खाद्य सामग्री के नमूने सग्रह कर खाद्य प्रयोगशाला भिजवाए गए। खाद्य कार्यबारियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ बेचने व साफ-सफाई का समुचित ध्यान रखने के संबंध में निर्देशित किया गया। इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा के साथ रूप सिंह व नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# गोपाष्टमी पर्व 9 नबम्बर को, निकलेगी भव्य शोभायात्रा मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/जुरहरा।** गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर 9 नवम्बर को जुरहरा कस्बे में गणमान्य लोगों की उपस्थिति में भव्य गौ मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर शुक्रवार की रात्रि को कस्बे के मौजिज लोगों की उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन नितिन खण्डेलवाल अध्यक्ष गौ सेवा समिति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के संरक्षक श्यामबाबू खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष जीतू सोनी, मंत्री चंद्रभान स्टार, राहुल सोनी, गजेंद्र जाट सहित अन्य पदाधिकारियों ने मेले में भव्यता लाने के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में 9 नवम्बर के दिन कस्बे में गौ शोभायात्रा निकाले जाने का निर्णय सर्वसम्मति से किया गया। कोषाध्यक्ष जीतू सोनी ने बताया कि शोभायात्रा कस्बे के मुख्य बाजारों से होते हुए बस स्टैंड, बघेल मोहल्ला, सैनी मोहल्ला होते हुए रामलीला मैदान पहुंचेगी जहां शोभायात्रा का समापन होगा। बैठक में मुख्य रूप से विद्यासागर साहू, महेश शर्मा, अजय शर्मा, राजीव अग्रवाल, कर्ण कुमार अग्रवाल, पूरन सैनी, विष्णु लाला, प्रमोद खंडेलवाल (पेप्सी वाले), अमित जखोखरिया, शिवदयाल जांगिड़, केके शर्मा, भूपेंद्र खंडेलवाल, गोवर्धन लाल शास्त्री, पवन सचदेवा, सोनू सोनी, गोपाल गुर्जर, हरीश खंडेलवाल, सुरेश जांगिड़, त्रिलोक गौड, सुरेश जंगम व अशोक माहौर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद उपस्थित रहे।

# मिट्टी के दीपक बेचने वालों को निकाय एवं ग्राम पंचायत करें सुविधा प्रदान

## बाजार में बेचने के लिए समुचित स्थान कराये उपलब्ध

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( यतेन्द्र पाण्डेय्)।** दिपावली के त्यौहार को देखते हुए जिला कलक्टर डॉ अमित यादव ने मिट्टी के दियों को बढावा देने एवं ग्रामीण दस्तकार परिवारों, परम्परागत रूप से कार्य करने वाले कुम्हार परिवारों के लिए नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों का विक्रय के लिए स्थान उपलब्ध कराने एवं सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिये है। जिला कलक्टर डॉ. यादव द्वारा जारी आदेशानुसार दीपावली के पर्व को देखते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में मिट्टी के दीयों की बिक्री के लिए बाजारों में आने वाले दस्तकारों, परम्परागत रूप से दीयों का निर्माण करने वाले कुम्हार परिवारों को समुचित स्थान उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने निकायों एवं ग्रमा पंचायतों से संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि ऐसे लोगों से किसी प्रकार की कर वसूली नहीं की जाये। उन्होंने सभी विभागों को मिट्टी के दियों को बढावा देते हुए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये है।

## मास्टर माइंड स्कुल के विद्याथी दो दिवसीय भ्रमण पर रवाना

बढ़ता राजस्थान

**नारायणपुर (नि.स.)।** कस्बे में पुरानी एसटीसी भवन में संचालित मास्टर माइंड स्कुल का शनिवार को दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आगरा के लिए रवाना हुआ ।इस दौरान स्कुल की दो बसों में 80 विद्यार्थियों सवार थे ।जिनकी विद्यालय परिवार द्वारा खाने-पीने की सम्पूर्ण व्यवस्था थी। विद्यार्थियों के दल को डीग किला, गोवर्धन, मथुरा, वृंदावन, आगरा ताजमहल, आगरा किला, युमुना नदी आदि जगहों का भ्रमण कराया जायेंगा ।संस्था निदेशक रमण सैनी ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों का कौशल बढ़ाना हैं । इस दौरान चेयरमैन राजेश सैनी, अजय शर्मा, जितेन्द्र सिंह, अजीत सिंह, मंजू सैनी, पूजा सैनी, रेखा सैनी, भूपेन्द्र सिंह, कृष्ण गुर्जर, राहुल शर्मा, कालू राम जाट आदि स्टाफ दल के साथ था ।

# पंचायत राज मंत्री से मिला सरपंचों का प्रतिनिधि मंडल

## विकास में आ रही समस्याओं से कराया अवगत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर /कोटा।** राजस्थान के सरपंचों के प्रतिनिधिमंडल ने पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर से उनके आवास पर मुलाकात करके ग्रामीण विकास में आ रही समस्याओं से अवगत कराया तथा विकास का फंड जल्द रिलीज करने की मांग की। सरपंच संघ के मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में सरपंच संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम पलसानिया सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल राष्ट्रीय महामंत्री कृष्ण मुरारी दिलावर सरपंच संघ राजस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष नेमीचंद मीणा नवीन सीलू मुख्य महामंत्री शक्ति सिंह रावत संयोजक महेंद्र सिंह मझेवला मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान प्रवक्ता राम प्रसाद चौधरी लालाराम अण्दा प्रदेश मंत्री महेश पटेल आर के शुक्ला जिला अध्यक्ष करौली प्रकाश मीना जिला अध्यक्ष भरतपुर मनोज चौधरी प्रदेश सचिव लक्ष्मी कंवर सुरेन्द्र मीना तुलसीराम नवलिया महेंद्र सिंह देवनगर सेडूराम यादव अलवर सहित अन्य कई सरपंच साथ थे । वार्ता में जिन मुख्य मुद्दों पर बात हुई उसमें नरेगा सामग्री का राज्य मद का बकाया 370 करोड रुपए रिलीज करने, राज्य वित्त आयोग वित्त वर्ष 2022-23 का बकाया 60 करोड़ केंद्र से आया हुआ 15 वे वित्त आयोग का 800 करोड रुपए जल्द रिलीज करने की बात हुई। इसके अलावा राज्य वित्त आयोग वित्त वर्ष 2023-24 का बकाया 1800 करोड रुपए भी जल्द रिलीज करने की मांग की गई वहीं पंचायत द्वारा निर्माण कार्य में 10 लाख तक की स्वीकृति निकालने के आदेश तथा मस्टरोल में आ रही परेशानियों को दो-तीन दिन में दूर करने की बात कही वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत सरपंचों का कार्यकाल नहीं घटाने व जिन सरपंचों का कार्यकाल पूर्ण होने जा रहा है वहां पर प्रशासक नहीं लगाकर वर्तमान सरपंचों को ही अधिकार दिए जाने पर मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि यह मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं है मैं आपकी बात मुख्यमंत्री से करा सकता हूं इस पर सरपंच संघ के सभी पदाधिकारी ने मांग रखी कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सरपंचों की मुलाकात करवाई जाए इस पर मंत्री मदन दिलावर ने शीघ्र मुलाकात करने का आश्वासन दिया बाकी समस्याओं के निदान के लिए अगले सप्ताह में अधिकारियों के साथ सरपंचों की बैठक करने के लिए पंचायत राज सचिव डॉ जोगाराम को निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य कई मुद्दों पर सकारात्मक वार्ता हुई ।



# पर्यावरण संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा प्लास्टिक को समाप्त कर पर्यावरण संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कि गई। अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि क्लब द्वारा सिल्वर बैल्स स्कूल में प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसानों से स्कूल के छात्र छात्राओं को जागरूक करने के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कि गई जिसमें लगभग 150 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने चित्रों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। किसी ने पेड़ पौधों को बचाने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर चित्र बनाए तो किसी ने प्लास्टिक को रिसाइकिल करने का संदेश दिया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर बच्चों ने अपने मन की बात को चित्रकला के माध्यम से प्रदर्शित किया। सुरेन्द्र अग्रवल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में क्लब द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। अंत में सचिव गौरव सूद द्वारा सहयोग के लिए सभी अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं को धन्यवाद दिया एवं छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। सूद ने कहा कि विभिन्न विषयों पर जागरुकता और सामाजिक सरोकार के कार्यो के तहत रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ सदा प्रयासरत है।

# जयपुर स्थित चांदपोल सर्किल का नाम महर्षि वाल्मीकि चौक होगा

## वाल्मीकि समाज ने मुख्यमंत्री एवं सिविल लाइन विधायक का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** जयपुर स्थित चांदपोल सर्किल का नाम महर्षि वाल्मीकि चौक किए जाने पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा का वाल्मीकि समाज के विभिन्न संगठनों ने आभार जताया है। युवा समाजसेवी विकास नरवार ने बताया कि सरकार ने कई जगह के नाम में परिवर्तन किया है जिसमें जयपुर स्थित चांदपोल सर्किल का नाम अब महर्षि वाल्मीकि चौक किया गया है जिस पर विकास नरवार ने सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा को इस कार्य के लिए सराहना की और आभार जताया। विकास नरवार बताया वाल्मीकि भगवान की 21 फीट की प्रतिमा भी लगाई जाएगी जिससे समाज में हर्ष है। उन्होंने कहा कि सरकार पिछड़े वर्ग को आगे बढ़ते हुए मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर रही है, यह सराहनीय है। इस निर्णय से समाज के विभिन्न संगठनों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा का आभार जताया।

# जिला स्तरीय वॉर ऑफ़ डीजे डिस्क जॉकी हनी बने जिले के सर्वश्रेष्ठ



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** ज़िला स्तरीय वॉर ऑफ़ डीजे का आयोजन शुक्रवार रात को ब्यावर के फ़तहपुरिया बग़ीची में हुआ जिसमे ज़िले के कई डीजे ने भाग लिया जिसको जज करने के लिए जयपुर से डीजे पवन और बैंगलोर से डीजे एवी ट्यून्स आये कार्यक्रम में सभी डीजे ने एक से बढ़कर एक गानों में मिक्सिंग की प्रस्तुति दी जिस पर प्रतियोगिता में आये युवक युवतियाँ जमकर थिरके। डीजे हनी के विनिंग परफॉर्मेंस ने सभी को हैरान कर दिया अपने बॉलीवुड म्यूजिक के साथ टेक्नो की मिक्सिंग और एल ई डी स्क्रीन पर हुए विसुअल इफ़ेक्ट की परफॉरमेंस ब्यावर में प्रथम बार ही प्रस्तुत की गई जिसको सभी ने काफ़ी सराहा जज के मूल्यांकन के आधार पर प्रतियोगिता में डी जे हनी प्रथम स्थान पर रहे। डीजे हितेश द्वितीय स्थान पर रहे और तृतीय स्थान पर डीजे दर्शन चौथे स्थान सचिन , पांचवें पर वैभव रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन एंकर काजोल अरोड़ा ने किया। टीम टेक्नो के शैलेंद्र सांखला ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता डीजे को ग्यारह हज़ार रुपए नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में हमारे स्पॉन्सर का बहुत सहयोग मिला कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी ब्यावर वासीयो का व ग्रुप के भूपेंद्र सिंह, गौरव भाटी हर्ष कुमावत किशन चौहान अभिज्ञान नितिन साहू पंकज साहू दिव्यांश जीते आदि का आभार व्यक्त किया।

# शहीद मुकुट बिहारी मीणा (लड़ानिया) की स्मृति में ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**सारथल( नि.स. )।** लगातार चौथी बार शहीद मुकुट बिहारी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन का शुभारंभ हुआ ग्राम सुलिया जागीर में आयोजित शहीद मुकुट बिहारी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ शनिवार को किया गया प्रथम मैच डग वर्सेस मनोहर थाना के बीच खेला गया क्रिकेट एंट्री फीस?

1100 प्रति टीम रही वहीं प्रथम पुरस्कार विजेता टीम को 31000 रूपय नगद दिया जाएगा व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 21000 रूपए नगद पुरस्कार दिया जाएगा मैच के उद्घाटन के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच व पूर्व फौजी रिटायर्ड अमर लाल मीणा कामखेड़ा रहे इस मौके पर मंच पर उपस्थित ग्राम पंचायत बड़बद के सरपंच प्रतिनिधि भिमराज मीणा, भारतीय किसान संघ तहसील सह मंत्री हरिमोहन मीना, रूद्र प्रताप सिंह राठौड़ (सारथल बना) ,बकट मीणा, हरीश मीणा ,मधुसूदन व्याख्याता, लाला मीणा ,जगदीश नागर, रामनारायण मीणा अध्यापक, भानुप्रताप वैष्णव ,भोजराज नागर , शहीद मुकुट बिहारी क्रिकेट टीम के अध्यक्ष सत्यनारायण मीणा, कोषाध्यक्ष कोमल मीणा, महेंद्र मीणा,सचिव मनोज मीणा, मंच संचालक विक्की बहादुर , जगन्नाथ नागर, ओमप्रकाश नागर, इत्यादि कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने क्रिकेट टूर्नामेंट में सहयोग दिया गया।

# वसुधैव कुटुंबकम् की सच्ची प्रहरी है स्काउटिंग : जायसवाल

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( का.स. )।** विश्व बंधुत्व की भावना को लेकर सेवा भाव से काम करने वाली स्काउटिंग सच्चे मायने में वसुधैव कुटुंबकम् के सच्ची प्रहरी हैं। उक्त विचार राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड कोटा जिले के प्रधान प्रकाश जायसवाल ने प्रकृति अवलोकन पर कोटा से आलनिया पहुंचे स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, देश भक्ति, सड़क सुरक्षा, वृद्धजन सेवा सहित समाज हित को सर्वोपरि मानकर सेवा कार्यों को अंजाम देती स्काउटिंग बालक बालिकाओं में विश्व बंधुत्व का भाव भरती है। कोटा से मीनाक्षी महावर, पूजा महावर, मानसी गोचर एवं योगिता महावर के नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मण्डल केशवपुरा, मां कल्याणी ओपन रेंजर टीम, सरोजनी नायडू ओपन गाइड कंपनी एवं लाल बहादुर शास्त्री ओपन स्काउट ट्रूप के कब, बुलबुल, स्काउट, गाइड एवं रेंजर ने आलनिया डेम देखा। उन्होंने शंकर भगवान, हनुमान मंदिर के साथ नाहरसिंह माता के दर्शन किए। तत्पश्चात स्काउट गाइड ट्रेनिंग सेंटर पर आयोजित बाल विद्यालय के ओपन एयर शिविर का अवलोकन किया जहां एनसीसी कैडेट्स द्वारा लेआउट की दिशा में किए गए प्रयासों को सराहा। इस दौरान आलनिया डेम पर स्काउट गाइड की क्विज सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

# त्यौहार में कोटा से यूपी एवं बिहार जाने वाले के लिए 5 ट्रिप स्पेशल चलेगी

## कोटा से दानापुर के मध्य दिवाली एवं छठ पूजा पर स्पेशल ट्रेन का संचालन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** दीपावली एवं छठ पूजा के त्योहार में अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से कोटा से *गाड़ी सं 09803/09804 कोटा-दानापुर-कोटा के मध्य स्पेशल ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में 17 वातानुकूलित ट्री टियर कोच तथा 02 जनरेटर कार सहित कुल 19 कोच होंगे।

जिससे कोटा से उत्तरप्रदेश एवं बिहार जाने वाले यात्रियों को भीड़ से राहत मिलेगा। गाड़ी संख्या 09803/09804 कोटा-दानापुर-कोटा के मध्य स्पेशल 27 अक्टूबर से 10 नवम्बर,2024 रविवार एवं गुरुवार को कोटा से और 28 अक्टूबर से 11 नवम्बर,2024 सोमवार एवं शुक्रवार दानापुर से 05-05 ट्रिप चलेगी।गाड़ी सं 09803 कोटा से दानापुर के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से रात 21-25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 20.00 बजे दानापुर पहुंचेगी और वापसी गाड़ी संख्या 09804 दानापुर से कोटा के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से रात 21.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 22.25 बजे कोटा पहुंचेगी।

# कक्षा सजाओ प्रतियोगिता व दीपावली स्नेह मिलन समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**सारथल ( नि.स. )।** सारथल विद्या भारती द्वारा संचालित सुशीला देवी आदर्श विद्या मंदिर छीपाबड़ौद में शनिवार सुबह 11.00 बजे कक्षा सजाओ प्रतियोगिता व आचार्य- समिति दीपावली स्नेह मिलन समारोह संपन्न हुआ।

उत्सव जयंती प्रमुख दीपा भारती कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष मोहनलाल मेहरा, उपाध्यक्ष बनेसिंह,सदस्य हरीश गुप्ता के सानिध्य में संपन्न हुआ। मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रधानाचार्य जोधराज नागर ने अतिथियों का परिचय व स्वागत करवाया। कार्यक्रम में सभी कर्तव्यनिष्ठ आचार्य दीदियों को आकर्षक बैग, मिठाई का डिब्बा देकर दीपावली के शुभ अवसर पर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष मोहनलाल मेहरा ने अपने उद्बोधन में सभी को दीपावली पर्व का महत्व बताते हुए दीपावली की अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही कक्षा सजाओ प्रतियोगिता भी संपन्न हुई जिसमें कक्षा नवम ख प्रथम स्थान,नवम क द्वितीय स्थान व नवम क, सप्तम क तृतीय स्थान पर रही। इन सभी विजेता कक्षाओं को दीपावली के त्यौहार के पश्चात वंदना सभा में सम्मानित किया जावेगा। संचालन ललित नागर ने किया।

## दीपावली पर दी अनेक चेहरे पर मुस्कान

# श्री रिद्धि सिद्धि मंडल ओर टीम निवाला सेवा समिति ओर रक्तदाता समूह रावतभाटा द्वारा 'खुशियों का किट - हैप्पी किट' का शुभारंभ

## समूह ने जरूरतमंदों के साथ मनाई दीपावली

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** कोर्डिनेटर विजय गुप्ता ने बताया की शहर के रक्तदाता समूह के 500 रक्तवीर एवं भामाशाह ने सहयोग जुटाकर जरूरतमंद परिवारों में दीपावली खुशियां बांटने के लिए हैप्पी किट तैयार किए हैं। यह हैप्पी किट आसपास के क्षेत्र के 500 जरूरतमंद परिवारों को वितरित किए जाएंगे। अर्जुन तिवारी ने बताया कि हैप्पी किट का शुभारंभ माननीय उपखण्ड अधिकारी महेश गागोरिया , पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़, डिप्टी साहब कमल प्रसाद मीणा एवं रावतभाटा पुलिस प्रशासन द्वारा ग्राम कचोलिया , क्रेशर के पास से किया गया ।यह नई पहल के तहत जरूरतमंद परिवारों के घरों में भी दीपावली की खुशियां आएंगी। आकाश जैन , गोविंद गुप्ता ने बताया कि किट में 500 ग्राम बेसन चक्की , 500 ग्राम खुरमा मठरी , 500 ग्राम पेठा , 500 ग्राम नमकीन , तेल पाउच , 5 दीपक , माचिस , दीपक रूई पैकेट , ईको फ्रेंडली पटाखे , लक्ष्मी जी पूजन सामग्री हे । इस दौरान सतीश शर्मा, बाल किशन गुलाटी , पंकज कक्कड़ ,ज्योति गुप्ता , राहुल ,सुमित , गौतम ,शुभम सोनी, गौरव श्रृंगी ,तरुण पारेता , रामलाल ,पंखू , मोजूद थे ।

# अग्नि पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई राहत सामग्री, समृद्ध भारत अभियान बनी पीड़ित की मददगार

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. )।** उपखण्ड क्षेत्र बयाना के गांव पालीडांग निवासी एक अग्नि पीडित परिवार को समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने दैनिक उपयोग की राहत सामग्री किट प्रदान की और उन्हे ढाढस बन्धाया। निदेशक सीताराम गुप्ता ने बताया कि भरतपुर व डीग जिलों में कोई परिवार आपदा से कष्ट के समय कोई परिवार दु:खी नही रहे और भूखा नही सोए। इसी उद्देश्य से संस्था पीडित परिवारों की हर संभव मदद कर राहत प्रदान करने का प्रयास करती है। समृद्ध भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने बताया कि बयाना उपखण्ड क्षेत्र के गांव पालीडांग निवासी वीरेन्द्र सिंह गुर्जर पुत्र अमर सिंह गुर्जर के छप्परपोश घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसकी सूचना गांव के लोगों ने संस्था को दूरभाष पर दी। सूचना पर सर्वे टीम मौके पर पहुंची और पीडित परिवार के नुकसान की जानकारी लेकर हल्का पटवारी की रिर्पोट देखी। सर्वे टीम व हल्का पटवारी की रिर्पोट पर निदेशक सीताराम गुप्ता ने अग्नि पीडित परिवार के मुखिया वीरेन्द्र सिंह गुर्जर को राहत सामग्री स्वीकृत की। जिस राहत सामग्री को पीडित परिवार को वितरण किया गया। इस मौके पर गांव के गणमान्य नागरिक और संस्था के कुम्हेर सीडीपीओ महेन्द्र अवस्थी, जगदीश यादव, अनिल गर्ग, विष्णु मित्तल, रामकिशन, मोन सेन आदि उपस्थित थे।

## सरस का शुद्ध के लिए युद्ध

# कोटा में स्वच्छ मिठाइयों की नई पहल

## सरस डेयरी की गुणवत्तापूर्ण सेवा, उच्च जांच मानकों वाली शुद्ध मठाईयों के साथ सरस आउटलेट तैयार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** त्योहारी सीजन में मिठाइयों की बढ़ती मांग को देखते हुए कोटा बूंदी दुग्ध उत्पादक संघ सरस डेयरी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बाजार में मिलावटी मिठाइयों की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए आरसीडीएफ के निर्देशानुसार शुद्ध मिठाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया है। इस क्रम में कोटा में भी कोटा बूंदी दुग्ध उत्पादक संघ सरस डेयरी द्वारा मिठाईयों के विभिन्न रेंज उपलब्ध है।

### गुणवत्ता पूर्ण शुद्ध मिठाई

कोटा बूंदी दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने बताया कि सरस डेयरी में उच्च गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।प्रत्येक मिठाई को लैबोरेटरी में जांच के बाद ही बाजार में उतारा गया है।उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार की मिठाइयां जैसे शुद्ध मावा, केसर पेठा, इलायची बर्फी, रसगुल्ले, गुलाब जामुन और सोहन पापड़ी उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए इन मिठाइयों को विभिन्न वजन के पैकेट में उपलब्ध कराया गया है। कोटा उपभोक्ता होलसेल भंडार के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला ने आउटलेट का फीता काटकर आउटलेट का शुभारंभ किया।

### यहां मिलेगी शुद्ध मिठाई

राठौड ने बताया कि कोटा शहर में विभिन्न कांउटरो पर यह शुद्ध गुणवत्तापूर्ण मिठाई मिलेगी। सभी पार्लर पर इनकी विस्तृत रेंज तैयार है।सरस पार्लर, डेयरी के सामने, शिवपुरा,भामाशाह मण्डी अन्नतपुरा,दादाबाडी, स्टेशन रोड,किशनपुरा तकिया, नया गांव, कुन्हाडी,थर्मल-चौराहा, थर्मल प्लॉट के समीप व रेलवे कॉलानी में यह आउटलेट लगाए गए है।

### शुद्ध के लिए युद्ध

राठौड़ ने भारतीय संस्कृति में मिठाइयों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि त्योहारों में मिठाइयां हमारी परंपरा का अभिन्न हिस्सा हैं।

भगवान को भोग के रूप में चढ़ाई जाने वाली मिठाइयों की शुद्धता बनाए रखना विक्रेताओं का प्राथमिक कर्तव्य है। इस पहल से न केवल उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां मिलेंगी, बल्कि मिलावट की समस्या से भी निजात मिलेगी। सरस डेयरी की यह पहल त्योहारी सीजन में लोगों को शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक मिठाइयां उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# डिप्टी एसपी ने बयाना कोतवाली का किया औचक निरीक्षण : गेट पर संतरी नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्य प्रकाश अग्रवाल )।** पुलिस सर्किल के डिप्टी एसपी कृष्णराज जांगिड़ ने शनिवार दोपहर बयाना कोतवाली थाने का औचक निरीक्षण किया। थाने के गेट पर संतरी को नदारद देख डीएसपी ने कड़ी नाराजगी जताई। डीएसपी ने ड्यूटी ऑफिसर को हिदायत देते हुए कहा कि भविष्य में हमेशा संतरी हथियार के साथ गेट पर तैनात मिलना चाहिए। ऐसा नहीं मिलने पर संबंधित संतरी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी एसपी ने थाने की साफ सफाई दुरुस्त करने, थाना परिसर में इधर-उधर पड़े नाकारा सामान को मालखाने में जमा करवाने, थाना परिसर में बेतरतीब खड़े वाहनों को व्यवस्थित तरीके से पार्क करने को कहा। इसके साथ ही विभिन्न मामलों में वर्षों से जब्तशुदा वाहनों के ढेर को देखकर डिप्टी एसपी ने हैरानी जताई। उन्होंने थाना एचएम को ऐसे वाहनों की सूची तैयार कर उन्हें डिस्पोजल कराने को कहा। इसके बाद डिप्टी एसपी थाने की मैस में पहुंचे। मैस की जर्जर हालत को देख डिप्टी एसपी ने उसकी मरम्मत और नवीनीकरण कराने को कहा। उन्होंने मैस में खाना बनाने के लिए लकड़ियों के बजाय गैस सिलेंडर का उपयोग करने को कहा।

## जब्तशुदा वाहनों के निस्तारण के निर्देश



# आई-रैड के डेटा को अध्ययन कर दुर्घटना निरोधात्मक कार्यवाही करें : जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा विशेष टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (नि.स.)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि एनएचएआई के अधिकारी राजमार्ग पर ब्लैक स्पॉर्टस् के मामले में उदासीनता न बरतें, यह लागों के जीवन का मामला है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार विभागों को लापरवाह माना जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा विशेष टास्क फॉर्स एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जिनके विकास कार्यों के दौरान सड़क को किसी प्रकार की क्षति होती है तो उसकी मरम्मत कराया जाना संबंधित कार्यकारी संवेदक से सुनिश्चित करें। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आई-रैड के डेटा को अध्ययन कर दुर्घटना निरोधात्मक कार्यवाही करें। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और इसे रोकने के उपायों के संबंध में जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सम्भावित दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर सांकेतिक बोर्ड एवं निर्धारित गति सीमा को नियंत्रित करने के लिए गति अवरोधक लगाना सुनिश्चित करें एवं दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में दुर्घटना को रोकने के लिए विशेष ध्यान दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एनएचएआई पेट्रालिंग कर आवारा पशुओं को हाइवे से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करे। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं के संभावित क्षेत्रों व ब्लैक स्पॉट, घुमावदार सड़क तथा ब्लाइंड स्पॉट से पूर्व साइनेज लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को बिना नम्बर के वाहनों के विरूद्ध ठोस कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिए। जिला कलेक्टर श्री निधि बी टी ने कहा कि सभी विभाग निर्धारित समय में सड़क सुरक्षा हेतु दिये गये कार्य को पूरा करें जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने वॉटर वर्क्स चौराहे पर ट्रैफिक लाइट को शीघ्र दुरुस्त करने नगर परिषद धौलपुर को आदेशित किया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग बेहतर सामंजस्य एवं रणनीति बनाकर यातायात प्रबन्धन में सहयोग करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, जिला परिवहन अधिकारी देवानंद, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक विभाग राजवीर सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ कमल कुमार जांगिड़ सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।




# कार्यकर्ता अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बने : मोतीलाल मीणा



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (राजू शर्मा)।** भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2024 के चल रहे महापर्व पर राजस्थान मे भाजपा सदस्यता अभियान के अन्तर्गत जिला संयोजक महिला मोर्चा कल्पना शर्मा जी के निज निवास गुरुद्वारा रोड पर भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यता अभियान की बैठक मोतीलाल मीना जी (प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेश सहसंयोजक सदस्यता अभियान) के आतिथ्य में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर जी ने की मोतीलाल मीना जी ने सभी कार्यकर्ताओ को अधिक से अधिक सदस्य बनाने व सक्रिय सदस्य बनने को लेकर प्रेरित किया सदस्य कैसे बनाने है यह महिलाओ को मोबाईल पर समझाया। इस कार्यक्रम मे प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रवण कुमार वर्मा जी , विशंभर दयालजी धौलपुर भाजपा प्रत्याशी डाक्टर शिवचरण कुशवाह , बाडी भाजपा प्रत्याशी गिर्राज सिंह मलिंगा जी जिला महामंत्री नवल लोधा जी, मदन कोली जी ,जिला उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा,मुकेश हनुमानपुरा , धीर सिंह जादौन जिला मंत्री हरेंद्र राव,भानुप्रताप जी पवन त्यागी जी मीडिया प्रभारी ऋतिक वर्मा, पुष्पेन्द्र राजावत जी शिवसिंह कुशवाह जी,दिनेश जी, राजा भाई योगेश जी दीप सिंह कुशवाहा योगेश प्रताप जी एवं शशि त्यागी जी शिप्रा गर्ग नाजिया खान ज्योति नर्मदा शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता और अन्य महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# शहर के निवासियों का प्रतिनिधि मण्डल मिला भाजपा नेता यश अग्रवाल से

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (नि.स.)।** दिनांक 26.10.2024 को शहर के हीरादास से सरसों अनुसंधान केन्द्र मार्ग के निवासियों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने भाजपा नेता यश अग्रवाल से मुलाकात कर अपने समस्या से अवगत कराया। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों ने बताया कि हीरादास से सरसों अनुसंधान केन्द्र तक पूर्व में यातायात व्यवस्था तथा सौंदर्यीकरण को देखते हुए जिला प्रशासन की सहमति से रोड सेंटर से दोनों तरफ सीमा रेखा तय करके 50 फीट की दूरी पर नगर परिषद द्वारा 5×6 साईज के नालों का निर्माण कराया गया जिसके सहारे पेड भी लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि अब उन्हें जिला प्रशासन द्वारा अपने मकानों व दुकानों को शीघ्र हटाने सम्बन्धी नोटिस दिए गए हैं। अगर ऐसा होता है तो इससे सैकडों घर व व्यापारी प्रभावित होंगे। भाजपा नेता यश अग्रवाल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि शहर का सौन्दर्यीकरण व विकास आवश्यक है उसमें लोग प्रभावित भी होते हैं।

सरकार को जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके पुर्नस्थापन हेतु स्थान चिन्हित किया जाना चाहिए जिससे कि जनता को राहत मिल सके। बढती मंहगाई व बेरोजगारी में अगर कोई व्यक्ति बेघर होता है या उसका रोजगार खत्म होता है तो उसके परिवार पर इसका विपरीत असर पडता है। यह भी शासन व प्रशासन को देखना होगा कि किस तरह लोगों को प्रभावित होने से बचाया जा सकता है।

इस दौरान अमित कुमार, पूर्व पार्षद उदय सिंह, राकेश शर्मा, सचिन, मदनमोहन, भोलेश्वर, उत्कर्ष, नितिन, विनोद, मानोज, भूरा, रोहित, हुकम सिंह, जसवन्त सिंह, अनुराग, अनिल, चरन सिंह, योगेश, दौलतराम, पूरन, हरभान सहित प्रतिनिधि मण्डल के अनेक लोग मौजूद रहे।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए करें व्यापक प्रयास : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, (राजू शर्मा)।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक शनिवार को जिला परिषद सभागार में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने डेंगू मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए फील्ड में एंटी लार्वा गतिविधियां करते हुए आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों में बेहतर प्रबंधन कर आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने बैठक में पीसीपीएनडीटी अधिनियम की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी सेवा का लाभ मिले इसके लिए मां वाउचर योजना का ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा को पुनीत कार्य समझकर लोगों को चिकित्सा सेवाओं का लाभ गुणवत्तापूर्ण तरीके से दिया जाना चाहिए। जमीनी स्तर तक चिकित्सा सुविधाओं को और अधिक मजबूत किया जाना चाहिए। गांवों में विशेषकर इन दिनों मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर मजबूत स्वास्थ्य प्रबंधन स्थापित किया जाए। बैठक के दौरान नियमित टीकाकरण, मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा व जाँच योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना, राजश्री योजना, शुद्ध आहार मिलावट पर वार सहित विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा कर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।आईएच आईपी पोर्टल पर एंट्री में कमजोर प्रगति वाले चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही विभागीय गतिविधियों में कमजोर प्रगति वाले चिकित्सा संस्थाओं को सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा तथा राजश्री योजना की समीक्षा करते हुए लंबित भुगतानों का शत प्रतिशत निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवार कल्याण की समीक्षा करते हुए अंतरा तथा पीपीआईयूसीडी की शत प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश। उन्होंने आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित इंडिकेटर्स में अपेक्षित सुधार के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आव्हाद निवृति सोमनाथ ने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे। चिकित्सा संस्थान पर आने वाले मरीजों के उपचार के साथ साथ उन्हे संतुलित आहार और दिनचर्या में सुधार लाने के लिए प्रेरित करे। बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ जयंती लाल मीणा ने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए पूर्व पालना रिपोर्ट तथा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट के बारे में जिला कलक्टर को अवगत करवाया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर वहां स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लें और यदि कहीं कमी पाई जाए तो आवश्यक सुधार करवाया जाए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेंद्र सिंह, पीएमओ विजय सिंह, उप चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीना, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिव कुमार शर्मा,अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी गौरव मीना, समस्त खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारी उपस्थित रहे।

# प्राध्यापक संघ रेसला का दो दिवसीय शिक्षक अधिवेशन संपन्न

## शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं को लेकर अतिथियों से सरकार तक मांग पहुंचाने का आग्रह

बढ़ता राजस्थान





**बाड़ी( राजू शर्मा )।** राजस्थान शिक्षा सेवा प्रध्यापक संघ रेसला का दो दिवसीय शिक्षक अधिवेशन शहर के संतनगर रोड़ स्थित एक निजी मेरिजहोम में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने शिरकत की। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए उनकी विभिन्न मांगों का राज्य सरकार तक पहुचाने और उनके समाधान का आश्वासन दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष मीणा ने सम्मेलन में मौजूद शिक्षकों को बताया कि बच्चों के प्रति समर्पित भाव से शिक्षा दे। जिससे उनमें अच्छे संस्कार पैदा हो और वह देश के अच्छे नागरिक बन सके। उन्होंने बताया कि बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं। आगे चलकर इन्ही बच्चों में से ही कोई राजनेता बनता है तो कोई प्रशासनिक अधिकारी,कोई सेना में सैनिक आदि अलग अलग क्षेत्रों में जाकर देश की सेवा करते है। शिक्षक विद्यार्थी में जिस तरह के संस्कार डालता है विद्यार्थी उसी तरह से आगे बढ़ते हैं।

समारोह की अध्यक्षता बाड़ी के पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा द्वारा की गई। उन्होंने शिक्षकों को समाज का सबसे प्रबुद्ध नागरिक बताया तथा शिक्षकों की मांगों को सरकार से पूर्ण करने का आश्वासन दिया। सम्मेलन में उपस्थित रेसला के प्रदेश उपाध्यक्ष चेतराम सिंह जादौन द्वारा शिक्षकों की विभिन्न मांगों को अतिथियों के सामने रखा। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी विवेक वोहरा ने भी मंच से अपना उद्बोधन दिया। सम्मेलन में सरमथुरा के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र जादोन,बाड़ी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण प्रसाद मीणा, एसीबीईओ रामप्रसाद ने भी विशिष्ठ अतिथि के रूप में मंच से अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान विभिन्न शिक्षक पदाधिकारियों द्वारा सम्मेलन को संबोधित किया गया। अंत मे संगठन के जिलाध्यक्ष जगन्नाथ मीणा द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद दिया गया तथा सम्मेलन में पधारे साथियों का आभार प्रकट किया। सम्मेलन का संचालन लाखन सिंह मीणा व्याख्याता द्वारा किया गया।

**प्राध्यापक संघ रेसला की यह है मुख्य मांगे :** 1 उप प्राचार्य न्यायालय बाद का निस्तारण कर डीपीसी करने। 2 वेतन विसंगति निस्तारण करने के लिए गठित खेमराज कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने। 3 नवक्रमोन्नत 3820 उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याताओ के पद सृजित करने। 4 उपप्राचार्य और प्राचार्य के 3 संतान प्रकरण की डीपीसी करने। 5 चार वर्ष की बकाया व्याख्याता पद की डीपीसी करने। 6 एसबीसी के शून्य मेरिट के व्याख्याता का स्थाईकरण करने। 7 शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त करने। 8 पुरानी पेंशन योजना को यथावत रखने की मांग की गई है।

# हनी ट्रैप के मामले में मां-बेटी और दलाल गिरफ्तार

## टीचर से वसूले गए 12.50 लाख रुपए बरामद, स्कूटी भी जब्त



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** कोतवाली थाना पुलिस ने हनी ट्रैप के मामले में मां-बेटी और एक दलाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से हनी ट्रैप कर सरकारी टीचर से वसूले गए 12.50 लाख रुपए भी जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपियों से टीचर द्वारा दी गई स्कूटी को जब्त की है। मामले को लेकर आईपीएस अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि 28 सितंबर को सरकारी टीचर की पत्नी ने थाने में एक मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया था कि उसका पति सरकारी स्कूल में टीचर हैं, जो गर्मियों की छुट्टी में गरीब बच्चों को मुफ्त में फिजिक्स क्लास देता है। शिक्षक ने एक बच्ची को उसकी मां के कहने पर फिजिक्स की निशुल्क क्लास दी थी। छुट्टियां खत्म होने के बाद उसने क्लास देना बंद कर दिया तो मां और बेटी ने मिलकर शिक्षक को झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर एक स्कूटी और 50 हजार रुपए ले लिए। इसके बाद मां और बेटी ने एक दलाल के साथ मिलकर फिर से 12.50 लाख रुपए की मांग कर दी, जिसको लेकर महिला ने मां, बेटी और दलाल के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया।

जांच अधिकारी ने बताया कि शिक्षक द्वारा 12.50 लाख रुपए देने के बाद दलाल राकेश (38) पुत्र बेताल सिंह ठाकुर निवासी सामौर, आरोपी मां सुनीता (38) पत्नी रामबाबू और बेटी बर्षा (19) पुत्री रामबाबू निवासी लुहारी को लेकर बैंक में पैसे जमा करने पहुंचा। जहां से डीएसटी और कोतवाली पुलिस ने तीनों को पैसों के साथ गिरफ्तार कर लिया। हनी ट्रैप के मामले में गिरफ्तार किए गए दलाल और मां बेटी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

# बाल श्रम रोकने के लिए शुरू होगा जागरूकता कार्यक्रम : जिला कलेक्टर ने किया पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (नि.स.)।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के नेतृत्व में स्टेप टू रेडिक्टेड चाइल्ड लेबर अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत 21 अक्टूबर 2024 से 20 नवंबर 2024 तक जिले में बचाव और पुनर्वास अभियान का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिले में चलाए जा रहे अभियान में विभिन्न बालश्रम के साथ बड़े प्रतिष्ठान, ईंट भट्टे, खदान निर्माण स्थल आदि पर श्रम में लगे बच्चों और नाबालिगों को रेस्क्यू करने की कार्रवाई की जाएगी। जिस संदर्भ में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष मधु शर्मा, चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक हरवेंद्र कुमार और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम धौलपुर की उपस्थिति में जिला कलेक्टर ने जागरूकता अभियान के लिए पोस्टर का विमोचन किया। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष मधु शर्मा ने बताया कि जिले भर में सोमवार से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जाकर लोगों को बाल श्रम नहीं कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाल श्रम एक अपराध है। जिसको लेकर बाल श्रम कराने वाले लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा पोस्टर विमोचन के समय चाइल्ड हेल्पलाइन से काउंसलर वीपी सिंह, सुपरवाइजर दीक्षा सैन, मंजूषा शर्मा, गायत्री, रंजीत सिंह, केस वर्कर राशिद खान मौजूद रहे।

# दीपावली पर बुजुर्गों को पेंशन का इंतजार : विभागीय अधिकारी बोले-ऊपर से बजट नहीं आ रहा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत राज्य और केंद्र सरकार द्वारा निशक्तजनों, विधवा महिलाओं, एकल नारियों और बुजुर्गों को जीवनयापन के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से जोड़ा गया है।

इस योजना के तहत हर महीने बुजुर्गों को एक राशि मिलती है, जिससे वे अपना दैनिक खर्चा निकालते हैं और आत्मबल बनाए रखते हैं। लेकिन पिछले चार महीने से स्थिति यह है कि बुजुर्गों को मिलने वाली पेंशन उनके खातों में नहीं आ रही है। ऐसे में दीपावली के त्योहार पर बड़े बुजुर्ग आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

**दीपावली के लिए परेशान बुजुर्ग :** शहर के हथियापोर निवासी 80 वर्षीय हबीब खान, पुत्र छोटे खां ने बताया कि उनकी पत्नी का इंतकाल हो गया है और वे आंखों से देख नहीं सकते। उनके बच्चे अपनी अलग जीविका उपार्जन कर रहे हैं। उनके लिए सामाजिक सुरक्षा योजना से मिलने वाली पेंशन ही जीवन का आधार है, लेकिन पिछले चार महीने से यह पेंशन नहीं मिली है। इस कारण वे बहुत परेशान हैं। जब वे अधिकारियों के पास जाते हैं, तो उन्हें कहा जाता है कि ऊपर से पेंशन नहीं आई है और लौटा दिया जाता है। वहीं, शहर की छितरिया कॉलोनी निवासी शिवदेई पत्नी जगदीश ने बताया कि उन्हें चार महीने से पेंशन नहीं मिली है। दीपावली का त्योहार नजदीक है, लेकिन खर्चों के लिए पैसे नहीं हैं।

उन्होंने कहा, त्योहार कैसे मनाएंगे, समझ नहीं आ रहा। उनके खाते में भी पिछले चार महीने से पेंशन नहीं आई है। पंचायत समिति स्थित समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में गढ़ी खिराना गांव से आई 65 वर्षीय भगवानदेई ने बताया कि वे हर महीने पेंशन के लिए ई-मित्र पर जाती हैं, लेकिन उनके खाते में पेंशन नहीं आती। वे आर्थिक रूप से परेशान हैं और दीपावली के त्योहार पर संकट का सामना कर रही हैं।





**सैकड़ों बुजुर्गों की परेशानियां :** सामाजिक सुरक्षा के तहत मिलने वाली यह पेंशन पिछले चार महीने से बंद है। शहर के रामचरण प्रजापति, नैनी प्रजापति, बाबू खान, विमलेश, राजकुमारी, दिनेश मंगल सहित सैकड़ों बुजुर्ग परेशान हो रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मनीराम शर्मा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग से जारी होने वाली पेंशन का बजट स्वीकृत नहीं हुआ है, जिसके कारण यह परेशानी उत्पन्न हो रही है।

# उदासीनता तले कपासन में कांग्रेस समर्थित नपा नेता प्रतिपक्ष की किरकिरी पसार रही पैर

## स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री के समाधि स्थल के नहीं बदले हालात

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** त्यौंहारी सीजन में जहां एक और आमजन अपने घर प्रतिष्ठानों की साफ सफाई एवं बाजार सजावट में लगे है ।तो वहीं दीपोत्सव पर्व के अवसर पर कपासन क्षैत्र के विकास पुरुष स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल की दुर्दशा आमजन के साथ क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओ को खटकने लगी है। जिससे उक्त वार्ड नं. 6 से निर्वाचित पार्षद एवं नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष की किरकिरी अब जनता जनार्दन के गलियारों के बाद अब कांग्रेस कार्यकर्ताओ में रोष रूपी चर्चा के साथ पैर पसारती जा रही है।




उल्लेखनीय है कि कपासन क्षैत्र के विकास पुरुष स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना कपासन क्षैत्र के विकास एवं जनहित हेतु सदैव पूर्णतया समर्पित रहे। जिनके विकास के कई ऐसे उदाहरण है। जिन्हें आत्मसात कर पाना उक्त उदासीन जनप्रतिनिधियों के लिए मुश्किल कार्य है। गौरतलब है की विगत दिनों से सोशल मीडिया एवं जनता जनार्दन के गलियारों से चर्चा में आए स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल का विकास कार्य समाचार लिखे जाने तक जस का तस है ।समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित होने के उपरांत समाधि स्थल पर मात्र झाड़ू निकालने की औपचारिकता पूर्ण कर इतिश्री कर ली गयी। जिससे जनता में वाहवाही लूटकर राजनीतिक लाभ साधा जा सके ।यहां पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार के दौरान भी जनप्रतिनिधि को क्षैत्र के विकास पुरुष के समाधि स्थल का विकास कार्य स्मरण नहीं रहा। इधर पार्षद एवं नगर पालिका कपासन नेता प्रतिपक्ष की उदासीनता को लेकर अब क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओ में भी सोशल मीडिया के माध्यम से रोष देखा जा सकता है ।मगर जिम्मेदार के कानों तले जूं तक नहीं रेंग पाई है।

जिस कारण स्तंत्रता सेनानी स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल के हालात त्यौंहारी सीजन में भी जस के तस बने रहने से आमजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ में नेता प्रतिपक्ष को लेकर रोष रूपी किरकिरी बनी हुई है ।साथ ही समाधि स्थल के समीप स्थित गांधी वाटिका का विकास कार्य भी अधर में लटका होने से नगर पालिका कपासन नेता प्रतिपक्ष को कांग्रेस कार्यकर्ताओ की नाराजगी झेलनी पड़ रही है।

## स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पालिका कपासन ने स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शनिवार को स्वच्छ दिवाली शुभ दीवाली अभियान के तहत स्थानीय विद्यालय में स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमे विद्यार्थियो द्वारा वेस्ट टू बेस्ट आर्ट में अनुपयोगी वस्तुओं से सजावटी सामग्री बनाकर आमजन को लोकल फॉर वोकल का संदेश दिया गया।

नगर पालिका एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग ने बताया कि नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा एवं नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी के निर्देशन में नगर पालिका द्वारा क्षैत्र में स्वच्छ दिवाली शुभ दीवाली अभियान संचालित किया जा रहा हैं। जिसमे शनिवार को नगर के गुडलक पब्लिक स्कूल में स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को कचरा पृथक्करण, निस्तारण, वोकल फॉर लोकल, सिंगल यूज प्लास्टिक बैन, वेस्ट टू बेस्ट आर्ट,स्वच्छता ऐप तथा स्वच्छता संबंधित रंगोली बनाकर जागरूक किया गया। साथ ही विद्यार्थियो एवं उपस्थित गणमान्यजनों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गयी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ललिता काकड़ा, कमल सोनी, चन्दा प्रजापत, सावरी बैरवा, सीमा सालवी आदि उपस्थित रहे।

## बाइक सवार लुटेरे ने घर के बाहर खड़ी वृद्ध महिला से पता पूछने के बहाने सोने की चेन लूटने की कोशिश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की शास्त्रीनगर कॉलोनी के दिनदहाड़े एक बाइक सवार लुटेरे ने घर के बाहर खड़ी वृद्ध महिला से पता पूछने के बहाने सोने की चेन लूट की नाकाम कोशिश की। वृद्ध महिला के साहस के चलते लुटेरा रंगेहाथों पकड़ा जा सका। कोतवाली थानापुलिस के अनुसार शास्त्री नगर मेन सेक्टर में रहने वाले छगन लाल जैन की पत्नी सुशीला (60) सुबह करीब 10.15 बजे घर के बाहर गेट पर खड़ी थी। इस दौरान बाइक लेकर एक बदमाश वहां आया। बाइक से उतरकर यह बदमाश पता पूछने के बहाने सुशीला के पास आया। सुशीला ने उक्त बदमाश द्वारा पूछे गये ऐड्रेस के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की, तभी बदमाश ने झपट्टा मारकर सुशीला के गले से सोने की चेन तोड़ ली। आधी चेन बदमाश के हाथ में चली गई, जबकि आधी सुशीला ने अपने हाथ में पकड़ ली। उधर, वारदात को अंजाम देने के बाद यह बदमाश बाइक पर बैठकर भागने लगा तो सुशीला ने साहस दिखाया और उसकी बाइक को पीछे से पकड़ लिया। उनकी चीख पुकार सुनके घर के नजदीक ही मंदिर से चार-पांच लोग सुशीला की मदद को आ गये और उन्होंने इस बदमाश को दबोच लिया। इसके बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने इस बदमाश को पिटाई करने के बाद कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। उधर, कोतवाली पुलिस ने बताया कि छगन लाल जैन की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर मौके से पकड़े गये आरोपित को डिटेन किया है। उक्त आरोपित ने खुद को बड़लियास थाना इलाके का बबलू पुत्र कालू सैन बताया है। पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है।

## मादक पदार्थों की तस्करी में फरार 25 हजार रुपये का ईनामी बदमाश श्रीराम सुथार गिरफ्तार

**एक दर्जन से अधिक मामलों में था वांछित, जिला स्तर के टॉप 10 अपराधी में शामिल, पुलिस अपराधी की दो करोड़ से अधिक की संपत्ति फ्रिज़ करवा चुकी हैं**

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** मादक पदार्थों की तस्करी में 12 प्रकरणों सहित 16 मामलों में चार सालों से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के ईनामी बदमाश श्रीराम सुथार को बस्सी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी श्रीराम सुथार के खिलाफ 21 आपराधिक मामले दर्ज होकर एक दर्जन से अधिक मामलों में वांछित चल रहा था। जिला स्तर के टॉप 10 वांछित अपराधियो की सूची में शामिल था। पुलिस पूर्व में श्रीराम सुथार की दो करोड़ से अधिक की संपत्ति फ्रिज़ करवा चुकी हैं। जिले के बस्सी थाना व अन्य थानों सहित राजस्थान एवं हरियाणा के कई जिलों में मादक पदार्थों की तस्करी में 16 मामलों सहित 21 आपराधिक मामलों में लिप्त श्रीराम सुथार बाड़मेर के बालोतरा से 2021 से पैरोल से फरार चल रहा था। उसके बाद 12 प्रकरणों में लगातार मादक पदार्थों की तस्करी करते हुए उसके खिलाफ कुल 16 प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें सभी मे वांछित था। बस्सी थाने के चार प्रकरणों में भारी मात्रा में अवैध डोडा चूरा, अफीम व वाहन की जब्ती के मामले में भी वांछित था जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 25 हजार रुपये के ईनाम की घोषणा की हुई थी। आरोपी को जिला स्तर के टॉप 10 वांछित अपराधियों की सूची में चयनित किया हुआ था। श्रीराम सुथार के खिलाफ हरियाणा के हिसार व रोहतक जिले, राजस्थान के जोधपुर, बाड़मेर, चुरू, भीलवाड़ा व अजमेर जिलों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## रणिकपुरा में माली परिवार के बाड़े में आग लगाकर गौ वंश को जिंदा जलाया

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शहर के नजदीक माण्डल तहसील के ग्राम रणिकपुरा में माली परिवार के बाड़े में अज्ञात लोगों ने आग लगाकर गौ वंश को जिंदा जला दिया था। इस आगजनी से कई गाये गम्भीर रूप से घायल हो गई थी, जिसमे से आज एक गाय ने दम तोड़ दिया, जो कि वह गर्भवती थी। उसके साथ नवजात बछड़े की भी मृत्यु हो गई। इस आगजनी की घटना को लेकर पुलिस व प्रशासन द्वारा 20 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। न ही अपराधियो को गिरफ्तार किया गया ।जिससे ग्रामीणों व समाज मे जबदस्त रोष व्याप्त है। शनिवार सुबह जलाई गई तीन गौवंश में से एक गौमाता की मृत्यु हो गई ।जिसकी सूचना परिवार वालो ने प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली एवं माण्डल थाने पर दी। सूचना पर प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली ने जिला अध्यक्ष भैरू लाल माली को शीघ्र घटना स्थल पर पहुंचने के लिए निर्देशित किया और पीड़ित माली परिवार को हर सम्भव सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया। प्रदेश महामंत्री के आदेशानुसार जिला अध्यक्ष भैरू लाल माली महासभा के प्रतिनिधि मंडल के साथ गांव रनिकपुरिया घटना स्थल पर पहुचे और पीड़ित परिवार से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उक्त घटना के बारे में रनिकपुरिया ग्राम वासी एवं महासभा द्वारा जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को पूर्व में ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले से अवगत करा दिया गया था।

## नपा अध्यक्ष कपासन ने दैनिक बढ़ता राजस्थान संवाददाता को सम्मानित किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** दशहरा मेला 2024 के उपलक्ष्य में सम्मानित होने के क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष कपासन मंजुदेवी सोनी,एसआर वाटिका प्रतिनिधि नंदकिशोर सोनी एवं युवा समाजसेवी आशीष सोनी द्वारा साफा,उपरना एवं श्री नाथ जी की तस्वीर भेंटकर दैनिक बढ़ता राजस्थान समाचार पत्र के युवा संवाददाता सुनील कुमार डभाड़ीया को पत्रकारिता के क्षैत्र में सराहनीय कार्य करने पर सम्मान किया गया।

## चातुर्मास 2025 को लेकर कपासन संघ प्रतिनिधि मंडल ने साध्वियों को विनती पत्र सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्रमण संघीय आचार्य डॉ. शिव मुनि म.सा.,मधुकर मुनि,विनय मुनि म.सा. एवं कान कुंवर म.सा. की सुशिष्या भीलवाड़ा के बापू नगर में विराजित शासन प्रभावीका कंचन कंवर म. सा.,डॉ. सुलोचना म.सा.,डॉ. सुलक्षणा म.सा. आदि ठाणा 3 के चार्तुमास हेतु श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के प्रतिनिधी मण्डल द्वारा अध्यक्ष कपासन सूर्यप्रकाश सिरोया की अगुवाई मे संघ संरक्षक शंकरलाल लोढा, अनिल बाघमार, सुंदरलाल सांखला, उपाध्यक्ष अशोक बापना, राजेश खाब्या, महामंत्री प्रकाश आंचालिया, कोषाध्यक्ष रूपलाल डांगी, हेमंत



सिरोया आदि द्वारा डॉ. सुलक्षणा म.सा. को चार्तुमास 2025 को लेकर विनती पत्र सौंपा गया। जिस पर महासाध्वी कंचन कंवर म.सा. ने कहाकि दव्य क्षेत्र काल भाव सभी आगारो को ध्यान में रख गुरुदेव की आज्ञा से सुखे समाधे 2025 का चातुर्मास हेतु श्रमण संघ कपासन को आश्वासन प्रदान किया गया। इधर श्रमण संघीय शासन प्रभाविका कंचन कंवर म.सा., डॉ. सुलोचना म.सा.,डॉ. सुलक्षणा म.सा. आदि ठाणा 3 का आगामी 2025 का चातुर्मास कपासन संघ हेतु घोषित किया गया ।नगर कपासन में महासाध्वियों के 2025 चतुर्मास की घोषणा से क्षेत्रीय अनुयायियों में हर्ष व्याप्त है।

## फिजा के अंता पहुंचने पर गांव के लोगो ने किया स्वागत-सत्कार

### गाजे बाजे गाड़ियों के काफिले साथ अपने गांव लेकर रायपुरिया पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी ) ।** अंता पंचायत की ग्राम रायपुरिया की दृष्टि फ़िज़ा (अपनी भाषा मे अंधापन ) ने तैराकी में जीते दो गोल्ड मेडल शनिवार को गोवा से सवेरे साढ़े आठ बजे फ़िज़ा के अंता पहुंचने पर बमोरी तिराहा नागदा रोड पर गांव के लोग दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे फिजा के अंता पहुंचने पर गांव के लोगो ने स्वागत सत्कार किया जहाँ गाव के लोगो का बधाइयो आशीर्वाद देने का ताता लगा रहा । आपको बता दे गोवा में आयोजित 24वीं राष्ट्रीय स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 2024 में क्षेत्र के रायपुरिया गांव के साबिर हुसैन की पुत्री फिजा ने दृष्टि बाधित होने के - बाद भी दो गोल्ड मेडल हासिल किए। दृष्टि बाधित फिजा जीवन में - संघर्ष करती रही और पिता की प्रेरणा -



से खेलों में आगे बढ़ती रही। वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीन गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई और कोच शेराराम के मार्गदर्शन में तैयारी करते हुए फिजा ने 50 मीटर ब्रेस्ट में गोल्ड मेडल व 100 प्रशस्ति पत्र के साथ मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में दो स्वर्ण मेडल प्राप्त किए। इसके अलावा राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में 20 से अधिक मेडल प्राप्त कर अपने गांव रायपुरिया तथा बारां जिले का नाम रोशन किया है। इस चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों के देशभर के पैरा स्विमर्स व एथलीट्स ने भाग लिया। तैराकी कोच शेराराम परिहार ने बताया कि वह दिव्यांग खिलाड़ियों को 2015 से तैराकी का प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने 8 साल में फिज़ा सहित 100 से ज्यादा दिव्यांग तैराक तैयार किए हैं। उनसे प्रशिक्षित खिलाड़ी राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पदक विजेता हैं। इन खिलाड़ियों में 15 खिलाड़ी खेल कोटे व आउट ऑफ टर्न पॉलिसी से सरकारी नौकरी में लग चुके हैं। हाल ही में सातवीं पैरा स्विमिंग प्रतियोगिता में इनके 42 प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने भाग लेकर राज्य स्तर पर 112 पदक हासिल किए। शेराराम वर्तमान में क्रीड़ा परिषद जोधपुर में तैराकी प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।

## बूंदी विधायक ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** राजस्थान की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बून्दी कोटा एयरपोर्ट बनाने हेतु लगभग 3000 बीघा जमीन बून्दी विधानसभा क्षेत्र तह. तालेडा की निशुल्क दी गयी थी। प्रशासनिक रूप से भी संपूर्ण नियत्रण कानून व्यवस्था सहित बून्दी का ही रहेगा यह कहना है बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा का। विधायक शर्मा ने एयरपोर्ट के एमओयू मे बूंदी का नाम शामिल नही करने को लेकर गहरी नाराजगी प्रकट करते हुये लोकसभाध्यक्ष को पत्र लिखा है। उन्होने पत्र मे लिखा है कि ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक दृष्टिकोण से भी बून्दी का एक विशेष महत्व है। पूर्व में कोटा भी बून्दी रियासत का एक भाग रहा है। कोटा की मूल जननी भी बून्दी ही है। वैसे तो शर्मा को यह पत्र लिखने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए थी अगर आप स्वयं ही एमओयू में बून्दी का नाम भी अंकित करवा देतें। लेकिन मुझे जो जानकारी मिली है कि एयरपोर्ट के प्रस्तावित नाम मे बून्दी का नाम नहीं लिखा गया है। जो अनुचित ही नहीं बल्कि बून्दी की अस्मिता के साथ अन्याय भी



है। मैने विधानसभा में भी एमओयू में बून्दी का नाम नही होने पर इस सबंध में मुख्यमंत्री का भी ध्यान आकर्षित किया था। बून्दी जिले के समस्त नागरिक एमओयू में बून्दी का नाम नहीं होने पर अपने आपको अपमानित महसूस कर रहे है तथा इससे समस्त जिले की जनता में जन आक्रोश है।

उन्होने लिखा कि गत दिनो हुई दी बून्दी अरबन कॉपरेटिव बैंक की आमसभा में भी हजारों लोगो की उपस्थिति में जिले के सभी विधायकों, जनप्रतिनिधियों एवं समस्त नागरिकों द्वारा तथा 3 अक्टूम्बर को मोती पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में राजपूत समाज सहित अन्य समाजों के सभी प्रबुद्धजनों द्वारा सर्वसम्मति से एयरपोर्ट बून्दी में बून्दी का नाम अंकित होने का प्रस्ताव पारित किया है।

## मदनलाल बंजारा उपाध्यक्ष मनोनित



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखंड क्षेत्र के गांव आक्या खेड़ा बंजारों का खेड़ा निवासी मदनलाल बंजारा को आरएमएसएस संगठन सम्पूर्ण भारत जन कल्याणकारी योजना प्रचार, प्रसार अभियान संगठन का जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया गया।

आरएमएसएस संगठन सम्पूर्ण भारत जन कल्याणकारी योजना प्रचार, प्रसार अभियान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यदुवंशी ने गांव आक्या खेड़ा के निवासी मदनलाल बंजारा को झालावाड़ जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया, इनकी नियुक्ति पर स्थानीय कार्यकर्ताओ में हर्ष व्याप्त है।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय सांसद सीपी जोशी को कपासन में ज्ञापन सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल कपासन के पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्रीय सांसद सीपी जोशी को विधायक अर्जुनलाल जीनगर की अगुवाई में शनिवार को रेलवे विकास संबंधी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। युवा मोर्चा कपासन नगर अध्यक्ष विकास बारेगामा ने बताया कि सांसद सीपी जोशी के कपासन अल्पप्रवास के दौरान विधायक अर्जुनलाल जीनगर की अगुवाई में नगर के राजमार्ग स्थित दुर्गा माता मंदिर पर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा कपासन रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ाने, ट्रेनों के ठहराव सहित जनता की बहुप्रतीक्षित मांगों से सासंद सीपी जोशी को अवगत कराया गया। ज्ञापन में खजुराहो, बांद्रा टर्मिनस, जयपुर असारवा एवं नाथद्वारा ओखा ट्रेन का कपासन रेलवे स्टेशन पर ठहराव की विशेष मांग तथा आरक्षण खिड़की का बढ़ाने का आग्रह, उदयपुर हरिद्वार ट्रेन को प्रतिदिन करना सहित उदयपुर वैष्णो देवी नियमित ट्रेन का कपासन में ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की गयी है। इस मौके पर सांसद सीपी जोशी ने कहाकि नरेंद्र मोदी सरकार रेलवे की सुविधाओं का विस्तार करने के लिए संकल्पबद्ध है।

जिसके अंतर्गत कपासन रेलवे स्टेशन पर 17 करोड़ की लागत से स्टेशन का नवनिर्माण व सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। साथ ही उच्च अधिकारियों से चर्चा कर आमजन को राहत प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा।

ज्ञापन दौरान श्रवण सिंह राव, नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली, नगर महामंत्री अशोक विजयवर्गीय, मुंगाना सरपंच प्रतिनिधि कैलाश अहीर, महामंत्री सोहन खटीक, रमेश चोटिया, अखिलेश तिवारी, सुरेंद्र सिंह राठौड़, विमल सुथार आदि भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शुध्दता एवं सेवा का संगम है सहकार भारती का मिठाई वितरण प्रकल्प

**सहकार भारती द्वारा दीपावली पर शुद्ध एवं न्यूनतम दर पर मिठाइयां नमकीन उपलब्ध कराएगी**

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शुद्धता एवं सेवा का संगम है सहकार भारती का मिठाई वितरण प्रकल्प ,शुद्धता की सौ फ़ीसदी गारंटी के साथ सहकार भारती मिठाइयां बनाकर वितरण करती है साथ ही प्राप्त राशि विभिन्न सेवा प्रकल्प एवम गायों के चारा व अन्य सेवा कार्यों में अनुदान दे दिया जाता है सहकार भारती भीलवाड़ा द्वारा दीपावली के अवसर पर शुद्ध एवं न्यूनतम दर पर 6 प्रकार की मिठाइयां व दो प्रकार की नमकीन उपलब्ध करवाएगी, सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री सुनील सोमानी ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से लगातार मिठाइयों में शुद्धता की गारंटी के साथ सहकार भारती भीलवाड़ा मैं मिठाइयां बनाकर उपलब्ध करा रही है भीलवाडा महानगर एवं ग्रामीण स्तर पर 100 से अधिक केंद्रों के माध्यम से शुद्ध मिठाइयां वितरण की जा रही है 6 प्रकार की मिठाईया 2 तरह की नमकीन जिसमें प्लेन नमकीन व मिक्स नमकीन, केसर कतली, प्लेन कतली, ड्राई फ्रूट गोंद पाक, ? मिठाइयों में मेवाड़ी बेसन चक्की, चॉकलेट कम्पाउड, सफेद कम्पाउन्ड सम्मिलित है,यह मिठाइयां आकर्षक प्लास्टिक के डिब्बे में 500 ग्राम व 1 चद्द की पैकिंग में उपलब्ध है।

# घर में लगातार 18 सीरीज जीतने के बाद हारा भारत

## न्यूजीलैंड की भारत में पहली सीरीज जीत; अश्विन ने कुंबले को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली

न्यूजीलैंड की टीम ने पुणे टेस्ट जीतकर इतिहास रच दिया है। कीवी टीम ने भारत के खिलाफ इस जीत से तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। यानी कि एक मैच बाकी रहते ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है। न्यूजीलैंड की टीम पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज जीती है। न्यूजीलैंड की टीम भारत दौरे पर 1955 से आ रही है लेकिन अब तक टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी थी। वहीं, भारत की घर में 12 साल में पहली टेस्ट सीरीज हार भी है। भारत अपने घर में आखिरी टेस्ट सीरीज 2012 में हारा था।

आखिरी बार 2012 में घरेलू सीरीज हारी थी टीम इंडिया भारतीय टीम पिछले 12 साल से घर में कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारी थी। आखिरी बार 2012 में इंग्लैंड ने टीम इंडिया को भारतीय सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में हराया था। इंग्लैंड ने 4 मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया था। सीरीज का एक मैच ड्रॉ भी रहा था। भारत 18 सीरीज के बाद घरेलू मैदानों पर कोई टेस्ट सीरीज हारा है। इससे पहले 12 साल से लगातार 18 सीरीज जीता था।

69 साल में पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज जीती न्यूजीलैंड टीम भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच नवंबर 1955 में खेला गया था। तब से लेकर अब तक न्यूजीलैंड की टीम भारत में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती थी। कीवी टीम ने 69 साल का सूखा खत्म किया है। इन 69 सालों में इस सीरीज से पहले दोनों टीमों के बीच 12 सीरीज खेली गई। इसमें 10 भारत जीता और 2 ड्रॉ रही।

घर में लगातार सबसे ज्यादा टेस्ट सीरीज जीतने का रिकॉर्ड भारत के नाम भारत इस सीरीज से पहले घर में लगातार रिकॉर्ड 18 टेस्ट सीरीज जीता था। घर में लगातार सबसे ज्यादा टेस्ट सीरीज जीतने के मामले में टीम इंडिया पहले नंबर पर है। वहीं दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया का नाम आता है। ऑस्ट्रेलिया ने घर में लगातार 10 टेस्ट सीरीज जीती है।

सबसे ज्यादा इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच जीता है भारत भारत ने 583 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उसे 180 में जीत हासिल मिली। जबकि 179 में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, 222 मैच ड्रॉ रहे हैं। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा



टेस्ट खेले भी हैं और जीते भी हैं। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 136 टेस्ट खेले हैं और इस दौरान उसने 35 मैच जीते हैं, जबकि 51 में उसे हार मिली है।

अश्विन ने कुंबले को पीछे छोड़ा भारत के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन टेस्ट में सबसे ज्यादा बल्लेबाजों को शून्य पर आउट करने वाले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में अनिल कुंबले को पीछे छोड़ा। अश्विन ने 78 बार बल्लेबाजों को 0 पर आउट किया है। वहीं, कुंबले ने 77 बार ऐसा कारनामा टेस्ट में किया था। अश्विन ने पुणे टेस्ट मैच के तीसरे दिन टिम साउदी को जैसे ही 0 पर आउट किया, इसी के साथ उन्होंने यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

यशस्वी एक कैलेंडर ईयर में घरेलू टेस्ट में 1000+ रन बनाने वाले तीसरे भारतीय यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे टेस्ट मैच की आखिरी पारी में 65 गेंदों पर 77 रन बनाए। यशस्वी घरेलू टेस्ट मैचों में एक कैलेंडर ईयर में 1000 से अधिक रन बनाने वाले तीसरे भारतीय और कुल 7वें बल्लेबाज बने हैं। भारत के लिए पहले ये कारनामा गुंडप्पा विश्वनाथ और सुनील गावस्कर कर चुके हैं।



## रोहित बोले- हमने पहली पारी में अच्छी बल्लेबाजी नहीं की हम एक टीम के रूप में फेल रहे; न्यूजीलैंड ने हमसे बेहतर खेला

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे टेस्ट हारने के बाद अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर चिंता जताई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट न्यूजीलैंड ने 113 रन से जीता। इसी के साथ कीवी टीम सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली।

रोहित ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने पहली पारी में ज्यादा रन नहीं बनाए, जिससे हम खेल में पीछे रह गए। न्यूजीलैंड ने 259 रन बनाए और हम सिर्फ 156 रन बनाकर ऑल आउट हो गए। यह हमारी बल्लेबाजी में कमी को उजागर करता है।

न्यूजीलैंड ने पहला मैच 113 रन से जीता न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए पहली पारी में 259 रन बनाए। वहीं, भारत 156 रन पर ऑलआउट हो गया। इसके बाद, कीवी टीम दूसरी पारी में 255 रन पर आउट हो गई और भारत को 359 रन का टारगेट दिया। भारतीय टीम



दूसरी पारी में 245 रन ही बना सकी और 113 रन से मैच हार गई। मिचेल सैंटनर ने पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए। भारत 18 सीरीज के बाद घरेलू मैदानों पर कोई टेस्ट सीरीज हारा है।

एकजुट होकर काम करना होगा उन्होंने आगे कहा, हम एक टीम के रूप में फेल रहे। मैं सिर्फ बल्लेबाजों या गेंदबाजों को दोष नहीं देना चाहता। यह पूरी टीम की असफलता है। हमें उस चुनौती को स्वीकार करना होगा जो हमें दी गई थी। हर हार से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। हमें अपने खेल में सुधार करना होगा और इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा।

यह वैसा नहीं था जैसा हमने सोचा था रोहित शर्मा ने कहा, यह निराशाजनक है। यह वैसा नहीं था जैसा हमने सोचा था। न्यूजीलैंड को श्रेय देना होगा। उन्होंने हमसे बेहतर खेला। हम कुछ खास मौकों का फायदा नहीं उठा सके।

हम वानखेड़े में बेहतर योजना के साथ उतरेंगे रोहित ने आगे कहा, हम वानखेड़े में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और उस मैच को जीतने की कोशिश करना चाहते हैं। हम वानखेड़े में बेहतर इरादे, बेहतर योजना और बेहतर तरीकों के साथ उतरेंगे।

## जडेजा ने बॉल डायवर्ट करके ओरूर्क को रन आउट किया : यंग ने दूसरे अटेम्प्ट में कैच लिया

न्यूजीलैंड ने भारत में पहली बार सीरीज जीतकर इतिहास रच दिया है। इसी के साथ इंडिया का घर में लगातार 19 सीरीज जीतने का सपना भी टूट गया। पुणे में खेले दूसरे टेस्ट में कीवियों ने 113 रन से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ कीवियों ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सुंदर ने एजाज पटेल का शानदार कैच लिया, जडेजा ने बॉल को डायवर्ट करके ओरूर्क को रन आउट किया, जायसवाल ने सिक्स लगाकर टीम का खाता खोला...ये दिन के यादगार पल रहे।

***पढ़िए ऐसे ही टॉप-7 मोमेंट्स...***

### 1. सुंदर का शानदार कैच

न्यूजीलैंड का 9वां विकेट रवींद्र जडेजा ने लिया। पारी के 68वें ओवर में एजाज पटेल ने मिडिल स्टंप पर गुड लेंथ बॉल को डीप मिडविकेट पर स्लॉग स्वीप किया। यहां खड़े वॉशिंगटन सुंदर ने दायीं ओर भागते हुए शानदार कैच पकड़ा। एजाज पटेल एक रन पर पवेलियन लौटे।

### 2. विलियम ओरूर्क रनआउट हुए

70वें ओवर में विलियम ओरूर्क कैजुअल तरीके से रनआउट हो गए। ये न्यूजीलैंड का 10वां विकट था। यहां जडेजा ने ग्लेन फिलिप्स को ऑफ स्टंप पर गुड लेंथ बॉल डाली जिसे फिलिप्स ने कट किया। कवर पर खड़े सुंदर ने सुस्ती दिखाते हुए आराम से थ्रो किया। जिस वजह से ओरूर्क भी आराम से भाग रहे थे। जडेजा ने बॉल को स्लाइड करके स्टंप पर मार दिया, भारत को विकेट मिला। यहां जडेजा सुंदर से निराश दिखे।



### 3. जायसवाल का पहली बॉल पर कैच छूटा

भारत की दूसरी पारी की पहली बॉल पर यशस्वी जायसवाल को जीवनदान मिला। वे टिम साउदी की उछाल भरी बॉल को कट करना चाहते थे, लेकिन बॉल ग्लेन फिलिप्स के पास गई, जिसे उन्होंने छलांग



लगाते हुए एक हाथ से पकड़ा, लेकिन रिप्ले देखने के बाद थर्ड अंपायर ने जायसवाल को नॉटआउट करार दिया।

### 4. जीवनदान की अगली बॉल पर सिक्स

इंडियन इनिंग की दूसरी ही बॉल पर साउदी को यशस्वी जायसवाल ने सिक्स लगाया। शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ गेंद को एक्रॉस जाकर जायसवाल ने मिडविकेट के ऊपर सिक्स के लिए भेजा। इस ओवर की तीसरी बॉल पर जायसवाल ने फिर से बैकवर्ड पॉइंट पर चौका लगा दिया।

### 5. गिल का कैच छूटा

12वें ओवर में शुभमन गिल आउट होने से बच गए। सैंटनर की बॉल गिल के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर पीछे गई और विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के पैड से लगकर स्लिप पर खड़े डेरिल मिचेल की ओर गई। इस बॉल पर पहले ब्लंडेल फिर मिचेल से कैच छूटा।

### 6. ऋषभ पंत शून्य पर रनआउट

भारत ने 23वें ओवर में चौथा विकेट गंवा दिया। ऋषभ पंत शून्य के स्कोर पर रनआउट हो गए। कोहली ने एजाज पटेल की गुड लेंथ बॉल को बैकवर्ड पॉइंट की तरफ धकेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। सैंटनर ने विकेटकीपर एंड पर थ्रो किया, पंत ने डाइव लगाई, लेकिन रन पूरा नहीं कर पाए।

### 7. यंग ने दूसरे अटेम्प्ट में कैच लिया

37वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर 21 रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स की बॉल पर सुंदर ने डिफेंस किया। बॉल, बैट का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई और शॉर्ट लेग पर खड़े विल यंग के पास गई। गेंद यंग की हथेली पर लगी और दूसरे प्रयास में उन्होंने कैच लिया। वॉशिंगटन सुंदर ने 21 रन बनाए।

## 43 साल के धोनी आईपीएल खेल सकते हैं कहा- कुछ और साल क्रिकेट एंजॉय करना चाहता हूं, मुझे 9 महीने फिट रहना पड़ता है

गोवा।

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी (43) ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग खेलने के संकेत दिए हैं। धोनी ने कहा कि वे कुछ साल और इस खेल को एंजॉय करना चाहते हैं।

हालांकि अभी तक धोनी ने अपनी अवेलिबिलिटी के बारे में कोई कन्फर्मेशन नहीं दिया है। धोनी को सीएसके मैनेजमेंट की 29-30 अक्टूबर को होने वाली मीटिंग में शामिल होना है, लेकिन उनके शामिल होने को लेकर आधिकारिक बयान नहीं आया है। आईपीएल के लिए रिटेंशन लिस्ट देने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। सीएसके मैनेजमेंट की मीटिंग में ही धोनी पर फैसला होना है।

एमएस धोनी आईपीएल के पहले सीजन से ही चेन्नई से खेल रहे हैं। उन्होंने अब कप्तानी छोड़ दी है। पिछले सीजन में ऋतुराज गायकवाड़ ने सीएसके की कप्तानी की थी, लेकिन टीम प्ले ऑफ में जगह नहीं बना पाई थी। धोनी की कप्तानी में सीएसके 5 खिताब जीत चुकी है।

धोनी बोले- प्रोफेशनल क्रिकेट मुश्किल धोनी ने शुक्रवार को एक प्रमोशनल इवेंट में कहा- बचपन में हम शाम 4 बजे खेलने के लिए बाहर जाते थे और खेल का आनंद लेते थे, लेकिन जब आप प्रोफेशनल स्पोर्ट खेल रहे होते हैं, तो क्रिकेट को एक खेल के तौर पर एंजॉय करना कठिन हो जाता है। मैं यही करना चाहता हूं।

यह कठिन नहीं है। इमोशन होंगे, पर वहां कमिटमेंट भी होगा। मैं इस खेल को कुछ साल और एंजॉय करना चाहता हूं। मुझे खुद को 9 महीने तक फिट रखना पड़ता है, ताकि ढाई महीने आईपीएल खेल सकूं। इसके लिए प्लान करना जरूरी होता है। साथ ही थोड़े समय शांत भी रहना



होता है। पिछले सीजन में 224 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए धोनी ने आईपीएल के पिछले सीजन में 11 मैच खेले थे। उन्होंने 224.48 के स्ट्राइक रेट से 110 रन बनाए थे। उनका बेस्ट नाबाद 37 रन रहा। धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पारी के आखिरी ओवर में टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या को लगातार 3 सिक्स लगाए थे।

रिटेंशन रूल से कैसे खेल सकेंगे धोनी, 3 पॉइंट से समझे

एमएस धोनी अनकैप्ड प्लेयर बनकर आईपीएल खेल सकते हैं। 2021 में बंद किए गए अनकैप्ड प्लेयर रूल को आईपीएल में इस साल फिर से शामिल किया गया है। इसमें 5 साल पहले इंडियन टीम से रिटायर होने वाले खिलाड़ी ऑक्शन में बतौर अनकैप्ड प्लेयर बनकर शामिल हो सकेंगे। 5 बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन उन्होंने भारत के लिए आखिरी मैच 2019 में खेला था।

## पाकिस्तान ने 2021 के बाद घर में सीरीज जीती : इंग्लैंड को 9 विकेट से हराया; साजिद खान को मैच में 10 विकेट; शकील का शतक

रावलपिंडी।

रावलपिंडी टेस्ट में पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 9 विकेट हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने 2021 के बाद घर पर सीरीज (2-1) से जीत ली है।

मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी 112 रन पर बिखर गई हैं। टीम ने पाकिस्तान को 36 रन का टारगेट दिया। जिसे टीम ने 3.1 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान शान मसूद ने 6 बॉल पर 23 रन की पारी खेली। उन्होंने सिक्स लगाकर मैच जिताया।

शनिवार को इंग्लैंड ने अपने कल के स्कोर 24/3 से आगे खेलना शुरू किया। टीम से जो रुट ने 33 और हैरी ब्रूक ने 26 रन की पारी खेली। पाकिस्तान से साजिद खान ने मैच में 10 विकेट लिए। जबकि नोमान अली को 9 विकेट मिले। सऊद शकील ने 134 रन की पारी खेली।

पाकिस्तानी स्पिनर्स का दबदबा

तीसरे दिन पाकिस्तान के गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग की। लेफ्ट ऑर्म स्पिनर नोमान अली ने 5 विकेट लिए। उन्होंने जैक क्रॉले को 2 रन, ओली पोप को 1 रन, जो रुट 33 रन, हैरी ब्रूक 26 रन और कप्तान बेन स्टोक्स को 3 रन पर आउट कर दिया।

नोमान ने 18.2 ओवर में 42 रन देकर 6 विकेट लिए। स्पिनर साजिद खान ने 4 विकेट लिए। स्पिनर साजिद खान ने 18 ओवर में 69 रन पर 4 विकेट लिए।

दूसरे दिन का खेल. ..

पाकिस्तान की तीसरे टेस्ट में वापसी हो गई है। रावलपिंडी में तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 24 रन बनाए। सऊद शकील, नोमान अली और साजिद खान ने पाकिस्तान को मुश्किल हालात से निकाल कर मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है। पाकिस्तान के लिए दूसरी पारी में अब तक नोमान ने 2 और साजिद ने 1 विकेट लिया है।

पाकिस्तान ने पहली पारी में 344 रन बनाए। सउद शकील ने 233 गेंदों पर 134 रन की शानदार पारी खेली। नोमान अली ने 45 और साजिद खान ने नाबाद 48 रन की पारी खेली। नोमान ने पहले टेस्ट में दोनों परियों में 11 विकेट और साजिद खान ने 9 विकेट लिए।



### सऊद शकील का शतक

मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद अपने कल के स्कोर पर मात्र 3 रन जोड़े सके और 26 रन पर आउट हो गए। इसके बाद लड़खड़ाती पारी को सऊद शकील और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने संभाला। दोनों ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 52 रन जोड़े। इससे पहले शान मसूद और शकील ने मिलकर 53 रन जोड़े थे।

सऊद शकील ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया। उन्होंने 134 रन की पारी खेली। पारी में शकील ने 5 चौके लगाए।

शकील ने नोमान अली और साजिद खान के साथ अंतिम 2 विकेट के लिए फिफ्टी साझेदारी की। उन्होंने आठवें विकेट के नोमान के साथ 151 गेंदों पर 88 रन की पार्टनरशिप की। इसके बाद नौवें विकेट के लिए उन्होंने साजिद खान के साथ 72 रन जोड़े।

इससे पहले स्पिनर रेहान अहमद ने मोहम्मद रिजवान को 25 रन पर आउट करके साझेदारी तोड़ी। सलमान आगा को 1 और आमेर जमाल को 3 रन पर आउट करके रेहान अहमद ने अपना दूसरा और तीसरा विकेट लिया। रेहान ने कुल 4 विकेट अपने नाम किए।

पहले दिन का खेल... रावलपिंडी में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन पकिस्तान ने इंग्लैंड को 267 रन पर ऑलआउट कर दिया। टीम से साजिद खान ने 6 और नोमान अली ने 3 विकेट लिए।

इंग्लैंड की तरफ से विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने सबसे ज्यादा 89 रन बनाए। उनके अलावा बेन डकेट ने 52 रन की पारी खेली। गस एटकिंसन ने 39 रन का योगदान दिया।

गुरुवार को पाकिस्तान ने पहले पारी में स्टंप्स होने तक 3 विकेट खोकर 73 रन बना लिए है। कप्तान शान मसूद 14 और कामरान गुलाम 3 रन बनाकर नाबाद है। अभी टीम इंग्लैंड से 194 रन पीछे है। जैक लीच, एटकिंसन और बशीर ने 1-1 विकेट लिए।

इंग्लैंड अच्छी शुरुआत के बाद लड़खड़ाई टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के ओपनर जैक क्रॉली और बेन डकेट ने टीम को शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर 56 रन जोड़े। लेफ्ट ऑर्म स्पिनर नोमान अली ने 29 रन पर क्रॉली को सईम अयूब के हाथों कैच कराया। इसके बाद स्पिनर साजिद खान ने 6 विकेट लिए। उन्होंने ओली पोप को 3, जो रुट और हैरी ब्रूक को 5 रन पर आउट किया।

# लाइव परफॉर्म करते हुए स्टेज पर गिरीं विद्या बालन : खुद को संभालकर तुरंत पूरा किया स्टेप, बोलीं- माधुरी के भरोसे ही परफॉर्म किया

शुक्रवार को कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित की अपकमिंग फिल्म 'भूल भुलैया 3' का गाना 'आमी जे तोमर' का नया वर्जन रिलीज किया गया।

मुंबई में हुए एक इवेंट में इस गाने को लॉन्च करते हुए विद्या बालन और माधुरी दीक्षित ने इसी गाने पर लाइव परफॉर्मेंस दी।

इस परफॉर्मेंस के दौरान विद्या का पांव साड़ी में फंसा और वो स्टेज पर गिर पड़ीं। हालांकि, एक्ट्रेस ने इस मोमेंट को बड़ी ही खूबसूरती से हैंडल करते हुए डांस स्टेप में बदल दिया।

गिरते ही स्टेज पर बैठ गईं विद्या मुंबई के रॉयल ओपेरा हाउस में रखे गए इस सॉन्ग लॉन्चिंग इवेंट में कार्तिक, विद्या और माधुरी समेत फिल्म के मेकर्स भी मौजूद थे।

यहां विद्या और माधुरी ने गाने पर परफॉर्म करते हुए इसे लॉन्च किया। इसी परफॉर्मेंस के दौरान विद्या डांस करते हुए स्टेज पर गिरीं और जमीन का बैठ गईं। हालांकि, उन्होंने तुरंत इस पल को संभाल लिया और किसी को महसूस नहीं होने दिया कि उनके साथ क्या हुआ है। माधुरी संग स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए बड़ी बात- विद्या परफॉर्मेंस के बाद विद्या ने कहा कि इस फिल्म में माधुरी दीक्षित के साथ काम करना उनके लिए सम्मान की बात है। विद्या ने बताया कि उनकी बहन ने उनसे कहा- 'तुम कभी माधुरी जैसा बनना चाहती थीं और आज उनके साथ डांस कर रही हो, क्या यह बड़ी बात नहीं है?' एक्ट्रेस आगे बोलीं- आज भी देखिए मैं स्टेज पर गिर गई, लेकिन फिर उठकर मैंने परफॉर्म किया माधुरी जी के भरोसे।'

यूजर्स बोले- जो गिरते ही संभल जाए वो विद्या बालन इस वायरल वीडियो को देखकर जहां कई लोगों ने विद्या की तारीफ की है, तो वहीं कुछ का कहना है कि यह एक पब्लिसिटी स्टंट था।

एक यूजर ने लिखा- 'जो गिरते ही संभल जाए उसे विद्या बालन कहते हैं।' एक अन्य ने लिखा, 'विद्या ने जिस अंदाज में उस मोमेंट को संभाला देखकर मजा ही आ गया।'

वहीं एक यूजर ने कमेंट किया, 'आजकल गिरना ट्रेंड बन चुका है।'



## नए ट्विस्ट के साथ टीवी पर धमाल मचाएगा सी.आई.डी, कटघरे में होंगे दया पर गोली चलाने वाले ऑफिसर अभिजीत

टीवी का पॉपुलर कॉप थ्रिलर शो सीआईडी की 6 साल बाद वापसी हो रही है। हाल ही में एक प्रोमो के जरिए शो के अगले सीजन की अनाउंसमेंट हुई थी। शो में एसीपी प्रद्युमन (शिवाजी सतम) अपने दो सीनियर ऑफिसर्स अभिजीत (आदित्य श्रीवास्तव) और दया (दयानंद शेट्टी) के साथ वापस आ रहे हैं। लेटेस्ट प्रोमो से हिंट मिला है कि इस बार का शो पहले से थोड़ा हटकर होगा।

### अभिजीत ने बढ़ाई एसीपी की मुश्किलें

एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। आज के समय में छोटे पर्दे पर बहुत कम ही सीरियल्स ज्यादा समय तक टिक पाते हैं। कुछ तो महीनों में ही बंद हो जाते हैं, लेकिन एक ऐसा शो था जिसने 20 साल तक टीवी पर राज किया था। यह शो है कॉप थ्रिलर सीआईडी। 20 साल तक इस शो ने दर्शकों को एंटरटेन किया था।

2018 में सीआईडी का आखिरी एपिसोड ऑन-एयर हुआ था और अब 6 साल बाद फिर से शो की वापसी हो रही है। 24 अक्टूबर को सीआईडी की पहली झलक शेयर करते हुए इसकी वापसी का एलान किया गया था। अब एक और प्रोमो के साथ दर्शकों की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया गया है।

### अभिजीत का केस सॉल्व करेंगे एसीपी

दरअसल, सीआईडी का नया चैप्टर सबसे हटके होने वाला है। इस बार एसीपी प्रद्युमन किसी और के कत्ल की जांच नहीं बल्कि दया की हत्या करने वाले अभिजीत का केस सॉल्व करने वाले हैं। शो में नया ट्विस्ट आने वाला है, जो लेटेस्ट प्रोमो से साफ हो गया है।

# जानलेवा बीमारी में की शूटिंग, कभी किसिंग सीन नहीं फिल्माया, फिल्म में छोटे कपड़े पहनने से मना किया : रवीना

**'मैं पर्दे पर किसिंग सीन्स को लेकर कंफर्टेबल नहीं हूं। मेरी एक बाउंड्री है, मैं उसे कभी क्रॉस नहीं कर सकती। एक फिल्म में मुझे शॉर्ट ड्रेस पहनने को कहा गया। मैंने साफ मना कर दिया। मुझे लगता है कि सुंदर दिखने के लिए छोटे कपड़े पहनना जरूरी नहीं है। फिल्में कहानियों से चलती हैं, न कि हीरोइनों के छोटे कपड़े पहनने से।' रवीना टंडन ने 50वें जन्मदिन पर दिए इंटरव्यू में यह बात कही। 26 अक्टूबर, 1974 को जन्मीं रवीना के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन इन्होंने अपने उसूलों से कभी समझौता नहीं किया। एक वक्त पर रवीना की खूबसूरती के काफी चर्चे थे। यहां तक की पड़ोसी देश पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भी इनकी सुंदरता के कायल थे। रवीना टंडन कभी भी एक्टिंग फील्ड में नहीं आना चाहती थीं। वे आईपीएस ऑफिसर बनना चाहती थीं। देश की पहली महिला आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी की बहुत बड़ी फैन थीं। एक दिन उन्हें सलमान खान के अपोजिट फिल्म करने का ऑफर मिला। फिल्म के प्रोड्यूसर जी.पी. सिप्पी ने रवीना के पिता को फोन कर दिया था। यह फिल्म थी- पत्थर के फूल। समय था 1991 का। जो लड़की कभी एक्टिंग करना ही नहीं चाहती थी, वो देखते ही देखते 90 के दशक की सबसे बड़ी हीरोइनों में शुमार हो गई।**

### बालों में तेल और दो चोटी करके स्कूल जाती थीं रवीना

रवीना ने कहा, 'आप यकीन नहीं करेंगे, बचपन में मैं बहुत मोटी थी। बालों में तेल और दो चोटी करके स्कूल जाती थी। किसी को नहीं लगा था कि मैं कभी एक्ट्रेस बन पाऊंगी। मेरे से ज्यादा मेरा भाई एक्टिंग में इंटरेस्टेड था। मेरा मन एक्टिंग नहीं, डायरेक्शन में था।'

### इंटर्नशिप करने बाहर निकलीं, तब सही मायनों में बाहरी दुनिया से परिचय हुआ

रवीना ने आगे कहा, 'जब 8वीं में थी, तभी पापा को एक फिल्म के लिए असिस्ट किया था। 10वीं के बाद मैं प्रहलाद कक्कड़ (जाने-माने ऐड डायरेक्टर) के अंडर इंटर्नशिप करने लगी। वहां से ऐड फिल्म मेकिंग, प्री और पोस्ट प्रोडक्शन जैसी चीजें सीखने को मिलीं। इस दौरान मेरा परिचय बाहरी दुनिया से हुआ। पहली बार ट्रेन और बस में ट्रैवल किया, लोगों से मिलना-जुलना हुआ। एक तरह से पहली बार मुझे बाहरी एक्सपोजर मिला।'

### सहेलियां कहने लगीं- बस एक फिल्म कर लो, सलमान के साथ फोटो दिलवा दो

जब रवीना का फिल्मों में आने का कोई मन नहीं था, फिर ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने इंडस्ट्री जॉइन कर ली? जवाब में उन्होंने कहा, 'उस वक्त महेश भट्ट साहब ने अपनी बेटी पूजा भट्ट को लॉन्च किया था। लोग मेरे पापा से भी कहते थे कि अपनी बेटी को लॉन्च करो। हालांकि, मैं खुद के दम पर काम पाना चाहती थी। मेरे बॉस प्रहलाद कक्कड़ भी कहते थे कि तुम कैमरे के पीछे कब तक रहोगी, तुम्हें आगे आना चाहिए। मैं एक के बाद एक ऑफर्स ठुकराए जा रही थी। तभी मुझे सलमान खान के साथ एक फिल्म पत्थर के फूल ऑफर हुई।

सलमान उस वक्त 'मैंने प्यार किया' की वजह से काफी फेमस हो गए थे। मैंने अपनी कॉलेज फ्रेंड्स को बताया कि मुझे सलमान के साथ फिल्म ऑफर हुई है। सारी सहेलियां खुशी से झूम उठीं और मुझ पर फिल्म साइन करने के लिए प्रेशर बनाने लगीं। आखिरकार मैंने भी पापा से परमिशन ली और फिल्म के लिए हां बोल दिया।

### सलमान के साथ काम तो कर लिया, लेकिन सेट पर झगड़े बहुत हुए

रवीना ने बताया, 'मैं और सलमान सेट पर काफी लड़ते थे। जैसे घर पर भाई-बहन लड़ते थे, वैसे ही सेट पर हम दोनों झगड़ते थे। सलमान मेरी बहुत टांग खिंचाई करता था। मैं चिढ़ भी जाती थी और उससे लड़ने लगती थी। खैर, उस वक्त हम दोनों के अंदर बचपना था। अब समय के साथ हमारे बीच काफी अच्छी दोस्ती हो गई है।'





### सलमान की तरह रवीना ने भी कभी पर्दे पर किसिंग सीन नहीं दिया

रवीना टंडन और सलमान खान के बीच एक बात कॉमन है। दोनों ने पर्दे पर कभी किसिंग सीन नहीं दिया। इस बारे में रवीना कहती हैं, 'अच्छा, मुझे नहीं पता था कि सलमान ने भी कभी पर्दे पर किस नहीं किया है। खैर, किसिंग वगैरह बहुत पर्सनल चीजें हैं। मैं पर्दे पर किसिंग सीन्स को लेकर कंफर्टेबल नहीं हूं। अब जिस चीज को लेकर मैं कंफर्टेबल नहीं हूं, वो मैं कभी नहीं कर सकूंगी। मेरी एक बाउंड्री है, जिसे मैं कभी क्रॉस नहीं कर सकती।

### शाहरुख की फिल्म में शॉर्ट ड्रेस पहनने को कहा गया

रवीना ने आगे कहा, मुझे शाहरुख खान की एक फिल्म में शॉर्ट ड्रेस पहनने को कहा गया था। मैंने साफ मना कर दिया। मैं उस फिल्म का नाम लेना नहीं चाहूंगी। मुझे लगता है कि सुंदर दिखने के लिए छोटे कपड़े पहनना जरूरी नहीं है। मेकअप और ड्रेसिंग स्टाइल अच्छी होगी, तो सुंदरता अपने आप निखरकर सामने आएगी। आप स्क्रीन पर कितनी भी छोटी ड्रेस पहन लो, अगर कहानी में दम नहीं होगा तो फिल्म नहीं चलेगी।'

### खुली जीप में ट्रैवल करती थीं रवीना, रुक कर देखते थे लोग

रवीना टंडन खुली जीप में कॉलेज जाती थीं। जब वो रास्ते से गुजरतीं तो देखने वालों की लाइन लग जाती। रवीना ने कहा, 'मेरे पास एक महिंद्रा जीप थी, मैं उसी से कॉलेज जाती थी। पापा ने मुझे ड्राइविंग सिखाई थी। वे मुझे गाड़ी से ज्यादा गाड़ी के टूल्स के बारे में जानकारी देते थे। वे मुझे स्टेपनी चेंज करने से लेकर वाटर कूलेंट और ओवर हीटिंग सहित बहुत सारी चीजें बताते थे।'

## बड़े बजट की एक्शन फिल्मों के लिए तैयार नहीं वरुण : बोले- उस पोजीशन पर नहीं पहुंचा, अभी मिड लेवल की एक्शन फिल्म ही अच्छी है



वरुण धवन ने हाल ही में बड़े बजट की एक्शन फिल्मों को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वह अभी इंडस्ट्री में उस लेवल तक नहीं पहुंचे, जहां बड़े बजट की एक्शन फिल्मों से होने वाली कमाई को सही ठहराया जा सके। कुछ प्रोड्यूसर ऐसे हैं, जिनकी फिल्मों के लिए ज्यादा बॉक्स ऑफिस रिटर्न की जरूरत होती है।

इंस्टेंट बॉलीवुड से बातचीत में वरुण धवन से पूछा गया कि बड़े बजट की एक्शन फिल्मों को लेकर उन्हें खुद पर सेल्फ डाउट होता है? इस पर वरुण ने कहा, 'मुझे पता है कि अभी में किस पोजीशन में हूं। हां मैं एक्शन फिल्म कर सकता हूं। बहुत सारी एक्शन फिल्में की हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अभी में उस लेवल पर नहीं पहुंचा हूं, जहां बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिटर्न दे सकूं।'

वरुण धवन ने कहा, 'मेरे लिए अभी मिड लेवल की एक्शन फिल्म अच्छी हो सकती है, क्योंकि मिड बजट फिल्में भी अच्छा प्रभाव डालती हैं।'

वरुण धवन ने आदित्य चोपड़ा के साथ एक खास बातचीत का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने बताया कि सफल बड़े बजट की फिल्मों के लिए क्या जरूरी होता है। वरुण ने कहा कि एक्शन फिल्मों, खासकर जिनका बजट बहुत ज्यादा होता है। उनके लिए बड़ा पैसा और अच्छा काम जरूरी है। आपको बहुत मेहनत करनी पड़ती है, क्योंकि आप अपने ऑडियंस को निराश नहीं कर सकते।

वरुण धवन की मानें तो इस समय उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर उतनी कमाई नहीं कर रही है, जो एक बड़े बजट की फिल्मों के लिए जरूरी है। खासकर इंडस्ट्री के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए।

## हाउसफुल 5 में अक्षय सर की हीरोइन बनना सपने जैसा, पहले सिर्फ एक ऐड किया था : सौंदर्या शर्मा

**रांची डायरीज, रक्तांचल 2 और बिग बॉस 16 का हिस्सा रह चुकीं एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा अब बड़े पर्दे पर हाउसफुल 5 जैसी बड़ी फिल्म में अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। इस सुनहरे मौके को लेकर बेहद उत्साहित सौंदर्या ने हमसे की खास बातचीत की। उन्होंने अपने फिल्मी सफर के बारे में बताया। साथ ही रिजेक्शन पर भी बोलीं। बॉलीवुड में बिना किसी गॉडफादर के अपने दम पर जगह बनाने की कोशिश करने वाले एक उभरते हुए कलाकार के लिए बड़े बजट की फिल्म में बड़े स्टार के साथ काम करना किसी सपने से कम नहीं है, लेकिन डेंटिस्ट की पढ़ाई करके एक्टिंग में हाथ आजमाने वाली एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा ने अपना यह सपना सच कर दिखाया है। वेब सीरीज रक्तांचल 2 और टीवी रिएलिटी शो बिग बॉस 16 का हिस्सा रह चुकीं सौंदर्या बहुचर्चित फिल्म हाउसफुल 5 में सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। जाहिर है, इस सुनहरे मौके को लेकर सौंदर्या खुशी से अभिभूत हैं।**



**बिग बॉस ने दिलाई हाउसफुल 5 में एंट्री :** फिल्म रांची डायरीज से एक्टिंग करियर शुरू करने वाली सौंदर्या कहती हैं, मेरे जैसे नए एक्टर के लिए इससे बड़ा मौका नहीं हो सकता। यह मेरे लिए अपना टैलंट दिखाने का सुनहरा मौका है, क्योंकि हम आउटसाइडर्स के भीतर एक्टिंग इतनी भरी रहती है कि हम इंतजार ही कर रहे होते हैं कि बस एक मौका मिले तो हम दिखा देंगे। इसलिए, मैं भगवान, अपने पैरेंट्स और गॉड सिस्टर वर्दा नाडियाडवाला (निर्माता साजिद नाडियाडवाला की पत्नी) की बहुत शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। उन्होंने मुझे बिग बॉस में देखा था और हाउसफुल 5 के लिए बुलाया। मेरे लिए वह भगवान की भेजी हुई दूत जैसी हैं। मैंने अक्षय कुमार सर के साथ पहले एक ऐड किया था लेकिन उनकी हीरोइन बनना सपना सच होने जैसा है। अक्षय सर कमाल के एक्टर हैं। उनके साथ काम करके बहुत मजा आ रहा है। हमने पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है, जल्द ही दूसरा शेड्यूल शुरू होने वाला है। मैं अपने रोल के बारे में ज्यादा नहीं बता सकती, पर लोग मुझे इसमें पहचान नहीं पाएंगे। मेरा रोल बहुत ही अलग है।

**मेनस्ट्रीम हीरोइन बनने के लिए कई ऑफर्स ठुकराए :** बिग बॉस 16 के बाद सौंदर्या किसी दूसरे प्रॉजेक्ट में नजर नहीं आईं? इसकी वजह पूछने पर वह बताती हैं, असल में, यहां तक पहुंचने के लिए मैंने बहुत काम छोड़ा है। रक्तांचल 2 और बिग बॉस के बाद मेरे पास बहुत काम आ रहा था लेकिन मैंने नहीं किए। जबकि, सच कहूं तो मेरे जैसे एक्टर के लिए, जिसे इंडस्ट्री के बारे में कुछ पता नहीं, काम को मना करना आसान नहीं होता। लोगों को लगता है कि इसका दिमाग चढ़ गया, काम आना भी कम हो जाता है। सब लोग मुझे बोलते थे कि तुम पागल हो? बाकी सब ये काम कर ही रहे हैं। लंबे समय में यह मैटर नहीं करेगा। अभी पैसे कमा लो, पर मेरे दिल ने बोला कि आप जो काम करते जाओगे वो हमेशा रह जाएगा। काम करने में कोई बुराई नहीं है लेकिन इंडस्ट्री में आप टाइपकास्ट भी हो जाते हैं तो मुझे वह डर था। मेरी हालत दोधारी तलवार पर चलने जैसी थी।

कई बार मैं बहुत परेशान होती थी, रोती थी, क्योंकि कोई समझाने वाला नहीं था, फिर भी मैंने अपने दिल की सुनी। मैंने हमेशा खुद को एक मेनस्ट्रीम हीरोइन के तौर पर देखा है। मैंने इस चीज को मेनिफेस्ट किया है, तो मेरे लिए रास्ता बहुत मुश्किल रहा है, लेकिन भगवान ने मेरी शिद्दत देखी और यह मौका मिल गया।

# पैप कल्चर बिग बॉस के घर में रहने जैसा लगता है, मगर शिकायत नहीं : कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन आज के दौर के उन अभिनेताओं में से हैं, जो हर बार अलग रंग की भूमिकाएं करने में यकीन करते हैं। कुछ अरसा पहले बायोपिक चंदू चैंपियन के बाद अब वे अपनी नई हॉरर-कॉमिडी भूल भुलैया 3 के साथ आ रहे हैं।

**आपके लिए उस वक्त सबसे मुश्किल क्या था, जब आप लगातार ऑडिशन दे रहे थे, स्टेशन और मॉल पर कपड़े बदला करते थे?**


सबसे मुश्किल तो अपनी जगह बनाना और किसी के नोटिस में आना था। मेरे लिए ऐसा नहीं था कि लोग मेरे लिए फिल्म बनाने को बैठे हैं। मेरा यहां कोई जानने वाला नहीं था। मुझे अपनी प्लेट खुद बनानी पड़ी। शुरू में ही मुझे इतने सारे रिजेक्शन मिलते थे, मगर मैंने हमेशा खुद पर विश्वास रखा। मैं सोचता था कि कभी न कभी ये मौका जरूर आएगा। वही करते-करते मुझे दो -ढाई साल निकल गए। अंतत: मुझे प्यार का पंचनामा मिली। मगर उसके लिए मुझे कई तरह के पापड़ बेलने पड़े। लगातार ऑडिशन देने पड़े, ट्रेन के धक्के खाना और वो भी बिना ये जाने कि कब मौका मिलेगा, बहुत ही कठिन दौर था। हालांकि उस दौर से मैंने सब्र और खुद पर यकीन रखना सीखा।

**आप अभिनय के विभिन्न रंगों में खुद को साबित कर चुके हैं। इसके बावजूद लगातार अक्षय कुमार के साथ होने वाली तुलना के बारे में क्या कहेंगे?**

मैं हर बार यही कहता हूं कि मैं अक्षय सर का फैन हूं। मेरी तो समझ में नहीं आता कि मैं इस चीज का रिएक्शन कैसे दूं, उसके कई अर्थ निकाले जा सकते हैं। मगर उनसे मेरी तुलना संभव ही नहीं है, क्योंकि उनके अभिनय का सफर इतना लंबा और अद्भुत रहा है, उन्होंने इतने सालों से राज किया है, तो वो कंपेरिजन गलत है। मैं खुद को अभी भी नया ही मानता हूं। वे इतने सालों से यहां और इतना कमल का काम कर रहे हैं, जिनसे हम सीखते हैं।, तो जब भी ये सवाल आता है, तो मेरे लिए एक अजीब-सी सिचुएशन आ जाती है। मुझे लगता है, ज्यादातर ये कंपेरिजन भूल भुलैया फ्रेंचाइजी के कारण आते हैं।

**ग्लैमर इंडस्ट्री की सबसे बड़ी विडंबना की बात है कि स्टार का स्टारडम खत्म होने के बाद, तो दिलीप कुमार, राजेश खन्ना सरीखे अदाकारों को तक भुला दिया जाता है, ये पहलू आपको डराता है?**

सच कहूं, तो मैं ऐसी चीजें सोचता नहीं हूं। मैं आज के पल में जीने में यकीन करता हूं। मैं सफलता और असफलता से बहुत अधिक नहीं जुड़ता। ज्यादा से ज्यादा एक हफ्ता, बस उसके बाद मैं अगले काम पर लग जाता हूं। अगर मैं चंदू चैंपियन की बात करूं, तो मैंने पूरे डेढ़ साल तक इस किरदार पर खुद को न्योछावर किया। मगर फिल्म की रिलीज के एक हफ्ते बाद मैंने भूल-भुलैया 3 की शूटिंग शुरू कर दी थी। अब मैं भूल भुलैया के प्रमोशन में मसरूफ हूं और इसकी रिलीज के बाद अपनी अगली फिल्म में जुट जाऊंगा। इससे जुड़ी कामयाबी -नाकामी या फिर बीस साल बाद क्या होगा, वो मैं सोच ही नहीं पाता।



**मगर कोई न कोई ना कोई नाइट मेयर (बुरा ख्वाब) तो होगा आपका?**


हां, है न। फिल्म का न चलना नाइटमेयर ही है। मगर इसे भी नाइटमेयर कहना ठीक नहीं होगा। असल में बहुत बुरा लगेगा, दुख होगा। जाहिर-सी बात है कि हम फिल्म पूरे दिल से बनाते हैं और इसी उम्मीद के साथ कि वो चलेगी और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी, मगर ऐसा नहीं होता, तो बहुत बड़ी बात हो जाती है।

**आज के सोशल मीडिया और पैप कल्चर में लगातार कैमरे की निगरानी में रहना कैसा लगता है?**

ऐसा लगता है, जैसे बिग बॉस के घर आ गया हूं। आपकी हर मूवमेंट को कैमरे में कैद किया जा रहा है और आपके बारे में बात हो रही है। मगर मुझे इससे कुछ शिकायत नहीं है न ही मुझे बुरा लगता है। मैं यहां आया ही था ये सब पाने के लिए। इसे मैं इस इंडस्ट्री का पार्ट एंड पार्सल ही मानता हूं। चाहे मुझ पर निगरानी हो या पैप कल्चर हो, मुझे इससे कोई शिकायत नहीं है, मुझे इतना प्यार मिल रहा है, अटेंशन मिल रहा है। मैं इन्हीं चीजों के लिए तरसता था और आज जब लोग मेरा नाम जान गए हैं, तो मुझे अच्छा लगता है। किसी को फोटोज, आर्टिकल या सेल्फी चाहिए, तो मुझे वो देना पसंद है। मैं हमेशा से चाहता था कि मेरे पोस्टर लगें और मेरी फिल्मों की बातें हों और अब वो हो रहा है, तो फिर मेरा शिकायत करना नहीं बनता।

**भूल भुलैया 2 कोविड में रिलीज हुई थी और उसने बंपर कमाई की थी, क्या भूल भुलैया 3 इस बार भी बॉक्स ऑफिस पर हंगामा मचाएगी?**

भूल भुलैया 2 जब आई थी, तब उसके साथ बहुत ही कम उम्मीदें थीं। लोगों ने उसके बारे में अपनी राय पहले से बना ली थी। और जब वो रिलीज हुई, तो उसने बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड ब्रेक किए और हाउसफुल के बोर्ड वापस आए। अब भूल भुलैया 3 लेकर आ रहे हैं, तो नो एक्सपेक्टेशन से हाइ एक्सपेक्टेशन पर बात चली गई है, तो वो जो अपेक्षाएं और उम्मीदें हैं, उसे हमारे लिए भी पचाना थोड़ा-सा चुनौती पूर्ण है। यह उस तरह की फेस्टिव फिल्म है, जिसे आप अपने परिवार के साथ जाकर इंजॉय कर सकते हो।



आदमी वो खतरनाक नही जो ऊंचा बोलता है, खतरनाक वो है जो कानों में बोलता है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त ममता बनर्जी, पुलिस को दिए बड़े निर्देश, कहा- मैं सांप्रदायिक तनाव नहीं चाहती

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस से राज्य में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने का आग्रह किया है। उन्होंने दावा किया था कि कुछ बदमाश आगामी काली पूजा, दिवाली और छठ पूजा समारोहों के दौरान अशांति पैदा करने की योजना बना रहे हैं। हालाँकि उन्होंने इसमें शामिल लोगों की पहचान उजागर नहीं करने का फैसला किया, लेकिन उन्होंने खुफिया प्रयासों को मजबूत करने और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की मौजूदगी बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। बनर्जी ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी उत्सव के माहौल का फायदा उठाकर अशांति पैदा न कर सके।

चक्रवात दाना से प्रभावित सात जिलों में स्थिति का आकलन करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से बात करते हुए उन्होंने सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, मैं बंगाल में सांप्रदायिक तनाव नहीं चाहती। पुलिस किसी भी उकसावेबाज के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी, लेकिन मैं मीडिया से आग्रह करती हूं कि इसे सनसनीखेज न बनाएं। कृपया जनता को भड़काने से बचें। ओडिशा और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों में शुक्रवार को तूफान के गुजर जाने के बाद उड़ानें, रेलगाड़ियां और बस सेवाएं शीघ्र ही बहाल हो गईं, क्योंकि अधिकारी चक्रवात के कारण उत्पन्न व्यवधानों का आकलन करने और उन्हें दूर करने में लगे हुए थे। चक्रवात आधी रात के बाद धामरा और भीतरकनिका के बीच पहुंचा था।

# शोक सभा में जा रहे पिता-पुत्र समेत 3 की मौत : कार-पिकअप में भिड़ंत; गाड़ी में बुरी तरह फंसे शव, बच्चे समेत दो घायल

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर)।** श्रीगंगानगर में शनिवार सुबह 7 बजे कार-पिकअप की आमने-सामने भिड़ंत में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। कार में चार लोग सवार थे। एक 12 साल का बच्चा घायल है। वहीं, पिकअप ड्राइवर घायल हो गया। हादसा अनूपगढ़ में नेशनल हाईवे-911 पर हुआ। हादसे में मरने वाले लोग शोक सभा में शामिल होने जा रहे थे। एएसआई ग्यारसी लाल मीना ने बताया कि एक्ससीडेंट में कार सवार पिता-पुत्र और भांजे की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे शवों को बाहर निकाला।

## ड्राइवर बोला- ट्रॉली को ओवरटेक करने की कोशिश में हादसा

पिकअप ड्राइवर करनी सिंह (32), निवासी वार्ड 10, सूरतगढ़ ने बताया- मैं घड़साना से अनूपगढ़ सब्जी लेकर जा रहा था। गांव 15 ए के बस स्टैंड के पास पहुंचते ही अनूपगढ़ से घड़साना की ओर जा रही एक स्विफ्ट कार ने सामने चल रही ट्रॉली को ओवरटेक किया। इस दौरान कार बेकाबू होकर सीधे मेरी पिकअप से टकरा गई। पिकअप भी आगे जा रही ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने सूचना पुलिस को दी। एएसआई ग्यारसी लाल ने बताया- हादसे की जानकारी मृतकों के परिजनों को दी गई। घायलों का अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। शवों को मॉर्च्युरी में रखवाया है। परिजनों के आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हादसे में श्रीगंगानगर निवासी कार ड्राइवर प्रभु दयाल (40), उसके पिता ओमप्रकाश (65) पुत्र हनुमान, ममेरा भाई बलबीर राम (45) पुत्र हनुमान की मौके पर ही मौत हो गई। कार ड्राइवर प्रभु का भतीजा प्रशांत (12) और पिकअप ड्राइवर करणी सिंह (32) घायल हो गए।

# इजरायल द्वारा ईरान : भारत ने पश्चिम एशिया में शत्रुता कम करने का किया आह्वान, कहा- संयम बरतें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने शनिवार को इजरायल द्वारा ईरान पर हमले किए जाने के बाद मध्य पूर्व में तनाव पर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और क्षेत्र तथा उससे परे शांति और स्थिरता पर इसके प्रभाव से बेहद चिंतित हैं। हम सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने और बातचीत तथा कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान दोहराते हैं। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि चल रही शत्रुता किसी के लिए भी लाभकारी नहीं है, जबकि निर्दोष बंधकों और नागरिक आबादी को लगातार कष्ट झेलना पड़ रहा है। क्षेत्र में हमारे मिशन भारतीय समुदाय के संपर्क में हैं।

शनिवार को, इज़राइल ने ईरान में सैन्य स्थलों को निशाना बनाया। ढ्ढष्ठस्न ने कहा कि उसके दर्जनों जेट विमानों ने मिसाइल कारखानों और अन्य स्थलों पर भोर से पहले तीन बार हमले किए। एपी की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने दावा किया कि उसके हवाई सुरक्षा बलों ने हमले का सफलतापूर्वक मुकाबला किया, लेकिन दो सैनिक मारे गए और कुछ स्थानों को सीमित क्षति हुई। तेहरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान को अपनी रक्षा करने का अधिकार और दायित्व है, लेकिन साथ ही कहा कि वह क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पहचानता है, जो कि पिछले तनावों की तुलना में अधिक समझौतापूर्ण बयान है।

# नागौर में पति ने पत्नी की गोली मारकर हत्या की:देशी बंदूक से ली जान, घरेलू कलह से था परेशान

बढ़ता राजस्थान

**नागौर (नि.स.)।** नागौर जिले के भावंडा गांव में माणकपुर की सरहद पर पति ने पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ दिनों से पारिवारिक कलह चल रही थी। जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि शनिवार दोपहर ढाई बजे भावंडा थाना इलाके में पति ने देशी बंदूक से गोली मारकर पत्नी की हत्या कर दी। भावंडा थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि घरेलू कलह के चलते पति रईस नट ने नशे में पत्नी को गोली मार दी, जिससे पत्नी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। आरोपी रईस नट(45) भाकरोद गांव का निवासी है। आरोपी परिवार सहित भावंडा में महेंद्रसिंह राजपुरोहित के ट्यूबवैल पर पिछले 6 महीने से कृषि कार्य कर रहा है। शनिवार को दोपहर में घरेलू कलह के चलते रईसराम नट ने अपनी पत्नी पपुड़ी(40) की गोली मारकर हत्या कर दी, जिससे मौके पर ही पपुड़ी की मौत हो गई। ट्यूबवैल मालिक ने भावंडा थाने में घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने बेंगलुरु में नमः शिवाय परायण में उपस्थित लोगों को संबोधित किया

# धर्म भारतीय संस्कृति की सबसे मौलिक अवधारणा है : उपराष्ट्रपति

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि धर्म, भारतीय संस्कृति की सबसे मौलिक अवधारणा है, जो जीवन के सभी पहलुओं का मार्गदर्शन करती है। उन्होंने कहा कि धर्म का मार्ग, मार्ग और गंतव्य तथा लक्ष्य दोनों का प्रतिनिधित्व करता है जो दिव्य प्राणियों सहित अस्तित्व के सभी क्षेत्रों पर लागू होता है और धार्मिक जीवन के लिए काल्पनिक आदर्श की जगह व्यावहारिक आदर्श के रूप में कार्य करता है। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए कहा कि सनातन का अर्थ है सहानुभूति और सहानुभूति, करुणा, सहिष्णुता, अहिंसा, सदाचार, उदात्तता और धार्मिकता ये सभी एक शब्द समावेशिता में समाहित हैं। कर्नाटक के बेंगलुरु में सुवर्ण भारती महोत्सव के हिस्से के रूप में श्रृंगेरी शारदा पीठम द्वारा आयोजित नमः शिवाय पारायण में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने मंत्र कॉस्मोपॉलिस को एक दुर्लभ और शानदार आयोजन बताया जो मन, हृदय और आत्मा को गहराई से जोड़ता है और सभी के साथ सद्भाव में रहता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मानवता की सबसे प्राचीन और निरंतर मौखिक परंपराओं में से एक वैदिक मंत्रोच्चार हमारे पूर्वजों के गहन आध्यात्मिक ज्ञान के लिए एक जीवंत



कड़ी के रूप में कार्य करता है। इन पवित्र मंत्रों की सटीक लय, स्वर और कंपन एक शक्तिशाली प्रतिध्वनि पैदा करते हैं जो मानसिक शांति और पर्यावरणीय सद्भाव लाता है।

उन्होंने आगे कहा कि वैदिक छंदों की व्यवस्थित संरचना और जटिल उच्चारण नियम, प्राचीन विद्वानों की वैज्ञानिक परिष्कार को दर्शाते हैं। लिखित अभिलेखों के बिना संरक्षित यह परंपरा, पीढ़ियों तक मौखिक रूप से ज्ञान संचारित करने की भारतीय संस्कृति की उल्लेखनीय क्षमता को प्रदर्शित करती है, जिसमें प्रत्येक शब्दांश को गणितीय सामंजस्य में सावधानीपूर्वक व्यक्त किया जाता है। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता इसकी विविधता में एकता है, जो समय के साथ विभिन्न परंपराओं के सम्मिश्रण से बनी है। इस यात्रा ने विनम्रता और अहिंसा के मूल्यों को स्थापित किया है। भारत अपनी समावेशिता में अद्वितीय है, जो एकता की भावना के साथ पूरी मानवता का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय संस्कृति का दिव्य सार इसकी सार्वभौमिक करुणा में निहित है, जो वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन में समाहित है। उन्होंने भारत को हिंदू धर्म, सिख धर्म, जैन धर्म और बौद्ध धर्म जैसे प्रमुख धर्मों का जन्मस्थान माना। अतीत में कट्टरपंथियों द्वारा हमारी संस्कृति को बदनाम करने, हमारी संस्कृति को कलंकित करने और हमारे सांस्कृतिक ताने-बाने को नष्ट करने के प्रयासों को याद करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश इसलिए बचा हुआ है क्योंकि हमारी संस्कृति अविनाशी है। आसानी से समझ में आने वाली शिक्षाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति को एकीकृत और मजबूत करने में आदि शंकराचार्य की भूमिका को स्वीकार करते हुए धनखड़ ने कहा कि भारतीय आध्यात्मिकता और दर्शन की कालातीत परंपराओं के पुनरुद्धार के लिए हम आदि शंकराचार्य जी के बहुत बड़े ऋणी हैं। धनखड़ ने बेंगलुरू के पैलेस ग्राउंड में नमः शिवाय पारायण में उपस्थित लोगों का उल्लेख करते हुए कहा, यहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति हमारी संस्कृति का संरक्षक, राजदूत और पैदल सैनिक है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह पारायण इस विश्वास का प्रदर्शन है कि हम अपनी मंत्रोच्चार की प्राचीन परंपरा को गर्व के साथ भावी पीढ़ियों तक पहुंचाएंगे और यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संपदा को दर्शाता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि धन की खोज लापरवाह या आत्म-केंद्रित नहीं होनी चाहिए।

# राहुल और वायनाड के रिश्ते को मजबूत करूंगी : प्रियंका

## वायनाड के लोगों से कहा- फाइटर के रूप में यह मेरी पहली यात्रा नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड के लोगों को ओपन लेटर लिखकर कहा- मैं राहुल और वायनाड के रिश्ते को मजबूत करूंगी। उन्होंने एक्स पर शेयर किए गए लेटर में लिखा- जन प्रतिनिधि के रूप में यह मेरी पहली यात्रा रहेगी, लेकिन फाइटर के रूप में यह मेरी पहली यात्रा नहीं होगी। लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक रायबरेली सीट को चुना और वायनाड छोड़ दी। इसके बाद कांग्रेस ने राहुल की बहन प्रियंका गांधी को टिकट दिया। प्रियंका पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने उनके खिलाफ नाव्या हरिदास को उतारा है। यहां 13 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे।



### प्रियंका का वायनाड के लोगों को लेटर के 3 बातें...

- कुछ महीने पहले, मैं अपने भाई के साथ चूरामाला और मुंदक्कई गई थी। मैंने भूस्खलन से हुई तबाही और नुकसान को देखा। मैं उन बच्चों से मिली, जिन्होंने अपने परिवारवालों को खो दिया था। मैं उन माताओं से मिली, जो अपने बच्चों और परिवारों के लिए शोक मना रही थीं, जिनका पूरा जीवन प्रकृति के प्रकोप में बह गया था।
- फिर भी, आप पर आई त्रासदी के अंधेरे के बीच, जो चीज मुझे दिखाई दी, वह थी एक समुदाय के रूप में आप लोगों का साहस और धैर्य। आप एक ऐसी ताकत के साथ एकजुट हुए, जो मैंने पहले कभी नहीं देखी थी। डॉक्टर, जन प्रतिनिधि, स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, नर्स, हाउस वाइफ, हर कोई एक-दूसरे की मदद करने के लिए जो कुछ भी संभव था, कर रहा था।
- कोई भी एक-दूसरे पर दोष नहीं मढ़ रहा था। गुस्से में कोई नहीं था। कोई भी लालच नहीं दिखा रहा था। इतनी बड़ी त्रासदी की लाचारी में भी आप लोग सहयोग कर रहे थे। एक-दूसरे को सांत्वना दे रहे थे और मानवता के उच्चतम मानकों तक बढ़ रहे थे। आपकी बहादुरी ने मुझे गहराई से छुआ।
- जब मैं घर लौट रही थी, तब मुझे लगा कि संसद में आपका प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। आपसे सीखना, आपके जीवन और आपके सामने आने वाली चुनौतियों को समझना और इस साहसी समुदाय का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। आप लोग एक-दूसरे का सम्मान करना और कठिन समय में मजबूती से खड़ा होना जानते हैं।

### राहुल ने वायनाड के लोगों की चुनौतियों के बारे में बताया

- राहुल ने गर्व और दुख के साथ मुझसे वायनाड से लड़ने के लिए कहा। आपके मूल्यों, आपकी संस्कृति और राहुल के साथ आपके गहरे रिश्ते को लेकर राहुल को गर्व था, लेकिन आपको छोड़कर जाने का उन्हें दुख भी था। मैंने उनसे वादा किया कि मेरा काम इस रिश्ते को और मजबूत करेगा।
- मैंने राहुल से कहा कि संसद में जिस तरह से आप प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं, उसी तरह से मैं प्रतिनिधित्व करने के लिए हर संभव कोशिश करूंगी। उन्होंने मुझे आपके संघर्षों के बारे में विस्तार से बताया और वायनाड में ध्यान देने और समाधान की आवश्यकता वाले कई मुद्दों के बारे में जानकारी दी।
- राहुल खेती और आदिवासी समुदायों के सामने आने वाली कठिनाइयों के बारे में चिंतित थे। मुझे उम्मीद है कि मैं इन चुनौतियों का सामना करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करूंगी। राहुल और मैं मिलकर आपकी क्षमताओं को बढ़ाने और आपके भविष्य को मजबूत बनाने के लिए नए अवसर पैदा करने की दिशा में काम करेंगे।

# महाराष्ट्र चुनाव : बीजेपी की दूसरी सूची जारी 22 उम्मीदवारों के नाम का किया ऐलान



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को 22 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी कर दी। इससे पहले भगवा पार्टी ने अपनी पहली सूची में 99 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे।

2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 105 सीटें, शिवसेना ने 56 और कांग्रेस ने 44 सीटें जीतीं। 2014 में भाजपा ने 122 सीटें, शिवसेना ने 63 और कांग्रेस ने 42 सीटें हासिल की थीं। भाजपा की दूसरी लिस्ट आने के बाद नासिक सेंट्रल सीट को लेकर लग रहीं अटकलों पर विराम लग गया है। पार्टी ने अपनी मौजूदा विधायक देवयानी फरांदे को फिर से टिकट दिया है। सूची में सात मौजूदा विधायक शामिल हैं। प्रकाश भारसाकाले (अकोट), देवयानी फरांडे (नासिक सेंट्रल), कुमार अयालानी (उल्हासनगर), रवींद्र पाटिल (पेन), भीमराव तापकिर (खडकवासला), सुनील कांबले (पुणे छावनी), और समाधान औताडे (पंढरपुर) इसमें मौजूद हैं। इसके साथ ही, भाजपा ने अपनी प्रारंभिक सूची में 99 सीटों के बाद कुल 121 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। महायुति गठबंधन, जिसमें भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल है, ने अभी तक सीट बंटवारे के विवरण को अंतिम रूप नहीं दिया है।

## केंद्रीय मंत्री चौहान ने दिल्ली में प्रदूषण से होने वाली भयानक समस्या से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की

# हम मिलकर सामूहिक प्रयास करेंगे जिससे पराली जलाने की घटना पर काबू पा सकें : शिवराज

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली में हर साल प्रदूषण से होने वाली भयानक समस्या से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की। केंद्रीय वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के कृषि मंत्री, दिल्ली के वन पर्यावरण मंत्री, राज्यों के मुख्य सचिव और कृषि सचिव सहित प्रमुख अधिकारी इस बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। चौहान ने बताया कि पिछले साल से इस साल तक पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में पंजाब में 35त्न कमी आई है। हरियाणा में 21त्न कमी आई है। 2017 के मुकाबले पराली जलाने की घटनाओं में भी 51त्न से भी ज्यादा की कमी आई है लेकिन अभी लगातार ध्यान देने की जरूरत है। राज्यों ने बताया कि वह लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं, उनके नोडल अफसर तय हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन कर रहे हैं और सरकारें अपनी ओर से भी जन जागरण के सारे प्रयत्न कर रही हैं। केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया कि पराली जलाने से नुकसान होता है, आग लगने से गन्ने के पत्ते या बाकी चीज भी जलती हैं, आग लगने से फसल के अलावा धरती मां का



स्वास्थ्य भी बिगड़ा है, कीट भी मारे जाते हैं, धरती कड़ी हो जाती है, उर्वरकता कम होती जाती है। उन्होंने कहा कि व्यापक पैमाने पर जन जागरण अभियान चल रहा है। उसे और प्रभावी ढंग से केंद्र और राज्य मिलकर कैसे चलाएं, उसका प्रयत्न करेंगे। पिछले वर्षों में सब्सिडी पर केंद्र सरकार ने 3 लाख से ज्यादा मशीनें दी हैं। जो जलाने की बजाए पराली प्रबंधन का काम करती हैं। उन मशीनों का प्रभावी प्रयोग किया जाएगा और किया भी जा रहा है। कई बार छोटे किसानों तक इन मशीनों की पहुंच नहीं हो पाती है, जिनके पास छोटे खेत होते हैं वे कस्टम हायरिंग सेंटर से मशीनें लेकर कैसे पराली का प्रबंधन कर पाएं, जैसे पराली को खेत में ही दबा दें तो वह खाद बन जाती है, समस्या की वजह वह वरदान बन जाती है। उस पर भी कैसे छोटे किसानों की पहुंच बढ़े आदि कई विषयों भी बातचीत हुई। चौहान ने बताया कि बायो डी कंपोजर का उपयोग अधिकतम करें, उसे हम मिशन मोड में बढ़ावा देने का प्रयत्न करेंगे। आसपास के उद्योगों की मांग के आधार पर मैपिंग के माध्यम से पराली के एक्ससी2 उपयोग को बढ़ावा देने चर्चा हुई, हम मिलकर सामूहिक प्रयास करेंगे जिसके कारण पराली जलाने की घटना पर काबू पा सकें। उन्होंने कहा कि केवल पराली ही नहीं कई बार पटाखे भी अनियंत्रित संख्या में जलाए जाते हैं तो उसका भी असर पर्यावरण पर बहुत प्रभाव पड़ता है। उसको भी कैसे रोका जाए जैसे अनेकों प्रयत्नों पर बातचीत हुई है। प्रयत्नों के परिणाम भी लगातार सामने आ रहे हैं पराली की लगातार जलने की घटनाएं भी कम हो रही हैं और सब ने संकल्प लिया है कि हम प्रभावी उपाय करेंगे जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहे प्रदूषण मानव जीवन के लिए खतरा न बन पाए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com